WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक नव प्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 10 | छत्तीसगढ़ 11 | कारोबार

रायपुर, गुरुवार, 5 दिसंबर 2024 कृष्ण शुक्ल पक्ष-, चतुर्थी, विक्रम संवत -2081 / वर्ष-13 अंक- 292 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने हिन्दुओं से अपनी आबादी बढ़ाने का आव्हान कर एक नया बखेड़ा कर दिया है। जनसंख्या विस्फोट के खतरे को मद्देनजर रखकर दिन दुगनी रात चौगनी रफ्तार से बढ़ती आबादी को नियंत्रित करने की जरूरत है और वे आबादी बढ़ाने की वकालत कर रहे है। भीषण महंगाई के दौर में दो बच्चों का पालन करना मुश्किल है और वे कम से कम तीन बच्चे पैदा करने की अपील कर रहे हैं। यदि लोग चादर से बहार पैर फैलाएंगे तो गरीबी में आटा गीला होने वाली कहावत ही चरितार्थ होगी।

देवेंद्र फडणवीस आज लेंगे महाराष्ट्र के सीएम पद की शपथ

■ एकनाथ शिंदे महायुति सरकार में बनेंगे डिप्टी सीएम, समारोह शाम साढ़े पांच बजे होगा

मुंबई (वार्ता)। महाराष्ट्र शासन की बागडोर एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र सरिता गंगाधरराव फडणवीस के हाथ में सौंपने की तैयारी पूरी हो चुकी है। शपथग्रहण समारोह यहां ऐतिहासिक आजाद मैदान में होगा।

महाराष्ट्र की महायुति सरकार में शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे को लेकर बना सस्पेंस आखिरकार खत्म हो गया है। गुरुवार को भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। वहीं शिवसेना सूत्रों ने दावा किया है कि एकनाथ शिंदे भी एनसीपी नेता अजित पवार के साथ डिप्टी सीएम बनेंगे। दरअसल महायुति सरकार के गठन में एकनाथ शिंदे के रुख को लेकर काफी दिनों से चर्चा का आलम है।

राज्य के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन फडणवीस को गुरुवार शाम को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाएंगे। फडणवीस का यह मुख्यमंत्री पद के लिए तीसरा शपथ-ग्रहण होगा, लेकिन यह उनकी वास्तविक अर्थों में पूर्ण बहुमत वाली दूसरी सरकार होगी। वह पहली बार 2014-19 तक मुख्यमंत्री रहे। वर्ष 2019 के विधानसभा चुनावों के बाद तत्कालीन राज्यपाल भगत सिंह कोश्यिारी ने उन्हें आनन-फानन में मुख्यमंत्री की शपथ दिलाई थी पर विधानसभा सदस्यों का पर्याप्त समर्थन न होने के कारण उन्हें इस्तीफा देना पड़ा था। फडणवीस ने बुधवार को महाराष्ट्र भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद महायुति गठबंधन के घटक दलों के नेताओं के साथ यहां राजभवन में राज्यपाल को समर्थन की चिट्ठी दी और नयी सरकार बनाने का दावा पेश किया। शेष पृष्ठ 6 पर

सीएम जनदर्शन स्थगित

रायपुर/नवप्रदेश । मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में 5 दिसंबर, गुरुवार को आयोजित होने वाला जनदर्शन कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है। यह निर्णय अपरिहार्य कारणों से लिया गया है। हर गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास कार्यालय जनदर्शन का आयोजन किया जाता है। जनदर्शन में बड़ी संख्या में नागरिक अपनी समस्याओं और शिकायतों को लेकर मुख्यमंत्री से मुलाकात करते हैं।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज दिल्ली के लिए रवाना हो गए। वे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक में शामिल होंगे। इस दौरान सीएम विष्णुदेव साय केंद्रीय नेताओं से मुलाकात भी करेंगे. मुख्यमंत्री साय के साथ उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप भी दिल्ली के लिए रवाना हुए हैं। सीएम विष्णुदेव साय दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात करेंगे। इसके बाद वे केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू के गृह प्रवेश समारोह में शामिल होंगे।

सार्वजनिक स्थानों पर नहीं बिक सकेगा बीफ

नई दिल्ली (ए,)। असम सरकार के मंत्रिमंडल की बुधवार को कैबिनेट बैठक हुई। इसमें तमाम अहम फैसले लिए गए। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने बताया कि असम में रेस्टोरेंट, होटल और सार्वजनिक स्थानों पर गोमांस (बीफ) नहीं बिकेगा। राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में गोमांस उपभोग पर मौजूदा कानून में संशोधन कर नए प्रावधान शामिल करने का निर्णय लिया गया।

भूस्खलन पीड़ितों की मदद के लिए शाह से मिली प्रियंका

नयी दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात करके उन्हें अपने संसदीय क्षेत्र वायनाड में भूस्खलन के कारण लोगों के समक्ष खड़ी हुई स्थिति से उन्हें अवगत कराया और पीडितों की मदद के लिए जरूरी कदम उठाने का आग्रह किया है। वायनाड लोकसभा सीट के लिए हाल में हुए उपचुनाव में भारी मतों से जीतकर संसद पहुंची वाड्रा ने बुधवार को शाह से संसद भवन परिसर में उनके कार्यालय में मुलाकात के बाद पत्रकारों को को बताया कि उन्होंने शाह से राजनीति से ऊपर उठकर वायनाड के लोगों की मदद करने का आग्रह किया है।

भारत ने यूएई को दी शिकस्त

शारजाह (वार्ता)। युद्धजीत गुहा (तीन विकेट), चेतन शर्मा और हार्दिक राज(दो-दो विकेट) की घातक गेंदबाजी के बाद वैभव सूर्यवंशी (नाबाद (76) और आयुष म्हात्रे (67) की आतिशी बल्लेबाजी के दम पर भारत ने बुधवार को अंडर-19 एशिया कप के 12वें मुकाबले में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) 10 विकेट से शिकस्त दी।

निवेशकों के लिए छत्तीसगढ़ में खुला रेड कारपेट : सीएम

रायपुर /नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ में नए नए उद्योगों की स्थापना की व्यापक संभावनाएं हैं। यहां मिनरल्स का विपुल भंडार है, अनुकूल औद्योगिक वातावरण है, साथ ही उद्योग और व्यापार जगत के प्रतिनिधियों से चर्चा कर राज्य की नवीन औद्योगिक विकास नीति 2024-30 तैयार की गई है। इस नवीन नीति में उद्योगों की स्थापना की प्रक्रिया को सरल बनाया गया है और उद्योगों की स्थापना को प्रोत्साहित करने के लिए अनेक प्रावधान शामिल किए गए हैं। नई औद्योगिक नीति के रूप में निवेशकों के लिए रेड कारपेट छत्तीसगढ़ में खुला है। निवेश की जटिलताएं अब छत्तीसगढ़ में नहीं रही। सिंगल विंडों सिस्टम ने सब कुछ बहुत सरल कर दिया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज नवा रायपुर में नीति आयोग एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संयुक्त रूप से ''छत्तीसगढ़ की औद्योगिक विकास नीति 2024-30 के संबंध में हितधारकों के साथ संवाद कार्यक्रम (स्टेक होल्डर कनेक्ट वर्कशॉप)óó को संबोधित करते हुए यह बात कही।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य दिया है। इसके लिए हमें विकसित छत्तीसगढ़ का निर्माण करना होगा। विकसित भारत के निर्माण में छत्तीसगढ़ के उद्योग जगत का भी महत्वपूर्ण योगदान होगा। छत्तीसगढ़ के विकास हेतु विभिन्न क्षेत्रों में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देते हुए छत्तीसगढ़ के अधिक से अधिक लोगों को रोजगार का अवसर प्रदान किया जाएगा।

उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की नवीन औद्योगिक नीति मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन और प्रधानमंत्री रेन्द्र मोदी से प्रेरणा लेकर किया गया है। नई नीति तैयार करने में उद्योगपतियों से सुझावों को शामिल किया गया है। इस नीति से प्रदेश में निवेश तो आएगा ही, नये उद्योगों की स्थापना होगी, साथ ही राज्य के लोगों को रोजगार मिलेगा। नीति आयोग के वरिष्ठ सलाहकार संजीत सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ न शेष पृष्ठ 6 पर

नक्सलवाद के खिलाफ लड़ी निर्णायक लड़ाई : साय

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आज पुलिस मुख्यालय, नवा रायपुर में नक्सल परिदृश्य पर बड़ी समीक्षा बैठक हुई। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा सहित राज्य के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में नक्सलवाद उन्मूलन के प्रयासों के मूल्यांकन और भविष्य की रणनीतियों पर चर्चा की गई।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बैठक में कहा कि हमारी सरकार ने 11 महीनों में नक्सलवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ी है। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री के मार्च 2026 तक नक्सलवाद समाप्त करने के संकल्प का उल्लेख करते हुए कहा कि हमें उसी दिशा में प्रभावी रणनीतियां तैयार करनी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नक्सल आत्मसमर्पण के लिए जनजागरूकता अभियान को और तेज करने की आवश्यकता है। बस्तर क्षेत्र के लोग अब नक्सलवाद से मुक्त होकर विकास की ओर बढना चाहते हैं, जिसकी झलक हाल ही में संपन्न बस्तर ओलंपिक में भी दिखी। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आत्मसमर्पित शेष पृष्ठ 6 पर

हाईकोर्ट ने पुलिस आरक्षक भर्ती पर लगी रोक हटाई

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने पुलिस आरक्षक भर्ती 2023-24 पर लगी रोक हटा दी है। यह मामला तब शुरू हुआ जब डीजीपी ने गृह विभाग के अवर सचिव को पत्र लिखकर पुलिस विभाग में कार्यरत एक्स सर्विसमैन के बच्चों को भर्ती प्रक्रिया में छूट देने की सिफारिश की थी।

राज्यसभा ने दी बायलर विधेयक को मंजूरी

नयी दिल्ली (वार्ता)। राज्यसभा ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) की फौजिया खान और माक्र्सवादी वी शिवदासन के संशोधन प्रस्तावों को खारिज करते हुए बायलर विधेयक 2024 को बुधवार को ध्वनिमत से पारित कर दिया। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने विधेयक पर दो घंटे से अधिक समय तक चली चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि कहा कि केन्द्र सरकार पुरानी सोच छोड़कर दस वर्षों से नयी सोच और दृष्टिकोण के साथ काम कर रही है और यह विधेयक भी उसी का प्रतीक है।

ब्रिटेन ने बांग्लादेश के लिए जारी की ट्रैवल एडवाइजरी, 'संभावित' आतंकवादी हमलों की दी चेतावनी

नई दिल्ली। ब्रिटेन सरकार ने बांग्लादेश के लिए अपने ट्रैवल एडवाइजरी को अपडेट किया है, जिसमें चेतावनी दी गई है कि वहां 'आतंकवादी हमला होने की संभावना है। विदेश, राष्ट्रमंडल और विकास कार्यालय (एफसीडीओ) ने मंगलवार शाम को बांग्लादेश के लिए अपने सुरक्षा संबंधी सलाह की फिर से समीक्षा की है। इस अपडेट में 'केवल आवश्यक यात्रा' के खिलाफ बांग्लादेश यात्रा के लिए अपनी सामान्य सलाह को मजबूत किया गया है। एफसीडीओ की अपडेट ट्रैवल एडवाइजरी में कहा गया है कि, आतंकवादी बांग्लादेश में हमले करने की कोशिश कर सकते हैं।

आतंकवादी हमले अंधाधुंध हो सकते हैं: एफसीडीओ

एफसीडीओ के परामर्श में आगे कहा गया है कि, आतंकवादी हमले अंधाधुंध हो सकते हैं, जिनमें विदेशी नागरिकों के आने-जाने वाले स्थान भी शामिल है, जैसे भीड़-भाड़ वाले इलाके, धार्मिक इमारतें, राजनीतिक रैलियां। कुछ समूहों ने ऐसे लोगों को निशाना बनाया है, जिनके बारे में उनका मानना है कि उनके विचार और जीवनशैली इस्लाम के विपरीत है।

इसमें आगे कहा गया है कि, अल्पसंख्यक धार्मिक समुदायों के खिलाफ और पुलिस और सुरक्षा बलों को निशाना बनाकर कभी-कभार हमले किए गए हैं। इनमें प्रमुख शहरों में इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) हमले शामिल हैं। बांग्लादेशी अधिकारी योजनाबद्ध हमलों को विफल करने के लिए काम करना जारी रखे हुए हैं।

चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी से अवगत सरकार: मंत्री

सोमवार को हाउस ऑफ कॉमन्स में इंडो-पैसिफिक मंत्री कैथरीन वेस्ट ने कहा है कि, हम भारतीय सरकार के उस बयान से अवगत हैं जिसमें बांग्लादेश में चिन्मय कृष्ण दास, एक प्रसिद्ध हिंदू नेता, को देशद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। ब्रिटेन के विदेश, राष्ट्रमंडल और विकास कार्यालय डेस्क इन घटनाओं की निगरानी कर रहा है।

'देश में राजनीतिक स्थिति अस्थिर बनी हुई है'

वहीं राजनीतिक स्थिति अनुभाग के तहत, सलाह यह है कि देश में 'स्थिति अस्थिर' बनी हुई है। राजनीतिक रैलियां और प्रदर्शन होते रहते हैं। ये जल्दी ही हिंसक हो सकते हैं, जिससे कानून प्रवर्तन के साथ टकराव हो सकता है। प्रदर्शनों और हड़तालों ('हड़ताल') के दौरान, देश भर के कस्बों और शहरों में आगजनी, हिंसा और तोड़फोड़ हो सकती है, जिसके परिणामस्वरूप मौतें हो सकती हैं। संपत्ति और सार्वजनिक परिवहन पर हमले संभव हैं।

'सलाह को अनदेखा करने पर अमान्य हो सकता है बीमा'

एफसीडीओ की सलाह सरकार की तरफ से लगाए गए नियम के बजाय यात्रा पर मार्गदर्शन है और अगर उस सलाह को अनदेखा किया जाता है, तो यात्रा बीमा अमान्य हो सकता है। यह अपडेट संसद के कई दलों के सदस्यों की तरफ से संसदीय हस्तक्षेपों की एक श्रृंखला के बाद आया है, जिसमें हाल ही में बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय पर हुए हमलों और धार्मिक नेताओं की गिरफ्तारी पर चिंता जताई गई है।

न्यूज गैलरी

'राहुल गांधी प्रधानमंत्री बनेंगे तभी पहनूंगी चप्पल': कांग्रेस कार्यकर्ता

नई दिल्ली। राहुल गांधी आज जब दिल्ली से संभल के लिए निकले थे, उनका काफिला दिल्ली-यूपी बॉर्डर पर रोक लिया गया। इस दौरान भारी संख्या में आसपास के लोग राहुल गांधी का समर्थन करने के लिए गाजीपुर बॉर्डर पर पहुंच गए। ऐसे लोगों में पंडित रेखा शर्मा भी थीं जो अलीगढ़ से कांग्रेस कार्यकर्ता भी हैं। उन्होंने चप्पलें नहीं पहन रखी थीं। उन्होंने बताया कि उन्होंने यह कसम खाई है कि जब राहुल गांधी प्रधानमंत्री बनेंगे तभी वे चप्पल पहनेंगी। उनका इंतजार कुछ लंबा हो सकता है। लेकिन उनका जज्बा यह बता रहा था कि राहुल गांधी का करिश्मा उनके समर्थकों-कार्यकर्ताओं के बीच पूरी तरह बरकरार है। रेखा शर्मा ने कहा कि यदि राहुल गांधी संभल जाकर पीड़ितों से मिलना चाहते हैं तो इसमें कुछ भी गलत नहीं है। सरकार को उन्हें जाने देना चाहिए। नसीमा बानो ने कहा कि कांग्रेस ने उनके लिए बहुत कुछ किया है। आज भी जब संभल की घटना पर कोई कुछ बोलने से बच रहा है, राहुल गांधी खुलकर उनकी आवाज बन रहे हैं। उन्होंने वही काम किया है जो एक बड़े नेता को करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वही नेता और वही पार्टी सबसे अच्छी होती है जो सबको साथ में लेकर चलती है। उनके अनुसार, आज कांग्रेस यही काम कर रही है।

बाइडेन के बेटे की तरह मुझे भी मिले माफी: ट्रंप

वाशिंगटन। डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को न्यूयॉर्क के एक कोर्ट में अर्जी डाल कर उनके खिलाफ चल रहे आपराधिक मामले को खारिज कर उन्हें माफी देने का अनुरोध किया है। उन्होंने बाइडेन के हालिया फैसला का हवाला देते हुए कहा है कि अगर बाइडेन के बेटे को माफी दी जाती सकती है तो ट्रंप के खिलाफचल रहे मामले भी बंद हो जाने चाहिए। ट्रंप को एक पोर्न स्टार को गुप्त तरीके से पैसे देने सहित 34 गंभीर अपराधों के लिए मई में दोषी ठहराया गया था।

नरेंद्र मोदी लगातार तीन बार प्रधानमंत्री बने और अब मैं भी तीसरी बार सीएम बन गया

तीसरी पारी से पहले फडणवीस बोले 'एक हैं तो सेफ हैं' के नारे को जनता ने सही साबित किया

मुंबई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के नाम पर संशय के बादल छंट गए हैं। देवेंद्र फडणवीस महाराष्ट्र के अगले मुख्यमंत्री होंगे। वह पांच दिसंबर को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। भाजपा विधायक दल के नेता के रूप में सर्वसम्मति से चुने जाने के बाद फडणवीस ने दल के सभी सदस्यों का आभार जताया। साथ ही छत्रपति शिवाजी, अटल बिहारी वाजपेयी और अहिल्याबाई होल्कर को याद किया। वहीं उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी लगातार तीन बार प्रधानमंत्री बने और अब मैं भी तीसरी बार सीएम बन गया हूं।

इन चुनावों ने साबित कर दिया है...

उन्होंने कहा, 'मैं विधायक दल के सभी सदस्यों को धन्यवाद देता हूं कि आप सभी ने मुझे सर्वसम्मति से चुना। मैं हमारे केंद्रीय पर्यवेक्षकों विजय रूपाणी और निर्मला सीतारमण का भी आभार जताता हूं। जैसा कि आप सभी जानते हैं कि ये ऐतिहासिक चुनाव थे और इन चुनावों ने साबित कर दिया है कि 'एक हैं तो सेफ हैं' और 'मोदी है तो मुमकिन है'।'

'पांच साल से एक भी विधायक ने साथ नहीं छोड़ा'

फडणवीस ने कहा, 'हमें गर्व है कि 2019 के बाद एक भी विधायक ने हमें नहीं छोड़ा और सभी एक साथ रहे और हमने 2022 में सरकार बनाई। आज भी महायुति को ऐतिहासिक जनादेश मिला है। मोदी जी लगातार तीन बार प्रधानमंत्री बने हैं। मैंने वार्ड स्तर के नेता के रूप में शुरुआत की थी और अब मैं तीसरी बार मुख्यमंत्री भी बन गया हूं। पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह दोनों ने चुनावों के दौरान महाराष्ट्र भाजपा को भारी समर्थन और बढ़ावा दिया है।'

हरियाणा से जीत का सिलसिला शुरू: भाजपा नेता

उन्होंने आगे कहा, 'हमने हरियाणा के साथ अपनी जीत का सिलसिला फिर से शुरू किया है और अब महाराष्ट्र ने ऐसा प्रचंड जनादेश दिया है कि मैं महाराष्ट्र के मतदाताओं के सामने पूरी तरह से नतमस्तक हूं। मैं सीएम एकनाथ शिंदे और डिप्टी सीएम अजित पवार और हमारे अन्य सहयोगियों को भी धन्यवाद देता हूं।'

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा 132 से ज्यादा सीटें जीती। वहीं अगर भाजपा नीत महायुति के घटक दलों की बात करें तो एकनाथ शिंदे की शिवसेना ने 57 और अजित पवार की राकांपा 41 सीटें जीतने में कामयाब रही। महाविकास आघाड़ी ने सिर्फ 46 सीटें जीतीं। जिसमें कांग्रेस ने 16 और शिवसेना ने 20 सीटें जीतीं।

राज्य और देश के हित में काम करना है: फडणवीस

उन्होंने यह भी कहा, 'मैं आप सभी को बताना चाहता हूं कि आने वाले दिनों में कुछ चीजें हमारी इच्छा के अनुसार होंगी और कुछ चीजें हमारी इच्छा के खिलाफहोंगी, लेकिन हम सभी को राज्य और देश के व्यापक हित में काम करना है। हम महाराष्ट्र की सभी उम्मीदों को पूरा करने की कोशिश करेंगे। अंत में मैं पीएम मोदी को धन्यवाद देता हूं।'

विधानसभा में बरसे अरविंद केजरीवाल

'दिल्ली में कानून व्यवस्था बदतर, राजधानी पर अपराधियों का कब्जा'

नई दिल्ली। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने विधानसभा में दिल्ली की कानून व्यवस्था का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि दिल्ली की कानून व्यवस्था बदतर हो चुकी है। दिल्ली पर अपराधियों का कब्जा है। यहां जगह-जगह पर नशा बिक रहा है। सरेआम मर्डर हो रहे हैं। सरेआम शूटआउट हो रहे हैं। महिलाओं से दुष्कर्म हो रहे हैं। भाजपा इसपर चुप है। जब इनसे पूछ जाए तो कहते हैं कि क्राइम मुद्दा ही नहीं है।

आम आदमी पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने सुखबीर बादल पर हमले की निंदा की और कहा कि एक बड़ी त्रासदी को टालने के लिए पंजाब पुलिस प्रशंसा की पात्र है। यह पंजाब एवं पंजाबियों को बदनाम करने की बड़ी शक्तियों की साजिश है। बादल पर हमले को लेकर केजरीवाल ने दिल्ली विधानसभा में कहा। भाजपा पंजाब में कानून व्यवस्था का मुद्दा उठा रही है लेकिन वह दिल्ली में हो रही हत्याओं, दुष्कर्म और गोलीबारी की घटनाओं पर चुप है।

आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा, 'आज पंजाब में एक घटना घटी, पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखबीर बादल पर किसी ने गोली चलाने की कोशिश की लेकिन पंजाब पुलिस की सतर्कता के कारण एक बड़ा हादसा टल गया। सुखबीर बादल सुरक्षित हैं। मैं इस घटना की निंदा करता हूं लेकिन एक बात साफ है कि पंजाब और पंजाबियों को बदनाम करने की एक बड़ी साजिश रची जा रही है और इसके पीछे कई बड़ी ताकतें शामिल हैं। आज जिस तरह से पंजाब पुलिस ने न सिर्फ इस घटना को रोका बल्कि पूरे देश के सामने एक उदाहरण पेश किया कि कैसे सतर्कता के साथ कानून व्यवस्था को बनाए रखा जा सकता है।'

केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में महिलाएं असुरक्षित हैं। गैंगस्टर व्यापारियों की दुकानों पर गोलियां बरसा रहे हैं। भाजपा को यह नहीं दिखता, कहते हैं अपराध दिल्ली में कोई मुद्दा नहीं है। गृह मंत्री अमित शाह को दिल्ली की चिंता नहीं है। आज सुबह दिल्ली में ट्रिपल मर्डर हुआ है। मैं पूछना चाहता हूं कि क्या एक आम आदमी की सुरक्षा मायने नहीं रखती।

भारत, तुम्हारी मौत आ रही, 20 सालों बाद जैश आतंकी अजहर ने दिया भाषण

इस्लामाबाद। दुनियाभर में आतंकवाद को फैलाने के लिए कुख्यात पाकिस्तान का असली चेहरा एक बार फिर से उजागर हो गया है। जैश-ए-मोहम्मद आतंकी संगठन का प्रमुख मसूद अजहर ने 20 सालों बाद पहली बार अपना पहला संबोधन दिया है। इस भाषण में मसूद ने भारत और इजरायल के प्रधानमंत्रियों के खिलाफ जमकर जहर उगला और दोनों देशों के खिलाफ नए सिरे से जिहादी अभियान चलाने की कसम खाई है। हालांकि, जैश-ए-मोहम्मद ने यह जानकारी नहीं दी कि मसूद अजहर ने भाषण कब और कहां दिया था, लेकिन आतंकी के खुलेआम वीडियो सामने आने के बाद पड़ोसी की आतंकवाद पर पोल खुल गई है। जैश एक मोहम्मद अपनी बातों को दुनियाभर में पहुंचाने के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म भी चलाता है, जिस पर मसूद का यह वीडियो शेयर किया गया है। समय-समय पर मसूद और अन्य आतंकियों के पुराने वीडियोज

पोस्ट किए जाते रहते हैं। इस बार के वीडियो के नए होने की इसलिए पुष्टि की गई है, क्योंकि इसमें उसने इजरायल और गाजा के बीच चल रहे युद्ध का भी जिक्र किया है। इससे पता चलता है कि यह वीडियो हाल फिलहाल का है। भारतीय इंटेलिजेंस अफसर ने बताया कि यह भाषण संभवतः पिछले महीने के आखिरी में पाकिस्तान के बहावलपुर के बाहर हजार एकड़ में फैले उम्म-उल-कुरा मदरसा और मस्जिद परिसर में दिया गया था। इस बिल्डिंग में एक प्रशासनिक ब्लॉक और कई आवासीय ब्लॉक शामिल हैं। भाषण के दौरान अजहर ने लोगों से आतंकी संगठन में शामिल होने की

पीएम मोदी और नेतन्याहू पर जहर उगला

आतंकी अजहर ने अपने भाषण के दौरान कहा, ''अल्लाह और जिहाद के वचन पर विश्वास न करने वाले भयभीत शासकों ने हमें कश्मीर, फिलिस्तीन और अन्य मुस्लिम भूमि पर हार की ओर धकेला है। कुछ भी नहीं बदल सकता है और अमेरिका दुनिया पर राज करेगा।'' आतंकी ने भारतीय पीएम मोदी और इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू पर जहर उगलते हुए कहा, ''मुझे शर्म आती है कि मोदी जैसा कमजोर व्यक्ति हमें चुनौती देता है या नेतन्याहू जैसा चूहा हमारी कब्रों पर नाचता है। मुझे बताओ, क्या 300 लोग भी नहीं हैं जो मेरी बाबरी मस्जिद को वापस पाने के लिए लड़ सकें?

भी बात कही, जिसके बाद वहां मौजूद आतंकियों ने तालियां बजाकर उसका हौसला बढ़ाया।

117 करोड़ की साइबर ठगी पर सीबीआई का बड़ा ऑपरेशन

नई दिल्ली। सीबीआई ने दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में 117 करोड़ रुपये की अंतराष्ट्रीय साइबर ठगी के मामले में 10 ठिकानों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई केंद्रीय गृह मंत्रालय के साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटरसे मिली शिकायत के आधार पर दर्ज मामले की जांच के तहत की गई। एफआईआर में आरोप लगाया गया है कि अज्ञात संगठित साइबर अपराधी और विदेशी तत्व भारत में संगठित वित्तीय ठगी को अंजाम दे रहे हैं। जांच में सामने आया है कि विदेश में सक्रिय ठग डिजिटल प्लेटफॉर्म जैसे वेबसाइट, व्हाट्सएप और टेलीग्राम का इस्तेमाल करते हुए भारतीय नागरिकों को निशाना बनाते हैं।

'बहुत सख्त है उत्तर प्रदेश का गुंडा एक्ट, सुप्रीम कोर्ट ने जताई नाराजगी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि उत्तर प्रदेश का गुंडा और गैर सामाजिक गतिविधि रोकथाम कानून बहुत सख्त है। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए ये बात कही। दरअसल इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने मई 2023 में गुंडा एक्ट के तहत लंबित कार्यवाही रोकने की मांग वाली एक याचिका खारिज कर दी थी। इस पर याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। अब सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई करने का फैसला किया है।

याचिका में लगाया गया पुलिस और न्यायिक मशीनरी के दुरुपयोग का आरोप

सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका पर बीते साल नवंबर में उत्तर प्रदेश सरकार से जवाब मांगा था। साथ ही शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ता के खिलाफगैंगस्टर एक्ट के तहत किसी कार्रवाई पर भी रोक लगा दी थी। सुनवाई के दौरान वरिष्ठ

अधिवक्ता गौरव अग्रवाल और अधिवक्ता तन्वी दुबे के जरिए याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि यूपी गैंगस्टर्स एक्ट के तहत उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी निराधार है और पिछली प्राथमिकी से उपजी है। याचिका में कहा गया है कि यह प्राथमिकी दर्ज करना कानूनी प्रक्रिया का घोर दुरुपयोग है। इसमें तर्क दिया गया कि याचिकाकर्ता के खिलाफ गैंगस्टर्स एक्ट लगाना पक्षपातपूर्ण है और यह पुलिस एवं न्यायिक मशीनरी का दुरुपयोग है।

कानून के प्रावधानों की संवैधानिकता पर भी सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

बुधवार को याचिकाकर्ता के वकील ने तर्क देते हुए कहा कि उनके खिलाफ पहले 1986 एक्ट की धाराओं में अवैध खनन का मामला दर्ज किया गया। एक ही आरोप में दो बार मामला दर्ज किया गया। गुंडा एक्ट की आलोचना करते हुए पीठ ने कहा कि इस पर विचार किए जाने की जरूरत है। पीठ ने ये भी कहा कि इस कानून के कुछ प्रावधानों की संवैधानिकता को चुनौती वाली एक अन्य याचिका पर भी अदालत सुनवाई करेगी। इससे पहले हाई कोर्ट के समक्ष याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील ने तर्क दिया कि उसे गैंगस्टर अधिनियम के तहत दर्ज मामले में झूठा फंसाया गया है। उनके वकील ने हाई कोर्ट के समक्ष दावा किया था कि गैंगस्टर अधिनियम के तहत मामला केवल एक अन्य मामले के आधार पर दर्ज किया गया है जिसमें याचिकाकर्ता का नाम नहीं है।

बीजेपी-आरएसएस संविधान की धज्जियां उड़ाने में लगे, राहुल को संभल जाने से रोकने पर भड़के खड़गे

नई दिल्ली। लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी आज उत्तर प्रदेश के संभल का दौरा करने वाले थे, लेकिन उन्हें दिल्ली-गाजीपुर बॉर्डर पर ही रोक लिया गया। राहुल गांधी को हिंसाग्रस्त क्षेत्र जाने से रोकने पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर संविधान की धज्जियां उड़ाने का आरोप लगाया। दिल्ली-गाजीपुर बॉर्डर पर रोक जाने के बाद राहुल

गांधी वापस दिल्ली लौट आए। खरगे ने सोशल मीडिया पर कहा कि दो समुदायों के बीच मफ्रत पैदा करना ही भाजपा और आरएसएस की विचारधारा है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, भाजपा और आरएसएस अपने विभाजनकारी एजेंडे से संविधान की धज्जियां उड़ाने में लगे हुए हैं। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को संभल में पीड़ितों से मिलने से रोकना इस बात का सबूत है। दो समुदायों के बीच नफरत पैदा करना ही भाजपा और आरएसएस की विचारधारा है। वे हर जगह नफरत के बाजार की शाखाएं खोलने पर तुले हुए हैं। उन्होंने आगे कहा, कांग्रेस सद्भाव, शांति, भाईचारा और प्रेम फैलाने के लिए अपनी दुकान खोलती रहेगी और समाज को एकजुट रखने में मदद करेगी। कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष ने आश्वासन देते हुए कहा, हम झुकेंगे नहीं, हम पीछे हटेंगे नहीं।

सख्त शर्त ..... कोर्ट का निर्देश पासपोर्ट ट्रायल कोर्ट के पास सरेंडर करें और कॉन्टैक्ट नंबर एसएफआईओ को दें

770 करोड़ की धोखाधड़ी मामले में आरोपी को जमानत, 6.5 साल से जेल में बंद, केस में ट्रायल तक नहीं शुरू हुआ

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एसआरएस ग्रुप के चेयरमैन अनिल जिंदल को 770 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी से जुड़े एक मामले में जमानत दे दी। जिंदल के खिलाफगंभीर धोखाधड़ी जांच दफ्तर की तरफसे जांच की जा रही है।

चीफ जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की बेंच ने पाया कि अनिल जिंदल पिछले 6.5 साल से जेल में बंद हैं और उनके मामले में अब तक ट्रायल भी नहीं शुरू हुआ। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि जिंदल पर जिन अपराधों के तहत आरोप लगे हैं, वह सभी गंभीर हैं, लेकिन इस बात को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि वह काफी वर्षों से जेल में बंद हैं और मामले में कोई सुनवाई भी नहीं हुई है।

बेंच ने कहा कि जिंदल को इस मामले में दोषी पाए जाने पर 10 साल की जेल की सजा हो सकती है। जमानत देने को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने जिंदल के लिए सख्त शर्तों का एलान किया। कोर्ट ने निर्देश दिया कि वह अपना पासपोर्ट ट्रायल कोर्ट के पास सरेंडर करें और अपना कॉन्टैक्ट नंबर एसएफआईओ को दें, ताकि जांच कर रहे अधिकारी उनसे बात में हर वक्त जानकारी रख सकें।

बेंच ने कहा कि जिंदल को अपनी अचल संपत्तियों, बैंक अकाउंट्स

(व्यक्तिगत या संयुक्त) की जानकारी भी ट्रायल कोर्ट को देनी होगी। उन्हें यह भी निर्देश दिया गया कि अगर वह नया खाता खोलते हैं तो उन्हें इसकी जानकारी ट्रायल कोर्ट को देनी होगी।

सर्वोच्च न्यायालय ने आरोपी को अपनी संपत्ति को न बेचने की भी हिदायत दी। बेंच ने कहा कि ट्रायल कोर्ट, जो कि इस मामले में फास्ट ट्रैक कार्यवाही करेगी, वह जिंदल पर जमानत की और शर्तें लगा सकती है।

इससे पहले बेंच ने जिंदल की याचिका पर एसएफआईओ को नोटिस जारी किया था। बेंच ने कहा था, ''इसमें कितनी रकम शामिल है? 770 करोड़ रुपये, हम समझते हैं कि जमानत नियम है, जेल नहीं, लेकिन कुछ अपवाद भी होने चाहिए। वह 770 करोड़ रुपये की ठगी करके यह नहीं कह सकते कि 'अब तीन साल बाद मुझे जमानत मिल जाएगी'। मुकदमे को पूरा होने में 20 साल लगेंगे।''

पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने रद्द की थी जमानत

इससे पहले पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने इस मामले में आरोपी को निचली अदालत से मिली जमानत इसी साल 30 अप्रैल को रद्द कर दी थी। एसआरएस समूह के खिलाफ एसएफआईओ मामला कर्ज हासिल करने के लिए बैलेंस शीट और वित्तीय दस्तावेजों में गड़बड़ी करने और बैंकों के सामने गलत तथ्य पेश करने के आरोपों के इर्द-गिर्द है।

अफगानी महिलाओं की आजादी की ताबूत पर आखिरी कील

तालिबान ने नर्सिंग की ट्रेनिंग पर लगाई रोक

अफगानिस्तान। अफगानिस्तान में तालिबानी हुकूमत लौटने के बाद से महिलाओं की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। देश में महिलाओं के लिए पढ़ाई करने से लेकर सार्वजनिक स्थलों पर बात करने तक पर रोक है। अब तालिबान ने एक और तुगलकी फरमान जारी किया है। नए नियमों के तहत अफगानिस्तान की महिलाएं नर्सिंग की ट्रेनिंग नहीं कर सकेंगी। इसे अफगानी महिलाओं की आजादी की ताबूत पर आखिरी कील माना जा रहा है। मेडिकल फील्ड देश की महिलाओं के पास बचे आखिरी विकल्पों में से एक था। इनसे जुड़ी प्रशिक्षण ले रही महिलाओं ने कहा है कि उन्हें कक्षाओं में वापस न आने का आदेश दिया गया था। अफगानिस्तान के संस्थानों ने भी इसकी पुष्टि की है। संस्थानों का कहना है कि तालिबान ने उन्हें अगली सूचना तक बंद करने का आदेश दिया है। हालांकि तालिबान सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय ने इस पर कोई प्रतिक्रिया जारी नहीं की है। देश में स्वास्थ्य संकट के बीच तालिबान का यह कदम कई सवाल खड़े कर रहा है।

सांकरा का ऑक्सीजोन बन रहा कबाड़खाना

जनप्रनिधि नहीं ले रहे सुध, अधिकारी गहरी नींद में असमाजिक तत्वों का हो रहा जमावड़ा

नारायण वर्मा

दुर्ग। अमलेश्वर। अमलेश्वर से लगे पाटन रोड में सांकरा गांव में करोड़ों की लागत से बना ऑक्सीजोन अब कबाड़खाने में तब्दील होते जा रहा है तथा प्रेमियों तथा असामाजिक तत्वों के लिए यह एक अच्छा और एकांत स्थान साबित हो रहा है, ना तो रख रखाव है ना इसकी देखभाल हो रही है। जगह जगह टूट फूट साफ नजर आ रहा है आक्सीजोन में घूमने या टहलने के लिए अब कोई नहीं आता, और तो और यहां पर कोई शासकीय कर्मचारी भी नहीं है। शासन ने करोड़ों रुपया खर्च कर अमलेश्वर से पाटन जाने वाले मार्ग में ऑक्सीजोन का निर्माण किया और अनेक प्रकार के पेड़ लगाए लेकिन कुछ ही दिनों बाद इसके रख रखाव पर ध्यान नहीं दिया गया।

इस्प्रिंक्ल बिखरे

आसानी से देखा जा सकता है की लाखो की लागत से लिए इस्प्रिंलर पाइप कटे और बिखेर पड़े है कई टुकड़ों में तब्दील हो रहे है। इसे पेड़ो से बांधा गया है।

पेवर ब्लॉक उखड़े

ऑक्सी जोन के कई स्थानों में आने जाने वाले पर्यटकों के लिए पेवार ब्लॉक लगाए गए लेकिन आज इनकी स्तिथि जर्जर हो चुकी है कई कार्नर से उखड़ गए है।

जानवरों का चारागाह

आसपास का जानवरो के लिए संकरा का ऑक्सी जोन चरहगाज बन चुका है पेड़ के पत्ते और बचे हुए घास फूस का खा कर स्वच्छ विचरण कर रहे है।

सीमेंट पोल गायब

चारो ओर इसके सीमेंट पोल से ऑक्सी जोन के एरिया को कवर किया गया था अब आलम यह है कई जगहों से सीमेंट के पोल गायब है या वही पर गिरकर टूट गए है।

टूटी फूटी है पाइप लाइन

ऑक्सी जोन में हजारों की संख्या में सरकार ने पेड़ लगाए ताकि हरियाली बनी रहे लेकिन लगाने के बाद इसके देख भाल का कोई इंतजाम नही किया गया हालाकि शुरू के कुछ साल में देखभ किया । आज हर जगह पाइप लाइन टूटी हुई है ऐसे में पेड़ो को पानी नही मिल पा रहा हरियाली होनी थी लेकिन पेड़ सूख रहे है।

नई औद्योगिक नीति से प्रदेश में बेहतर औद्योगिक वातावरण का निर्माण होगा : उद्योग मंत्री देवांगन

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने आज नवा रायपुर में छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक नीति पर आधारित निर्यात प्रोत्साहन एवं निवेश हेतु स्टेकहोल्डर कनेक्ट कार्यशाला का शुभारंभ किया। नीति आयोग एवं छत्तीसगढ़ शासन के सहयोग से आयोजित इस कार्यशाला में नीति आयोग के वरिष्ठ सलाहकार श्री संजीत कुमार, उद्योग विभाग के सचिव श्री रजत कुमार, संचालक उद्योग प्रभात मलिक, सीएसआईडीसी के प्रबंध संचालक श्री विश्वेस कुमार सहित उद्योगों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

इस अवसर पर उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि हम सब राज्य के औद्योगिक विकास एवं राज्य से निर्यात में वृद्धि करने के उद्देश्य से आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा एवं विचार-विमर्श के लिए यहां एकत्रित हुए है। प्रदेश में नवीन उद्योग नीति 2024-2030 जो एक नवंबर से लागू हो चुकी है। निश्चित तौर पर हमारी सरकार की मंशा है कि प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा उद्योग कैसे स्थापित हो इसे ध्यान में रखकर यह उद्योग नीति तैयार की गई है। हमने पहली बार इस नीति के माध्यम से राज्य में पर्यटन एवं स्वास्थ्य जैसी सुविधाओं में निवेश को भी प्रोत्साहित करने का निर्णय लिया है। हाल ही में आयोजित केबिनेट बैठक में पर्यटन को उद्योग का दर्जा दिया गया है।

इस नीति में ज्यादा से ज्यादा अनुदान सब्सिडी का प्रावधान रखा गया है। राज्य के पिछड़े क्षेत्रों में भी उद्योग स्थापित हो इसमें प्रावधान किए गए है। उद्योग धंधे स्थापित होने से प्रदेश का विकास होगा और लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। उद्यामियों की सुविधा के लिए प्रदेश में सिंगल विंडो प्रणाली लागू किया गया है। प्राकृतिक खनिज संसाधनों से भरपूर छत्तीसगढ़ में उद्योग स्थापित होने से प्रदेश का तेजी से विकास होगा। श्री देवांगन ने कहा कि उद्योगों के साथ-साथ इससे अप्रत्यक्ष रूप से हजारो लोगों को भी रोजगार मिलेगा।

नीति आयोग के वरिष्ठ सलाहकार श्री संजीत सिंह ने कहा कि कार्यशाला के आयोजन के लिए मैं प्रदेश सरकार का धन्यवाद देना चाहता हूं। छत्तीसगढ़ की नई उद्योग नीति अन्य राज्यों के लिए उदाहरण साबित होगी। सिंगल विंडो प्रणाली से उद्यामियों को सहुलियत होगी। उन्होंने कार्यशाला के आयोजन के लिए अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं दी। श्री सिंह ने आश्वस्त किया कि नीति आयोग की ओर से हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। सचिव उद्योग श्री रजत कुमार ने कहा कि छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक नीति से प्रदेश में औद्योगिक वातावरण को बढ़ावा मिलेगा। इस नीति के अंतर्गत औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन से ब्याज अनुदान, राज्य लागत पूंजी अनुदान, स्टाम्प शुल्क छुट, विद्युत शुल्क छुट, प्रोजेक्ट अनुदान, परिवहन अनुदान के प्रावधान किए गए है। सीएसआईडीसी के प्रबंध संचालक श्री विश्वेस कुमार ने भी कार्यशाला को संबोधित किया। कार्यशाला के दौरान सवाल-जवाब के दौरान जिज्ञासा का समाधान किया गया।

छत्तीसगढ़ के रेशम कृमिपालक किसानों ने महाराष्ट्र के वर्धा में लिया प्रशिक्षण

■ **कम समय में अधिक आमदनी प्राप्त करने का सीखा गुर**

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य सरकार प्रदेश के रेशम किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण एवं निरंतर उन्नति के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं। इसी सिलसिले में प्रदेश के 100 रेशम किसानों का अध्ययन दल महाराष्ट्र के वर्धा में स्थापित रेशम कृषि की उन्नत तकनीक का अध्ययन किया। इन रेशम किसानों को मिट्टी, पौधे, कृमिपालन, कृमिपालन हेतु उपकरण, सिंचाई आदि सहित तकनीकी बारीकियों का प्रशिक्षण दिया गया।छत्तीसगढ़ के किसान महाराष्ट्र के वर्धा में प्रशिक्षण पश्चात् काफी प्रसन्न मुद्रा में कहा कि वे वर्धा आकर रेशम कृषि पालन के माध्यम से कम समय में अधिक आमदनी प्राप्त करने का गुर सीख लिया है। अब वे छत्तीसगढ़ में भी इन नवीन तकनीकों का प्रयोग कर कृमिपालन व ककून तैयार करेंगे, जिससे उच्च क्वालिटी की सिल्क तैयार कर बाजार में अच्छी आमदनी प्राप्त कर सकें। गौरतलब है कि राज्य सरकार द्वारा सिल्क समग्र योजना के रेशम विस्तार के लिए कृषकों का चयन कर उन्हें महाराष्ट्र के वर्धा अध्ययन भ्रमण के लिए भेजा गया था।

एम्स, डी के एस और मेकाहारा अस्पताल पहुंचे राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा, मरीजों का पूछा हाल

रायपुर/नवप्रदेश। राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा आज सुबह राजधानी रायपुर स्थित एम्स, डी के एस और मेकाहारा हॉस्पिटल पहुँचे। इस दौरान मंत्री श्री वर्मा ने अस्पताल का निरीक्षण करने के साथ-साथ मरीज़ों से स्वास्थ्य की जानकारी ली। श्री वर्मा ने अस्पताल की व्यवस्था और इलाज के संबंध में मरीजों से जानकारी ली। उन्होंने इस दौरान अस्पताल के उपस्थित चिकित्सकों को समय पर मरीज़ों को बेहतर इलाज और दवाइयां उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

इस दौरान मंत्री श्री वर्मा ने बालौदाबाज़ार जिले के ग्राम रवान के रहने वाले श्री पुकार यादव, ग्राम देवरी की श्रीमती निर्मला वर्मा, बालौदाबाज़ार के श्री सुमन दास साहू से मिलकर स्वास्थ्य की जानकारी ली। सिर में चोट के इलाज के लिए डी के एस के वार्ड-सी 6 में भर्ती 20 वर्ष के श्री पुकार सिंह ने बेहतर इलाज के कारण स्वास्थ्य में तेजी से सुधार की जानकारी दी।

मोहभट्ठा सिंचाई योजना के कार्यों के लिए 4.63 करोड़ की राशि स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य शासन ने बेमेतरा जिले के विकासखंड बेमेतरा की मोहभट्ठा व्यपवर्तन के शीर्ष कार्य, जीर्णोद्धार तथा नहर का रिमाडलिंग एवं लाईनिंग कार्य के लिए चार करोड़ 63 लाख 22 हजार रूपए स्वीकृत किए है। योजना के प्रस्तावित कार्यों के पूर्ण होने पर क्षेत्र में 42.37 हेक्टेयर में अतिरिक्त सिंचाई की सुविधा होगी। योजना के कार्यों को पूर्ण कराने के लिए जल संसाधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन से मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार जल संसाधन विभाग रायपुर को प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है।

ईएनटी की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मान्या ठाकुर ने बैंकाक में दिए व्याख्यान

रायपुर/नवप्रदेश। पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय रायपुर की नाक कान गला रोग (ईएनटी) विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मान्या ठाकुर को विगत दिनों मुम्बई में आयोजित अखिल भारतीय राइनोलॉजी सोसायटी की 35 वीं वार्षिक बैठक राइनोकॉन 2024 में संकाय सदस्य के रूप में आमंत्रित किया था। इनके व्याख्यान का विषय नॉन सर्जिकल राइनोप्लास्टी था। डॉ. मान्या ने कॉन्फ्रेंस में बताया कि यदि कोई रोगी सर्जरी नहीं करवाना चाहता तो फिलर्स, थ्रेड्स फाइब्रोब्लास्टिंग तकनीक द्वारा नाक को फिर से आकार दिया जा सकता है। इसके साथ ही उन्हें जोनल कॉन्फ्रेंस नॉर्थ-ईस्ट समिट गुवाहाटी में वक्ता के रूप में व्याख्यान देने के लिए आमंत्रित किया गया था। डॉ. मान्या ने इंटरनेशनल ओटो राइनोलैरिंगोलॉजी साइंटेक्स कॉन्फ्रेंस 2024 बैंकाक थाईलैंड में मॉडरेटर चेयरपर्सन के रूप में अपनी भागीदारी निभायी। यह सम्मेलन अखिल भारतीय महिला ओटो राइनोलैरिंगोलॉजी एसोसिएशन द्वारा आयोजित था। इस सम्मेलन में उनके व्याख्यान की बहुत सराहना की गई और यह जूनियर पोस्टग्रेजुएट्स के लिए प्रेरणादायी थी।

एक पेड़ मां के नाम पर राज्यपाल डेका ने रूद्राक्ष का पौधा रोपा

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल श्री रमेन डेका ने आज धमतरी प्रवास के दौरान जिला पंचायत परिषद में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत रूद्राक्ष का पौधा रोपण किया एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश देकर अधिक से अधिक पेड़ लगाने की अपील की।

अवैध धान परिवहन 80 क्विंटल धान जब्त

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ में अवैध धान परिवहन का मामला सामने आया है। रायपुर जिले के अभनपुर मंडी में अवैध धान परिवहन पर कार्रवाई की गई है। लगभग 80 क्विंटल धान को जब्त कर मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

रायपुर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर अवैध धान परिवहन पर निरंतर कार्रवाई जारी है। 28 नवंबर को अभनपुर मंडी क्षेत्र में विद्या मंदिर परसदा के पास से एक वाहन को पकड़ा गया। जिसकी जांच की गई और उसमें धान का परिवहन करते हुए वाहन क्रमांक सीजी 05 एए 6023 में 200 कट्टा सरना जब्त किया गया। लगभग 80 क्विंटल धान को जब्त कर मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध धान परिवहन पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। जिन भी वाहनों से अवैध धान परिवहन किया जा रहा है, तो उन वाहनों के धान को जब्त किया जा रहा है।

राष्ट्रीय मीडिया अवार्ड के लिए मीडिया संस्थान 10 दिसम्बर तक भेज सकते हैं अपनी प्रविष्टि

रायपुर/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता शिक्षा और जागरुकता के लिए दिए जाने वाले राष्ट्रीय मीडिया अवार्ड के लिए मीडिया संस्थान 10 दिसम्बर तक अपनी प्रविष्टि आयोग के अशोका रोड, नई दिल्ली स्थित कार्यालय में भेज सकते हैं। राष्ट्रीय मीडिया अवार्ड-2024 के तहत आयोग द्वारा चार श्रेणियों में पुरस्कार दिए जाएंगे। इनमें प्रिंट मीडिया और ऑनलाइन (इंटरनेट)/सोशल मीडिया के साथ ही इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के अंतर्गत टेलीविजन और रेडियो के लिए दिए जाने वाले अवार्ड शामिल हैं।

सुविचार

इस मतलबी दुनिया में अपने मतलब की बात हर कोई समझ लेता है लेकिन बात का मतलब कोई नहीं समझता - अज्ञात

जनसंख्या विस्फोट का बढ़ता खतरा

हमारा देश भारत चीन को पछाड़कर दुनिया में सबसे अधिक आबादी वाला देश पहले ही बन चुका है। ऐसे में आज जरूरत इस बात की है कि दिन दूनी रात चौगनी रफ्तार से बढ़ती जनसंख्या पर नियंत्रण लगाने के लिए प्रभावी पहल की जाए। किन्तु हमारे ही देश में ऐसे कुछ लोग है जो उल्टी गंगा बहाने की कोशिश कर रहे है और अकसर ऐसे बयान देते रहते है जो विवाद का विषय बन जाते है। अब राष्ट्रीस स्वयं सेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने भी हिन्दुओं से अपील की है कि वे दो से ज्यादा बच्चे पैदा करे। यदि उनकी अपील पर देशवासी आबादी बढ़ाने में लग गये तो भारत के सिर पर मंडराता जनसंख्या विस्फोट का खतरा और बढ़ जायेगा। जिसका दुष्परिणाम भावी पीढ़ी को भुगतना पड़ेगा। अभी ही 140 करोड़ की आबादी के लिए पेयजल उपलब्ध कराना कठिन कार्य सिद्ध हो रहा है। खासतौर पर गर्मी के मौसम में जब पानी की ज्यादा आवश्यकता होती है तो समस्यामूलक ग्रामों से लेकर नगरों और महानगरों में भी पेयजल की भीषण समस्या उत्पन्न हो जाती है। हमारे देश में संसाधन सीमित है। ऐसे में यदि देश की आबादी और ज्यादा बढ़ेगी तो कई तरह की समस्याएं विकराल रूप धारण कर लेगी। आज हमारे देश के सामने भुखमरी, गरीबी और बेरोजगारी जैसी जितनी भी विकट समस्याएं है उनके मूल में हमारी बढ़ती आबादी भी एक बड़ा कारण है। ऐसी स्थिति में आबादी बढ़ाने की बात करना समझ से परे है। होना तो यह चाहिए कि जनसंख्या विस्फोट के बढ़ते खतरे को मद्देनजर रखकर आबादी को नियंत्रित करने का प्रयास किया जाये। इसके लिए जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करना निहायत जरूरी है। यह कानून जितनी जल्दी लागू होगा उतना ही अच्छा होगा। इसके लिए लंबे समय से मांग उठ रही है। लेकिन सरकार इस मांग की अनदेखी कर रही है। बेहतर होगा कि केन्द्र सरकार देश के व्यापक हितों को दृष्टिगत रखते हुए जल्द से जल्द जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने की पहल करे इसके लिए सभी राजनीतिक पार्टियों को विश्वास में ले। ताकि संसद से जनसंख्या नियंत्रण कानून सर्वसम्मति से पारित हो सके। किन्तु लगता है कि सरकार में ही शिक्षा शक्ति की कमी है। दशकों पूर्व तात्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने जनसंख्या विस्फोट के खतरे को भांप लिया था और उन्होंने परिवार नियोजन के लिए कड़े कदम उठाये थे। उस समय हम दो हमारे दो का नारा भी घर-घर तक पहुंचा गया था। हालांकि आपातकाल के दौरान परिवार नियोजन के लिए नसबंदी का लक्ष्य पूरा करने के नाम पर नौकरशाहों ने ज्यादती की थी। जिसकी वजह से तात्कालीन इंदिरा गांधी की सरकार की छवि धूमिल हुई थी और लोकसभा चुनाव में उसे पराजय का सामना करना पड़ा था। हालांकि आपातकाल के दौरान विपक्षी नेताओं के खिलाफ हुई कार्यवाही कांग्रेस की हार का बड़ा कारण था किन्तु परिवार नियोजन के नाम पर हुई ज्यादती भी इसका एक कारण था। यही वजह है कि उसके बाद से किसी भी सरकार का यह साहस नहीं हो रहा है कि वह जनसंख्या नियंत्रण के लिए प्रभावी पहल करे। किन्तु अब जबकि पानी सिर से ऊंचा उठता जा रहा है और बढ़ती आबादी के कारण देश विभिन्न समस्याओं की जाल में उलझता जा रहा है तो जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाना अति आवश्यक हो गया है। न सिर्फ कानून बनाया जाये बल्कि उसे शक्तिपूर्वक लागू भी किया जाये। इस बारे में योग गुरू बाबा रामदेव ने सरकार से पूर्व में मांग की थी कि जनसंख्या नियंत्रण कानून के तहत दो बच्चों से ज्यादा परिवार वाले लोगों को सभी शासकीय सुविधाओं से वंचित किया जाये। दो बच्चे से ज्यादा वाले लोगों को चुनाव लड़ने से भी रोका जाये। बाबा रामदेव का यह सुझाव सटीक है। उम्मीद की जानी चाहिए कि सरकार जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने के लिए कारगर कदम उठायेगी।

प्रेरक प्रसंग

अभ्यास का महत्व

प्राचीन समय में विद्यार्थी गुरुकुल में रहकर ही पढ़ा करते थे।. बच्चे को शिक्षा ग्रहण करने के लिए गुरुकुल में भेजा जाता था। बच्चे गुरुकुल में गुरु के सानिध्य में आश्रम की देखभाल किया करते थे. और अध्ययन भी किया करते थे।

वरदराज को भी सभी की तरह गुरुकुल भेज दिया गया। वहां आश्रम में अपने साथियों के साथ घुलने मिलने लगा।

लेकिन वह पढ़ने में बहुत ही कमजोर था। गुरुजी की कोई भी बात उसके बहुत कम समझ में आती थी। इस कारण सभी के बीच वह उपहास का कारण बनता है।

उसके सारे साथी अगली कक्षा में चले गए लेकिन वो आगे नहीं बढ़ पाया।

गुरुजी जी ने भी आखिर हार मानकर उसे बोला, "बेटा वरदराज! मैने सारे प्रयास करके देख लिये है। अब यही उचित होगा कि तुम यहां अपना समय बर्बाद मत करो। अपने घर चले जाओ और घरवालों की काम में मदद करो।"

वरदराज ने भी सोचा कि शायद विद्या मेरी किस्मत में नहीं हैं। और भारी मन से गुरुकुल से घर के लिए निकल गया गया। दोपहर का समय था। रास्ते में उसे प्यास लगने लगी। इधर उधर देखने पर उसने पाया कि थोड़ी दूर पर ही कुछ महिलाएं कुएं से पानी भर रही थी। वह कुवे के पास गया। वहां पत्थरों पर रस्सी के आने जाने से निशान बने हुए थे,तो उसने महिलाओ से पूछा, "यह निशान आपने कैसे बनाएं।" तो एक महिला ने जवाब दिया,

"बेटे यह निशान हमने नहीं बनाएं। यह तो पानी खींचते समय इस कोमल रस्सी के बार बार आने जाने से ठोस पत्थर पर भी ऐसे निशान बन गए हैं।"

वरदराज सोच में पड़ गया। उसने विचार किया कि जब एक कोमल से रस्सी के बार-बार आने जाने से एक ठोस पत्थर पर गहरे निशान बन सकते हैं तो निरंतर अभ्यास से में विद्या ग्रहण क्यों नहीं कर सकता।

वरदराज ढेर सारे उत्साह के साथ वापस गुरुकुल आया और अथक कड़ी मेहनत की।

गुरुजी ने भी खुश होकर भरपूर सहयोग किया। कुछ ही सालों बाद यही मंदबुद्धि बालक वरदराज आगे चलकर संस्कृत व्याकरण का महान विद्वान बना। जिसने लघुसिद्धान्तकौमुदी, मध्यसिद्धान्तकौमुदी, सारसिद्धान्तकौमुदी, गीर्वाणपदमंजरी की रचना की।

आज का पंचांग

सूर्योदयः06:57, सूर्यास्तः 05:20, चन्द्रोदयः 28:04, चन्द्रास्तः14:47, अयनः दक्षिणायणे (दक्षिणगोलीय), ऋतुः हेमन्त, शक सम्वतः 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वतः-2081 (काल), मास-मार्गशीर्ष, पक्ष-शुक्ल, तिथि-पंचमी, नक्षत्र-उत्तरासाड़ा, योग-सौभाग्य, प्रथम करण-कौलव (17:07 तक) द्वितीय करण तैतिल (30:23 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य -वृश्चिक, चंद्र-तुला (18:07 से), मंगल-कर्क (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध-वृश्चिक (उदय, पूर्व, वक्री), गुरु -वृष (उदित, पश्चिम, वक्री), शुक्र-धनु (उदित, पूर्व, मार्गी), शनि-कुम्भ (उदित, पूर्व, वक्री), राहु - मीन, केतु - कन्या।

शुभ यात्रा दिशा

पश्चिम-दक्षिण (गुड़ अथवा दूध का सेवन कर यात्रा करें)

आज जन्मे शिशुओं का नामकरण

उत्तरासाड़ा नक्षत्र के प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ चरण अनुसार क्रमशः (खी, खू, खा, खो,) नामाक्षर से रखना शास्त्र सम्मत है।

वाणी त्रिपाठी टिकू
अभिनेत्री, निर्माता, महिला सुरक्षा और सिनेमा' सत्र के पैनलिस्ट

ज्ञान श्रृंखला में, मध्य प्रदेश राज्य की टीम पूरी ताकत से आई। इसमें अभिनेता अभिषेक बनर्जी और निर्देशक अमर कौशिक द्वारा प्रतिनिधित्व की गई 'स्त्री 2' की टीमें और ऑस्कर नामांकित फिल्म 'लापता लेडीज' के युवा शामिल थे। उन्होंने बताया कि कैसे राज्य की फिल्म नीतियां युवा फिल्म निर्माताओं को मध्य प्रदेश में अपनी फिल्मों की शूटिंग करने के लिए प्रोत्साहित कर रही हैं। प्रसार भारती ने आईएफएफआई के उद्घाटन समारोह में अपने ओटीटी प्लेटफॉर्म 'वेव्स' को लॉन्च किया, जिसका उद्देश्य वैश्विक दर्शकों के लिए विविध भारतीय सामग्री लाना है। इस वर्ष का वीएफएक्स और टेक पैवेलियन, जिसे क्किी द्वारा समर्थन दिया गया था, इस आयोजन का एक और केंद्र बिंदु था, जिसने अंतरराष्ट्रीय इंडस्ट्री के प्रमुख दिग्गजों को आकर्षित किया। यह मंडप फिल्म निर्माण को बदलने में प्रौद्योगिकी की भूमिका का एक प्रमाण था, जो अभूतपूर्व नवाचारों के माध्यम से सिनेमाई अनुभवों के भविष्य की एक झलक पेश करता था। नेटफ्लिक्स, सोनी और अन्य जैसे बाजार के दिग्गजों ने टेक मंडप में अपनी पेशकश और उत्पाद प्रस्तुत किए। इस उत्सव में विशेष जरूरतों वाले लोगों के लिए खास सुविधाएं थीं, जैसे उद्घाटन और समापन समारोह, प्रेस कॉन्फ्रेंस और सत्रों में सांकेतिक भाषा दुभाषिया। दृश्य और श्रवण दोष वाले लोगों के लिए '12वीं फेल' जैसी मुख्यधारा की फिल्में दिखाई गईं। कहने की आवश्यकता नहीं कि यह समय सिनेमा के आईएफएफआई द्वारा सृजित और भारत केंद्रित नए वैश्विक आख्यानों का जश्न मनाने का है! इसमें पायल कपाड़िया द्वारा कान्स में ग्रैंड प्रिक्स और पिछले साल ऑस्कर सहित भारत को मिले कई पुरस्कार शामिल हैं। हमें उम्मीद है कि अगले साल यह महोत्सव भारत के सिनेमा प्रेमियों और दुनिया भर के फिल्म निर्माताओं के लिए और भी अधिक जीवंत और उत्साहपूर्ण होगा। विवा ला सिनेमा!

आईएफएफआई दुनिया भर की विविध संस्कृति पर आधारित फिल्म शैली

फिल्म निर्माण के तरीकों का उत्सव, जिसमें भारत आकर्षण का केन्द्र बना रहा

भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव, जिसे आईएफएफआई के नाम से जाना जाता है। इसका 55वां संस्करण 28 नवंबर, 2024 को संपन्न हुआ। इस बार के महोत्सव में दुनिया भर की विविध संस्कृतियों पर आधारित फिल्मों की शैली और फिल्म निर्माण के तरीकों का उत्सव मनाया गया, जिसमें भारत हमेशा की तरह आकर्षण का केंद्र बना रहा।इस वर्ष का आईएफएफआई न केवल व्यापक था, बल्कि खोजपूर्ण भी रहा। इसमें सिनेमा प्रेमियों के लिए कई नई और अभिनव प्रस्तुतियां थीं। भारत के प्रतिष्ठित फिल्म निर्माता शेखर कपूर ने इस बार महोत्सव निदेशक के रूप में अपनी भूमिका निभाई। इसके साथ ही वृहद संचालन समिति में फिल्म इंडस्ट्री के प्रतिष्ठित नाम, जैसे बॉबी बेदी, खुशबू सुंदर, प्रसून जोशी और जेरोम पिलार्ड, शामिल थे।गौरव की बात यह रही कि मैं भी संचालन समिति की एक सदस्य थी। यह महोत्सव सिनेमा की कला और संस्कृति के प्रति एक गहरी समझ विकसित करने के साथ-साथ भारत को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने का एक अद्वितीय माध्यम बना। इस वर्ष फिल्म बाजार का 18वां आयोजन था। वर्तमान में यह दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा फिल्म बाजार है। इसमें फिल्म बाजार के विभिन्न क्षेत्रों में 350 से अधिक फिल्म परियोजनाएं प्रदर्शित की गईं। बाजार की टीम ने 'मार्चे डू कान्स' के पूर्व बाजार प्रमुख जेरोम पिलार्ड के मार्गदर्शन में अथक परिश्रम किया, जिन्होंने फिल्म बाजार के सलाहकार के रूप में कार्यभार संभाला है। फिल्म बाजार में बहुत से निर्माताओं ने भाग लिया। इसका उद्देश्य करियर के मध्य में स्तरीय सफलता वाले निर्माताओं के पास फिल्म को कैसे पेश किया जाए, उसका बजट कैसे बनाया जाए और उसे वैश्विक स्तर पर सफल कैसे बनाया जाए, इस बारे में सलाह देना था। इस साल का फिल्म बाजार अब तक का सबसे बड़ा बाजार था। बाजार में काफी हलचल थी, जिसमें लगभग 2000 प्रतिनिधि आए! ऑस्ट्रेलिया, भूटान, बेलारूस, हांगकांग, जापान, किर्गिस्तान, रूस, सऊदी अरब, स्पेन और यूनाइटेड किंगडम जैसे देशों ने इस आयोजन की व्यापक अंतरराष्ट्रीय अपील को प्रदर्शित किया। इन देशों ने अपनी अनूठी फिल्म निर्माण संस्कृतियों और दृष्टिकोणों के साथ, तेजी से विकसित हो रहे उद्योग में सीमा पार सहयोग के महत्व को चिन्हित किया। विविध देशों की भागीदारी ने फिल्म बाजार की भूमिका को एक अंतरराष्ट्रीय मंच के रूप में उजागर किया, जो न केवल संवाद की सुविधा प्रदान करता है, बल्कि फिल्म उद्योग के आदान-प्रदान को भी बढ़ावा देता है जो दुनिया भर में सिनेमा के विकास और स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण हैं। चर्चाओं में फिल्म संबंधी नीति के विकास, फिल्मांकन प्रोत्साहन और फिल्म निर्माण के आर्थिक लाभ सहित कई विषयों पर चर्चा की गई, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि सभी प्रतिभागी यानी अंतरराष्ट्रीय और स्थानीय दोनों, वैश्विक सिनेमा के भविष्य को आकार देने में योगदान दे सकें।

इस वर्ष की सबसे बड़ी वैश्विक रिलीज में से एक बेटर मैन, इस महोत्सव की शुरुआती फिल्म थी। ऑस्ट्रेलियाई फिल्म निर्माता माइकल ग्रेसी द्वारा निर्देशित ब्रिटिश पॉप गायक रॉबी विलियम्स के बारे में सेमी-बायोग्राफिकल फिल्म 26 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। समापन फिल्म चेक निर्देशक बोहदान स्लैमा की 'ड्राई सीजन' थी, जो यूरोपीय फिल्मों में अपने अभिनव कार्यों और समाज में देखे जाने वाले शहरी सभ्यतागत संकटों पर अपने विचार के लिए जाने जाते हैं। सत्यजीत रे लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड सिनेमा के प्रतिष्ठित मास्टर्स में से एक - फिलिप नोयस को दिया गया। ऑस्ट्रेलियाई फिल्म निर्देशक को बोन कलेक्टर, डेड कैलम, स्लिवर, रैबिट-प्रूफ फेंस जैसी फिल्मों के लिए

वैश्विक स्तर पर जाना जाता है, साथ ही उनकी कई अन्य कृतियां भी हैं। फेस्टिवल आयोजकों के लिए यह सम्मान की बात थी कि फिलिप नोयस लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड प्राप्त करने के लिए व्यक्तिगत रूप से आए!

अंतरराष्ट्रीय सिनेमा खंड बहुत ही जीवंत था, जिसमें 12 फिल्मों ने प्रतिष्ठित 'गोल्डन पीकॉक' के लिए प्रतिस्पर्धा की। 55वें आईएफएफआई में सर्वश्रेष्ठ फिल्म का गोल्डन पीकॉक लिथुआनियाई फिल्म 'टॉक्सिक' को मिला, जिसके निर्देशक और पटकथा लेखक सॉले ब्ल्यूवाइट हैं। रोमानियाई निर्देशक बोगदान मुरेसानु को 'द न्यू ईयर दैट नेवर केम' के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार मिला। क्लेमेंट फेव्यू ने फ्रांसीसी फिल्म 'होली काउ' में अपने सूक्ष्म और आकर्षक चित्रण के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (पुरुष) का पुरस्कार जीता। इस फ्रांसीसी फिल्म की निर्देशक लुईस कौरवोइसियर को उनकी पहली फिल्म के लिए विशेष जूरी पुरस्कार भी मिला। सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार वेस्टा माटुलिटे और इवा रूपेइकाइटे को 'टॉक्सिक' में उनकी भूमिकाओं के लिए संयुक्त रूप से दिया गया। अमेरिकी निर्देशक सारा फ्रीडलैंड को उनकी मार्मिक कथा 'फैमिलियर टच' के लिए सर्वश्रेष्ठ डेब्यू फीचर फिल्म का पुरस्कार दिया गया। इस वर्ष महोत्सव में ऑस्ट्रेलिया फोकस देश था। ऑस्ट्रेलियाई गुलदस्ते के भीतर, फिल्म बाजार में निर्माता गोलमेज बैठकें हुईं, जहां सह-निर्माण संधि पर चर्चा की गई। ऑस्ट्रेलिया सह-निर्माण संधि का नवीनतम हस्ताक्षरकर्ता है, जिसे 2023 में सफलता मिली। स्क्रीन ऑस्ट्रेलिया के समर्थन से ऑस्ट्रेलियाई टीम पूरी ताकत से मौजूद थी और इसका नेतृत्व दो अद्भुत महिलाओं - स्क्रीन ऑस्ट्रेलिया की मुख्य परिचालन अधिकारी ग्रेन ब्रंसडन और सीईओ डिएड्रे ब्रेनन ने किया। ऑस्ट्रेलियाई प्रतिनिधियों ने पूरे उत्साह के साथ महोत्सव में भाग लिया और उनके कई निर्माता अपनी परियोजनाओं को पेश करने आए।

इस साल 15 अंतरराष्ट्रीय प्रीमियर हुए, जो आईएफएफआई की शुरुआत के बाद से सबसे बड़ा है! 55वें आईएफएफआई में कई घरेलू प्रीमियर भी हुए, जिसमें लोकप्रिय सितारों की फिल्में शामिल थीं, जैसे मनोज बाजपेयी की 'डिस्पैच', बोमन ईरानी की 'मेहता बॉयज' आदि। भारत के प्रसिद्ध फिल्म निर्माता आशुतोष गोवारिकर की अध्यक्षता वाली अंतरराष्ट्रीय जूरी में जूरी सदस्यों के रूप में विश्व स्तर पर जानी-मानी फिल्मी हस्तियां शामिल थीं। ऑस्कर विजेता फिल्म संपादक जिल बिलकॉक जूरी सदस्य थीं, जिन्होंने स्ट्रिक्टली बॉलरूम (1992), रोमियो + जूलियट (1996), और मौलिन रूज (2002) जैसी बाज लुहरमन की फिल्मों और शेखर कपूर की फिल्मों का संपादन किया है। फिर कान फिल्म फेस्टिवल के विजेता एंथनी चेन भी थे। स्पेन से वैश्विक स्तर पर स्वतंत्र सिनेमा की नई आवाजों में से एक फ्रैन बोर्गिया और कई बाफ्टा पुरस्कारों की विजेता ब्रिटेन की फिल्म निर्माता एलिजाबेथ कार्लसन भी अंतरराष्ट्रीय जूरी सदस्यों में शामिल थीं।

फिल्म फेस्टिवल का एक महत्वपूर्ण वर्टिकल मास्टरक्लास था, जिसे सिनेमा जगत के प्रमुख नामों ने संबोधित किया। फिलिप नॉयस, ऑस्ट्रेलियाई अकादमी पुरस्कार विजेता छायाकार जॉन सील- जो 'मैड मैक्सः फ्यूरी रोड', 'द इंग्लिश पेशेंट' के डीओपी थे, और एनीमेशन निर्देशक क्रिस किर्शबाम, जो एवेंजर्स के निर्माता इसके उदाहरण हैं। प्रख्यात एआर रहमान ने एक मास्टरक्लास को संबोधित किया और इस वर्ष लता मंगेशकर मेमोरियल लेक्चर भी दिया। रहमान द्वारा निर्मित एक संगीतमय वृत्तचित्र 'हेडहंटिंग टू बीटबॉक्सिंग' ने भी फिल्म फेस्टिवल में अपना एशिया प्रीमियर किया। विधु विनोद चोपड़ा ने अपनी फिल्म '12वीं फेल' पर बात की, जिसे ऑडियो विवरण और सांकेतिक भाषा व्याख्या के साथ प्रदर्शित किया गया था। अनुपम खेर ने मास्टरक्लास में 'पावर ऑफ फेलियर' पर बात की। इस पर बोलने के लिए उनसे बेहतर कौन हो सकता है, क्योंकि उनके पास सिनेमा और थिएटर का दशकों का अनुभव है?

विभिन्न सत्रों में अद्भुत पैनल चर्चाएं संपन्न हुईं। मैंने 'महिला सुरक्षा और सिनेमा' पर एक सत्र का संचालन किया, जिसमें प्रख्यात पैनलिस्ट इम्तियाज अली, सुहासिनी रानी रत्नम, भूमि पेडनेकर और खुशबू सुंदर ने भाग लिया। इस सत्र में फिल्मों में काम करने वाली महिलाओं के लिए सुरक्षित स्थानों के दायरे, फिल्मों में महिलाओं को वस्तु के रूप में पेश किए जाने की प्रवृत्ति पर चर्चा की गई, जो दुनिया भर में होती है, और यह भी कि आज सिनेमा में महिलाओं के लिए सशक्त भूमिकाएं एक नई सामान्य बात है। बॉबी बेदी द्वारा संचालित एक अन्य दिलचस्प सत्र में, प्रसिद्ध लेखक फारुख धोंडी, डॉक्यूमेंट्री फिल्म निर्माता लूसी वॉकर, स्पेनिश निर्माता अन्ना सौरा, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध अभिनेत्री तनिष्ठा चटर्जी और मैं ' स्टोरीज दैट ट्रैवल' यानी सीमाओं के बिना सिनेमा के बारे में बात करने के लिए एक साथ आए थे।

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। 1955 में 5 दिसंबर के दिन ही लंबी दूरी के टेलिफोन कॉल को हर घर तक पहुंचा देने वाली एसटीडी सेवा अस्तित्व में आई थी। 1971 में आज ही के दिन भारत ने बांग्लादेश को एक देश के रूप में मान्यता दी थी। 1973 में 5 दिसंबर के दिन ही गेराल्ड फोर्ड ने अमेरिका के उपराष्ट्रपति के रूप में शपथ ली थी। 1989 में आज ही के दिन मुलायम सिंह यादव पहली बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने थे।1993 में 5 दिसंबर को ही मुलायम सिंह यादव दोबारा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने थे। 1999 में आज ही के दिन चेचेन्या में रूस ने अस्थायी तौर पर सेना तैनात करने की घोषणा की थी। 1999 में 5 दिसंबर को ही भारतीय सुंदरी युक्ता मुखी 'मिस वर्ल्ड' चुनी गई थीं। 2000 में आज ही के दिन अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति चुनाव में जार्ज बुश के पक्ष में फैसला दिया था। 2001 में 5 दिसंबर को ही अमेरिकी सेनाओं ने ओसामा बिन लादेन के अफगानिस्तान स्थित तोरा बोरा पहाड़ी ठिकाने पर कब्जा किया था। 2003 में आज ही के दिन चीन में पहली बार आयोजित विश्व सुंदरी प्रतियोगिता में आयरलैंड की रोसन्ना दाविसन विजयी हुई थीं।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

कई दर्द टीसते

कई दर्द टीसते बहुत हैं!! आँखों से रीसते बहुत हैं!! यूँही तो यकीं टूटा नहीं हमारा!! यकीं करो तो लोग छलते बहुत हैं!! चेहरे पर लगाए इक चेहरा फिरते हैं!! जो दिखा दो आईना, चिढ़ते बहुत हैं!! चाकू छुरी से मारते नहीं जीते जी मारने वाले, मिलते बहुत हैं!! - **शिल्पी अग्रवाल**

आंख पत्थर की ये

आंख पत्थर की ये नम रहने भी दे। ज़िंदगी थोड़े तो ग़म रहने भी दे। इतना आसां भी नहीं मरना बशर मुस्कुराने की कसम रहने भी दे। सर टिका लेने दे बस शानों पे तू ज़िंदगी के पेच ओ ख़म रहने भी दे। आ गई लेने कज़ा घर तक तुझे अब तो लहज़े के यह ख़म रहने भी दे। कर्ज़ तेरा फिर चुकाने आऊंगा तू बकाया कुछ रकम रहने भी दे। रोज़ थोड़ा मर रहा हूं खुद ही मैं ऐ खुदा अपने सितम रहने भी दे। तोड़ ना यूँ हौसलों को वंदना रास्ते में ये कदम रहने भी दे। - **वंदना मोदी गोयल**

खास पाती | कभी सोचा है आपने इतने छेदों वाली

कभी सोचा है आपने इतने छेदों वाली बॉसुरी एक छोटी सी लकडी जिसमें जब-जब हवा गुज़रती है जिसे आप मधुर संगीत कहते हैं कह उठते हैं वाह वाह जानते हैं क्या कैसे बजाने वाले की सॉसे बजती हैं मुझे तो लगता है बॉसुरी में बजती हैं सॉसे बाँस नहीं बजता बजाने वाला बजता है जब जब बजती है बॉसुरी तो राग चाहे जो भी हो उनमें बजते हैं वो कीड़े जिन्होंनें भूख मिटाने के लिये बाँसों में छेद कर दिये थे बॉसुरी के इतिहास में उन कीड़ों का कोई ज़िक्र नहीं जब हवा उन छेदों से होकर गुज़रती है तो बॉसों का रोना केवल बॉसों को सुनाई देता है यहॉं तक कीड़ों को भी पता नहीं होता कि वे संगीत के इतिहास में हस्तक्षेप कर रहें हैं उन्होंने एक ऐसे वाद्य का आविष्कार कर दिया है जिसमें बजाने वाले की सॉसें बजती हैं बांस नहीं बजता बजता हैं केवल बजाने वाला बेनू सतीश कॉंत?? - **बेनु सतीश कांत**

उत्तर दो मन मेरे क्यों टूट टूट

उत्तर दो मन मेरे क्यों टूट टूट जाते हैं सारे प्रण मेरे- उत्तर दो मन मेरे,, मेरे अपने मुझे अनजाने से लगते हैं- संबंधी तथाकथित बेगने से लगते हैं, संयम के व्रत मेरे खंडित हो जाते हैं- संकल्प निरापराधी दंडित हो जाते हैं, क्यों चिटख चिटख जाते हैं सब दर्पण मेरे- उत्तर दो मन मेरे,, प्रज्ञा सोई रहती है जागती हैं कुंठाएं-विकृतियां हमेशा चलती है दाएं बाएं, किस्तों में कर्ज तन को देना पड़ता है- जीने के विभ्रम में क्षण क्षण मरना पड़ता है, क्यों फिसल फिसल जाते हैं जीवन के क्षण मेरे, उत्तर दो मन मेरे।

- ललित उपाध्याय

तुमसे बिछडन मेरे प्राणों पर आघात प्रिय

तुमसे बिछडन मेरे प्राणों पर आघात प्रिये भूल चुका हूँ अब मै कैसे हसते है बिन बात प्रिये।। सांसों की गरिमा थी महक तुम्हारे बातों की शब्दों की ऊष्मा से सींचे थे कितने दिन रात प्रिये ।। ढूढ रही पगली सी इक बदली हमको बरसों से हम भी भीगे बारिश मे या भीगी थी बरसात प्रिये।। सृष्टि जब कुछ लेती है वापस भी कुछ देती है शब्दों से तुमको पा लेना भी तो है सौगात प्रिये।। इक दिन तुममे जो है मेरा बिदा कराने आऊंगा एहसासों की डोली होगी यादों की बारात प्रिये ।। - **अजय मिश्रा अभिज्ञ**

और कितना बड़ा हो जाऊं.. जितना

और कितना बड़ा हो जाऊं.. जितना हूँ ज्यादा हूँ.. अब तो कुछ छोटा हो जाऊं.. और कितना बड़ा हो जाऊं। आप कह कर पिता जी बुलाने लगे.. आंख चुरा कर सगे आने जाने लगे.. दोस्त बचपन के जाने अनजाने लगे.. हाथ जोड़े खड़े मुस्कुराने लगे.. स्वजन जलसों में अब तो किनारे दिखे.. औने बौने दिखे और बेगाने दिखे.. आफत अब हुई यह बड़प्पन मेरी.. घड़ी भर पहले तो थी लड़कपन मेरी। इससे पहले की अब खो जाऊं.. जितना हूँ ज्यादा हूँ .. अब तो कुछ छोटा हो जाऊं। **- राकेश मिश्रा**

कहां चलता है कोई आस्था पर

कहां चलता है कोई आस्था पर सभी कायम हैं अपनी धूर्तता पर मैं अपना घर भी इक दिन खोदता पर हसीं आती है ऐसी मूर्खता पर ज़मीं में दफ्न है जो इक सदी से किसे विश्वास है उस देवता पर अदालत है या है तलवार कोई जो लटकी है हमारी एकता पर हमारा घर उजाड़ा जा रहा है कोई ये क्युं नहीं है सोचता पर नई नस्लें जो उड़ना चाहती हैं इन्हीं का क्युं कोई है काटता पर गली कूचे लहू से सन गये हैं मगर है जश्न यारों रेखूता पर। **- राजीव कुमार**

QUIZ TIME

1) फर्जी एसएमएस से निपटने के लिए दूरसंचार विभाग ने 29 मई, 2024 को कौन-सी पहल शुरू की?

2) किस निजी बैंक ने लक्षद्वीप में अपनी पहली शाखा स्थापित की हैं?

3) स्टार्टअप महाकुंभ 2024 का केन्द्रीय विषय क्या है?

4) किस युद्ध से भारत में मुस्लिम शक्ति की स्थापना हुई?

5) राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग का अध्यक्ष किसे नियुक्त किया गया है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) संचार साथी पहल (2) एचडीएफसी (3) भारत इनोवेट्स (4) तराइन का द्वितीय युद्ध (5) डॉ.बी.एन.गंगाधर

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषःशुभ फलदायी रहेगा। सार्वजनिक एवं व्यावसायिक क्षेत्र पर व्यवहारिकता से नए संबंध बनाएंगे।

वृषः आज भी दिन आपके पक्ष में रहेगा लेकिन आज आपके अंदर समझ की कमी भी रहेगी सही की जगह गलत बातो का समर्थन करना घर अथवा बाहर वैचारिक मतभेद बनाएगा।

मिथुनः आर्थिक दृष्टिकोण से निराश करने वाला रहेगा। धन की आमद बुद्धि बल का प्रयोग करने पर ही होगी।

कर्कःपिछले कुछ दिनों से चल रही आर्थिक स्थिति आज भी यथावत रहेगी प्रयास करने पर कही से खर्च लायक साधन जुटा लेंगे लेकिन मन मे भविष्य को लेकर दुविधा लगी रहेगी।

सिंहःआज के दिन अनिर्णय की स्थित किसी भी कार्य को समय पर होने से रोकेगी। मेहनत करने के पक्ष में आज बिल्कुल नही रहेंगे।

कन्याःआज के दिन आप सौंदर्य के प्रति विशेष आकर्षित रहेंगे। मौज शौक साज सज्जा के सामान पर दिल खोल कर खर्च करेंगे।

तुलाःआज का दिन संघर्षमय रहेगा। दिन के प्रथम भाग में ही थोड़ी शांति अनुभव करेंगे लेकिन इसके बाद किसी कारण से भय बना रहेगा।

वृश्चिकःआज का दिन सार्वजनिक क्षेत्र से सम्मान दिलाएगा दिन के आरंभ में किसीकी बेतुकी बात को लेकर क्रोध में रहेगें थोड़ा बहुत गुस्सा दिन भर बना ही रहेगा।

धनुःआज का दिन भी सफलता वाला है लेकिन अपनी वाणी एवं व्यवहार को संतुलित रखना जरूरी है।

मकरःदिन के आरम्भ में अन्य दिनों की तुलना में अधिक पूजा पाठ करेंगे। लघु धार्मिक यात्रा के भी योग है।

कुंभःआज आपके अंदर साहस की कमी रहेगी लोगो के सामने अपनी शेखी दिखाएंगे लेकिन अंदर से हालात कायर जैसे रहेंगे।

मीनःआज के दिन लाभ के अवसर आपकी तलाश में रहेंगे। दिन में जिस किसी के भी संपर्क में रहेंगे उससे कुछ ना कुछ लाभ अवश्य होगा।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. खूब कसा हुआ, फुर्तीला, जो शिथिल व आलसी न हो 3. सार्वजनिक स्थान, संस्था, अस्तित्व, समिति 4. पौरुष, पुरुषत्व, मर्द होने का भाव 6. अंधेरा, अंधकार 7. लिपाई करना 9. शरीर, काया, जिस्म 10. मां के पिता, विभिन्न 12. महीना, मास 14. प्रियतम, बलमा, सजना 15. पांडवों का सबसे छोटा भाई 17. नशा, घमंड, खाता 19. वनोपज, वन से प्राप्त सामग्री 21. शक्तिशाली, बलवान 24. तीव्र इच्छा 25. हथेली।

ऊपर से नीचे

1. निंदा, बुराई 2. निर्जीव, निष्प्राण 3. ध्वनियों या स्वरों का विशिष्ट लय में प्रस्फुटन, धुन, म्युजिक 4. झुका हुआ, विनीत 5. रूठे हुए को प्रसन्न करना, राजी करना 8. आश्रय, शरण 11. जन्म, जिंदगी 12. इंसानियत, मनुष्यता 13. रास्ता, मार्ग 14. एक हिंदी महीना, श्रावण 15. सपाट, जो ऊबड़-खाबड़ न हो 16. पति का छोटा भाई 18. गहरा कीचड़, पंक 20. आत्मा, अंतःकरण (उ.) 22. बीता हुआ या आने वाला दिन 23. बगुला।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 255 का हल

गु	मा	न			प	यो	द	
न		ह	क	दा	र		ल	य
ह	वा	ला	त		च		द	म
गा			रा	ज	म	ह	ल	
र	ई	स		ग		स		अ
	मा		प	त	बा	र		ल
ख	न	क	ना		ह	त		बे
स	दा		ह		वा		शो	ला
रा	र				ही	र	क	

न्यूज गैलरी

इंद्रजीत के पहल पर मिली 25 हजार की सहयोग राशि

भिलाई। ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर्स एसोशिएशन अध्यक्ष इंद्रजीत सिंग छोटू के पहल पर ट्रांसपोर्टर्स एसोशिएशन द्वारा अपनी सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए संस्था के चालक सदस्य संदीप यादव की बहन कुमारी आरती यादव पिता बलराम यादव निवासी खुर्सीपार के विवाह के लिए केम्प् गुरुद्वारा कमेटी अध्यक्ष बलदेव सिंग, सचिव स्वर्ण सिंग, कोषाध्यक्ष हरपाल सिंग के हाथों 25 हजार नगद सहयोग व शुभकामनाए दिए। इस दौरान एसोशियेशन के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंग (छोटू), संरक्षक महेंद्र सिंग, कार्यकारणी अध्यक्ष अनिल चौधरी, महासचिव मलकित सिंग, कोषाध्यक्ष जोगा राव, सचिव शाहनवाज, रिज्जू सिंह, रमन राव अन्य सदस्य व पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

महिला-बच्चों को जलाने का प्रयास

भिलाई। उधार की कार को हादसे के बाद आग लगाने की घटना सामने आई है। दरअसल एक युवक पहचान वाले से कार मांग कर ले गया था, रास्ते में गाड़ी का एक्सीडेंट हो गया। जिसे बनवाने को लेकर विवाद हो गया। थाने में शिकायत करने पर आरोपी ने कार में तोड़फोड़ कर आग लगा दी। पीड़ित महिला का आरोप है कि उसे और उसके बच्चों से मारपीट कर उन्हें जलाने की कोशिश की गई। घटना जेवरा सिरसा चौकी क्षेत्र के देवार मोहल्ले की है। शिकायतकर्ता सुभद्रा गोस्वामी का आरोप है कि, पुलिस ने कार में तोड़फोड़ की घटना पर कोई एक्शन नहीं लिया इसलिए मनोज यादव ने गुंडागर्दी। पुलिस ने अब दोनों पक्ष के खिलाफ काउंटर केस दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि, दोनों एक ही गांव के रहने वाले हैं।

मोहन नगर टीआई लाइन अटैच

भिलाई। एसपी जितेंद्र शुक्ला ने मोहन नगर थाने की टीआई मोनिका पाण्डेय को लाइन अटैच कर दिया है। मोहननगर थाना क्षेत्र से एक शिकायतकर्ता गांजा लेकर आईजी ऑफिस पहुंचा था। इसके बाद यह कार्रवाई की गई है। एसपी ने 3 दिसंबर की शाम मोहन नगर थाना प्रभारी को लाइन अटैच करने का सिंगल आदेश निकाला था। मोनिका पाण्डेय काफी वरिष्ठ थाना प्रभारी हैं। लंबे समय तक दुर्ग जिले में काम कर चुकी है। अचानक आए इस आदेश से पुलिस महकमे में चर्चा का विषय बना है। पुलिस विभाग के पुष्ट सूत्रों से जानकारी मिली है कि, मोहन नगर थाना इलाके से कोई व्यक्ति दुर्ग आईजी रामगोपाल गर्ग के पास पहुंचा था। उसने शिकायत की मोहन नगर थाने में गांजा बिक रहा है। इसके बाद आईजी ने एसपी जितेंद्र शुक्ला को यह बात बताई। एसपी ने तुरंत कार्रवाई करते हुए टीआई मोनिका पाण्डेय को थाने से हटा दिया।

नाबालिग ने थाना से महज 100 मीटर की दूरी पर 9 बार घोंपा चाकू

शादी में रसगुल्ला नहीं देने पर दोस्त को मारा चाकू

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। शादी पार्टी में रसगुल्ला नहीं देने पर नाबालिग ने चाकू मारकर दोस्त की हत्या कर दी। दोस्त की गर्दन पर एक बार और पेट पर 8 बार चाकू घोंपा। वारदात के बाद नाबालिग बदमाश ने थाने में जाकर सरेंडर कर दिया। पुलिस से कहा कि मार दिया हूं। मामला जेवरा सिरसा चौकी क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक घटना पुलिस थाने से 100 मीटर की दूरी पर हुई है। जेवरा गांव के सामाजिक भवन में सुनीत साहू के बेटे की शादी की पार्टी थी। शादी में ज्यादा रसगुल्ला बांटने से मना किया था इसलिए युवक ने देने से इनकार कर दिया था। बताया जा रहा है कि इसी बात से नाराज नाबालिग बदमाश का वेल्डिंग का काम करने वाले सागर ठाकुर (20) से विवाद हो गया। किसी तरह लोगों ने वहां मामला शांत कराया, तो दोनों बाहर निकलकर चले गए। इसके बाद चौकी के पास दोनों फिर लड़ने लगे, तभी नाबालिग ने अपने दोस्त के पेट और शरीर पर चाकू घोंप दिया।

युवक ने इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया

स्थानीय लोगों ने तत्काल घायल युवक को गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मृतक सागर ठाकुर 3 भाई में सबसे छोटा था। वारदात के बाद नाबालिग वहां से भाग गया। हालांकि बाद में उसने थाने जाकर खुद को सरेंडर किया और चाकू से मारने की जानकारी दी।

अपराधियों को पुलिस का संरक्षण- परिजन

मृतक के परिजनों का कहना है कि, आरोपी का पूरा परिवार अपराधी है। वह गांजा बेचने का काम करते हैं। पुलिस को उनका संरक्षण है। इसलिए पुलिस चौकी के पास होने के बावजूद उन पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। रसगुल्ले को लेकर विवाद जरूर है, लेकिन षड्यंत्र के तहत हत्या की गई है।

आरोपी के मां-बाप भी अपराधी

बताया जा रहा है कि, नाबालिग आरोपी बदमाश है उसकी मां निगरानी बदमाश है। पिता भी आपराधिक घटना में शामिल रहा है। अभी बीमार रहता है। घटना के बाद माता-पिता घर छोड़कर कहीं भाग गए हैं। वहीं, पोस्टमॉर्टम के बाद पुलिस ने शव को परिजनों को सौंप दिया है, जिसके बाद परिवार ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। एएसपी अभिषेक झा का कहना है कि, नाबालिग को हिरासत में ले लिया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

बीएसपी ने की कार्यवाही

भिलाई। इस्पात संयंत्र नगर सेवाएं विभाग के प्रवर्तन अनुभाग द्वारा आज अवैध कब्जेधारियों के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही करते हुए टाउनशिप के 15 बीएसपी आवासों में पुलिस प्रशासन के सहयोग से बेदखली कार्यवाही की गई। प्रवर्तन विभाग द्वारा सेक्टर-6 के 11 आवास, सेक्टर-1, सेक्टर-2, सेक्टर-7 तथा रिसाली सेक्टर के एक-एक आवास को खाली करवाया तथा सभी रिक्त आवासों में से कुछ आवास को रखरखाव कार्यालय, कुछ को आवंटी तथा कुछ आवासों को संपदा न्यायालय को सुपुर्द किया गया। संपदा न्यायालय से डिक्री पारित तीन आवासों में बेदखली की कार्यवाही लंबित थी, इन आवासों में बेदखली पष्चात विद्युत विभाग द्वारा विद्युत विच्छेद किया। इन आवासों को दलालों, भू माफियाओं, अपराधियों द्वारा किराया पर चलाया जा रहा था। ऐसे अवैध कब्जाधारी जिनके विरुद्ध संपदा न्यायालय, डिक्री आदेष पारित कर चुकी है बावजूद लंबे समय से अवैध कब्जे को खाली नहीं कर रहे थे।

कलेक्टर चौधरी की अध्यक्षता में जिला क्रीडांगन निर्माण समिति की बैठक

बीसीसीआई के साझेदारी से रविशंकर स्टेडियम का कायाकल्प

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभा कक्ष में जिला क्रीडांगन निर्माण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने जिला क्रीडांगन समिति में नए सदस्यों के मनोनयन, रविशंकर स्टेडियम के जीर्णोद्धार एवं निर्माण कार्य, लीज प्रक्रिया, युवा उत्सव आयोजन एवं अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा कर संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए।

बैठक में जिला क्रीडांगन समिति में नये सदस्यों को शामिल करने हेतु प्रस्ताव रखा गया, जिस पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में विधायक गजेन्द्र यादव, विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा एवं महापौर धीरज बाकलीवाल भी उपस्थित थे।

कलेक्टर चौधरी ने अवगत कराया कि रविशंकर स्टेडियम को 33 साल के लिए बीसीसीआई को लीज पर दिया जाएगा। बीसीसीआई द्वारा स्टेडियम को अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विकसित किया जाएगा जिससे खेल के क्षेत्र में इसे नई पहचान मिलेगी। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देषित करते हुए कहा कि स्टेडियम में खेल के अतिरिक्त अन्य कार्यक्रम या स्टेडियम के आस-पास अन्य असमाजिक गतिविधियां न हो इस बात का विषेष ध्याान रखा जाए। उन्होंने कहा कि स्टेडियम में जनवरी माह में प्रदेश स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन होना है। इसको देखते हुए जनवरी के पहले स्टेडियम में आवश्यक निर्माण कार्य एवं जीर्णोद्धार कार्य पूर्ण कराए जाएं।

कलेक्टर चौधरी ने विकासखण्ड स्तरीय एवं जिला स्तरीय स्तरीय युवा उत्सव आयोजन के संबंधित तैयारियों एवं गतिविधियों की जानकारी ली। खेल एवं विकासखण्ड नोडल अधिकारी ने आयोजन स्थल एवं आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी। कलेक्टर चौधरी ने कहा खेल गतिविधियों में गढ़वा बाजा को शामिल किया जाएगा। छत्तीसगढ़ी लोकगीतों के आयोजन में मोहरी वादन को जोड़ा जाएगा। बैठक में एडीएम अरविन्द एक्का, संयुक्त कलेक्टर हरवंश सिंह मिरी, अपर कलेक्टर मुकेश रावटे, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहायक संचालक विलियम लकड़ा एवं संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

आपदा से निपटने का दिया प्रशिक्षण

अंजोरा/नवप्रदेश। प्रथम घुड़सवार रेजिमेंट एनसीसी अंजोरा द्वारा आयोजित संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में जिला अग्निशमन एवं एस डी आर एफ के संयुक्त टीम ने एनसीसी के कैडेटों को आग, बाढ़ जैसे भयानक आपदाओं से निपटने का प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें बाढ़ में बहने से स्वयं एवं दूसरे को कैसे बचाया जा सकता है तथा डूबे हुये व्यक्ति को किस प्रकार प्राथमिक चिकित्सा प्रदान करना है इसका विस्तृत जानकारी जिला होमगार्ड एवं एस डी आर एफके कमान्डेंट नागेन्द्र सिंह द्वारा कैडेटों को दिया। प्रशिक्षण के दौरान आग से भी निपटने तथा रसोई गैस सिलेंडर में लगे आग को बुझाने का तरीका भी बताया गया। पानी में डूबे हुए व्यक्ति का कैसे रेसक्यु किया जाता है इसके बारे में भी शिवनाथ नदी में नाव के द्वारा डेमो के माध्यम से बताया गया। शिविर में एनसीसी ग्रुप हेडक्वार्टर रायपुर के निर्देशन पर 38 छत्तीसगढ़ बटालियन एनसीसी राजनांदगाँव द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के 90 कैडेटों को आपदा मित्र योजना के तहत प्रशिक्षण हेतु यहाँ भेजा गया है।

311 सहकारी समिति को मिलेगा लाभ

सहकारी बैंक की ऋण समिति ने 2.07 करोड़ स्वीकृत की ऋण

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। प्राधिकृत अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में ऋण उपसमिति की बैठक बैंक कार्यालय में आज सम्पन्न हुई। बैठक में संचालक सदस्य अवधेश मिश्रा उप पंजीयक सहकारी संस्थाएँ दुर्ग, उपसंचालक कृषि दुर्ग से प्रतिनिधि विकास साहू एवं श्रीकांत चन्द्राकर मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अतिरिक्त मुख्य पर्यवेक्षक कुसुम ठाकुर उपस्थित थे। बैठक में बैंक के कार्यक्षेत्र जिला दुर्ग, बालोद, बेमेतरा के अंतर्गत 311 सहकारी समिति से संबंधित कृषकों का फसल ऋण के साथ-साथ उद्यानिकी प्रकरणों में 11 कृषकों को 25 लाख ऋण स्वीकृत, गौपालन के 23 नवीन ऋण प्रकरणों में 45.40 लाख एवं नवीनीकरण के अंतर्गत 45 प्रकरणों में 87.42 लाख, मत्स्य पालक कृषकों के 2 प्रकरणों में 3.81 लाख की ऋण एवं नवीनीकरण अंतर्गत 2 प्रकरणों में 4 लाख, किसान क्रेडिट कार्ड ऋण योजनांतर्गत बकरी पालन हेतु 1 नवीन प्रकरणों में 1.15 लाख, कुक्कुट पालन हेतु 1 नवीन प्रकरण में 3 लाख, मध्यकालीन नार्मल योजनांतर्गत तारफेंसिंग एवं स्प्रींकलर सेट हेतु 3 प्रकरण में 3.85लाख, अकृषि मध्यकालीन व्यक्तिगत ऋण हेतु 5 प्रकरणों में 25 लाख, स्वयं सहायता समूहों को 08 प्रकरणों में 9 लाख ऋण कुल 101 प्रकरणों में 207 करोड़ की ऋण की स्वीकृति दी।

स्कूल के औचक निरीक्षण में आयुक्त पाण्डेय ने बच्चों को क्लास में पढ़ाया

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। निगम क्षेत्रांतर्गत स्वामी आत्मानंद स्कूल संचालित किया जा रहा है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय प्रातः स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल खम्हरिया का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होने स्कूल में विद्यार्थियों को दी जाने वाली सुविधाओ को बारीकी से देखा कि विद्यार्थियो को किसी प्रकार की कोई असुविधा तो नहीं हो रही है साथ ही स्कूल में बैठने के टेबल-कुर्सी, पीने का पानी, शौचालय, लाईट, पंखा आदि को अच्छे तरह से निरीक्षण किये, जिससे स्कूल में पढने वाले बच्चों, पढ़ाने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं को किसी प्रकारी की परेशानी तो नहीं हो रही है। आयुक्त स्कूल का पुरी तरफ से निरीक्षण करने पश्चात बच्चो के क्लास रूम में गये। वहां पर देखे की सभी विद्यार्थी अच्छी तरह से पढ़ाई कर रहे है। टीचर्स भी अच्छी तरह से पढा रही थी। आयुक्त पाण्डेय ने विद्यार्थियो की किताब को हाथ में लेकर कुछ सवाल किये, उनसे प्रश्न करने लगे और बच्चे बड़े ही जोश भरे आवाज से जवाब दे रहे थे। बच्चों से उनके क्लास के अनुसार सवाल कर रहे थे, जैसे राष्ट्रगान कितने सेकंड में पढ़ना चाहिए, राजिम कौन से जिले में स्थित है, छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्यमंत्री का क्या नाम है, बांग्लादेश कौन से दिशा में है, बच्चों से गणित एवं अंग्रेजी के प्रश्न भी पूछे क्लास में रीडिंग कराते हुए कविता पूछे। यह भी सवाल था कि कौन-कौन बच्चे घर से सुबह खाना खाकर नहीं आते हैं। कुछ बच्चों ने हाथ खड़ा किया उपस्थित शिक्षिका से उनके पेरेंट्स को समझने को कहा की बच्चों को सुबह नाश्ता कराके ही स्कूल भेजा करें । आयुक्त ने बच्चो से कहा किसी भी प्रकार का प्रश्न को अपने मन में रहने नहीं देना चाहिए। बेजिझक अपने क्लास टीचर्स से पूछना चाहिए, क्योकि प्रश्न करने से ही उसका जवाब मिलता है। दूसरे छात्र को भी पता चलता है। अंत में टीचर्स को भी समझाये बच्चो की पढ़ाई में पूरा सहयोग करें, किसी प्रकार की समस्या हो तो उसका शीध्र निराकरण किया जाए।

निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, जनसम्पर्क अधिकारी अजय शुक्ला, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू आदि उपस्थित रहे।

निगम से 6 हुए सेवानिवृत्त

भिलाईनगर। निगम सभागार में सोमवार को 62 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके 6 कर्मचारियों को स-सम्मान बिदाई दी गई। निगम प्रशासन की ओर से कर्मचारियों को शॉल और श्रीफल भेंट करते हुए सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना किए। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जोन क्रमांक-1 से यतराम चन्द्रकार पम्प सहायक, संपत्तिकर विभाग से नरहर लाल यादव चैकीदार, जोन क्रमांक-2 से उषा जोशी भृत्य, जोन क्रमांक-2 से बुधरू सफाई कामगार, जोन क्रमांक-4 से ताम्रध्वज बारले सफाई कामगार, जोन क्रमांक-5 से अर्जुनलाल सफाई कामगार को निगम प्रशासन की ओर से स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए।

कुम्हारी के सौरभ बने डिप्टी कलेक्टर, नगर में हर्ष

नवप्रदेश संवाददाता

कुम्हारी। छग लोक सेवा आयोग (सीजीपीएससी) परिणाम जारी होने के बाद पदों पर चयनित अभ्यार्थियों की सूची जारी की गई है। मेरिट सूची में आने वाले 8 अभ्यर्थियों का डिप्टी कलेक्टर के पद पर चयन हुआ है, इनमें से एक सौरभ दीवान भी हैं जो डिप्टी कलेक्टर पद हेतु चयनित हुए। उन्होंने इस उपलब्धि को 5वें प्रयास में हासिल की है। उन्हें 2023 सीजीपीएससी परीक्षा में 280 वां रैंक प्राप्त हुआ, वहीं उन्हें आरक्षित कोटे के अंतर्गत दूसरा स्थान प्राप्त हुआ और डिप्टी कलेक्टर के पद पर चयनित हुए हैं। मूलतः महासमुंद जिले के ग्राम पटेवा निवासी डॉ जीसी दीवान एवं द्रौपदी दीवान के सुपुत्र सौरभ का जन्म पटेवा ग्राम में हुआ । चूंकि माता पिता की इच्छा थी कि सौरभ की शिक्षा दीक्षा उत्कृष्ट हो इसलिए उन्होंने कुम्हारी निवासी अपनी बहन जीडी ठाकुर एवं दमाद डॉ बीएल ठाकुर के यहां बाल्यावस्था में ही सौंप दिया। अपने बुआ के यहां रहकर एकाग्र होकर पढ़ाई करते हुए सौरभ ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा कुम्हारी स्थित विद्या ज्योति इंग्लिश मिडियम स्कूल से की। वहीं उच्च शिक्षा मेकेनिकल इंजीनियर बीआईटी दुर्ग से पूर्ण होने बाद दिल्ली आईएएस कोचिंग बिलासपुर से तैयारी कर अंतः लक्ष्य प्राप्त कर लिया। सौरभ का चयन उनकी बौद्धिक कुशाग्रता और लक्ष्य प्राप्ति के प्रति लगन का ही परिणाम है जिसकी प्रशंसा करते हुए लोगों ने उन्हें बधाई और शुभकामनायें दी हैं।

भर्ती प्रतिभागियों से मिलकर विधायक गजेन्द्र ने बढ़ाया हौसला

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। अग्निवीर भर्ती की तैयारी में जुटे 79 प्रतिभागियों के प्रशिक्षण पूर्ण होने पर विधायक गजेन्द्र यादव ने शुभकामनायें दी। आज सुबह मॉर्निंग विजिट प्रतिभागियों से संवाद कर रायगढ़ में होने वाले आगामी दक्षता परीक्षा में परचम लहराने हौसला बढ़ाये। जिला प्रशासन के रोजगार एवं मार्गदर्शन केंद्र द्वारा अग्निवीर भर्ती का प्रशिक्षण दिया जाता है। रविशंकर स्टेडियम में अभ्यास के दौरान इनसे मुलाकात होने पर इन्होंने कुछ समस्या बताई थी जिसे विधायक गजेन्द्र यादव के पहल से उनकी सुविधाओ में बढ़होत्तरी की गई। दुर्ग जिले के अलग अलग क्षेत्रों के 79 प्रतिभागी जिन्होंने अग्निवीर भर्ती में लिखित परीक्षा पास करने के बाद शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु एक माह तक इन्हें आवसीय ट्रेनिंग जिला प्रशासन द्वारा प्रदान किया गया। आज ट्रेनिंग के अंतिम दिन विधायक गजेन्द्र यादव इनसे मिलने पहुँचे और लक्ष्य बनाकर आगे बढ़ने प्रेरित किये, उन्होंने सभी प्रतिभागियों से व्यक्तिगत परिचय प्राप्त कर उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दिए। इस दौरान उपसंचालक आर. के. कुर्रे, कोच विनोद नायर, बालकदास डाहरे उपस्थित रहे।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्री ललेश्वर कुमार साहू | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202412100400009/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्री ललेश्वर कुमार साहू आ. श्री भुखुराम साहू निवासी कृष्णा नगर भिलाई तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम नगपुरा प.ह.न. 02 तह. व जिला दुर्ग	1984/21	0.023 हें 251 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति/दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 02/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम जानकी बाई | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202411100400409/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्री जानकी बाई आ./पति रुपलाल साहू निवासी आर्य नगर कोहका तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम कोहका प.ह.न. 45 तह. व जिला दुर्ग	636/6	0.0100 हें 960 वर्गफीट	आवासीय

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति/दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 29/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम कांति साहू | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202411100400411/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्री कांति साहू आ. श्री रवि साहू निवासी भनपुरी धरसिवा रायपुर तह.व जिला रायपुर द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम कोहका प.ह.न. 45 तह. व जिला दुर्ग	42/18	0.009 हें 1020 वर्गफीट	आवासीय

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति/दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 29/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र/अ-06/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका आवेदकगण श्रीमती सावित्री यादव पति-स्व. श्री रमेश यादव उम्र- 51 वर्ष एवं अन्य-03 निवासी मकानं नंबर-519, सिरसाखुर्द बाजार चौक पोस्ट ऑफिस एवं चौकी जेवरा सिरसा तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा स्थित भूमि मौजा-सिरसाखुर्द प.ह.नं.- 03, रा.नि.म. जुनवानी तहसील व जिला दुर्ग छ0ग0 में स्थित भूमि खसरा नंबर 494/1, रकबा 0.0300 हेक्टेयर भूमि जो कि आवेदिका के पति एवं अन्य खातेदारों का नाम शामिलात रूप से राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार स्व0 रमेश यादव पिता-स्व. खोरबाहरा एवं श्रीमती देवन्तीन बाई पति स्व. खोरबाहरा का स्वर्गवास दिनांक 04/07/2024 एवं 20/11/2024 हो जाने के कारण राजस्व अभिलेख से नाम विलोपित कर खातेदारों/वारसिानों का नाम दर्ज किये जाने एवं शेष खातेदारों का नाम यथात् रखे जोन हेतु फौती नामांतरण आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 20/12/2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 04/12/2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 03 जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र- 20241113300030 /ब-121/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रा.प्र.क्र. 20241113300030/ब-121/ वर्ष 2024-25 आवेदिका रामेश्वरी साहू पिता धन्नू लाल साहू निवासी ग्राम रसमड़ा तह. व जिला दुर्ग के द्वारा स्वयं का जन्म प्रमाण पत्र चाहा गया है जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 05.12.2024 तक स्वयं अथवा विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित आपत्ति आवेदन पेश कर सकतें हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22.11.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र/20241104700073 /अ-27/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सतीश यादव पिता झुमुकलाल यादव निवासी करंजा भिलाई तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कचांदुर तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 101/1, 102/1 रकबा कुल 0.8400 हेक्टेयर भूमि जो कि आवेदक एवं सहखातेदार के नाम वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के आपसी सहमति के आधार पर खाता विभाजन किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 09/12/2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 25/11/2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.202411100700055 /अ-6अ/वर्ष 2024-25
ग्राम-बोरसी, प.ह.न. 39

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती श्यामा चन्द्राकर पति महावीर चन्द्राकर निवासी वार्ड नं.-52, बोरसी दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम बोरसी, प.ह.न. 39, तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 78/25, 79/11 रकबा 0.014 हे. जो कि आवेदिका के नाम पर राजस्व अभिलेख में भूमिस्वामी हक में दर्ज है, जिसे आवेदिका के द्वारा कय कर भूमि का नामांतरण कराकर ऋण पुस्तिका प्राप्त किया गया है, जारी ऋण पुस्तिका में आवेदिका श्रीमती श्यामा चन्द्राकर पति महावीर चन्द्राकर का नाम दर्ज है, किन्तु वर्तमान ऑनलाईन में शशांक रस्तोगी पिता योगेन्द्र प्रकाश रस्तोगी का नाम प्रदर्शित हो रहा है, जो कि त्रुटिपूर्ण है का लेख करते हुये खातेदार का नाम दर्ज कर रिकार्ड शुद्ध किये जाने बाबत् आवेदन पत्र संबंधित दस्तावेजों को संलग्न कर इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति/संस्था/समिति को उपरोक्तानुसार भूमि के संबंध में दावा/आपत्ति/आक्षेप हो तो वे इस न्यायालय में नियत आगामी पेशी तिथि 25/12/2024 तक स्वयं या अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर लिखित दावा/आपत्ति/आक्षेप प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि बाद प्राप्त दावा/आपत्ति/आक्षेप पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08/11/2024 को यह उ?द्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

पंजी. नं. 202412100600007 /अ-2/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री सुरेश कुमार यादव आ./पति श्री विष्णुप्रसाद यादव निवासी मुड़पार तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा ग्राम चुनकट्टा प.ह.न. 23 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 302/84 रकबा 0.0155 हें/ भूमि पर आवासीय प्रयोजन में डायवर्सन कराने हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 के तहत् प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 19.12.2024 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आवेदन में कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 04/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

शिवरतन शर्मा कल 6 दिसम्बर को ग्राम धौराभाठा में करेंगे विकास कार्यों का लोकार्पण

भाटापारा/नवप्रदेश। प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा अपने ग्रामीण क्षेत्र के दौरे अंतर्गत कल 6 दिसम्बर शुक्रवार को ग्राम पंचायत धौराभाठा (एस) में आयोजित विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन करेंगे।श्री शर्मा के आगमन की सूचना मिलते ही कार्यक्रम को अंतिम रूप देने की तैयारी पूरी कर ली गई। ग्राम पंचायत धौराभाठा (एस) के सचिव लखेश्वर वर्मा ने बताया कि 6 दिसम्बर शुक्रवार को प्रथम,चतुर्थ और पंचम विधान सभा के सदस्य शिवरतन शर्मा का दोपहर 3 बजे ग्राम में आगमन हो रहा है जहा वे मुख्य अतिथि के रूप में सामुदायिक भवन,सुग्घर हटरी,स्कूल सौंदर्यीकरण, प्योर ब्लाक कार्य का लोकार्पण तथा एक अन्य सामुदायिक भवन निर्माण का भूमिपूजन करेंगे।इन सभी कार्यक्रमों की अध्यक्षता ग्राम के सरपंच प्रेमनारायण चौबे करेंगे।इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में राकेश तिवारी,डब्लू सिंह ठाकुर,जनपद सदस्य रोशन साहू,पवन वर्मा,संकेत अग्रवाल,देवीलाल साहू,संजय साहु विशेष अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

एट्रोसिटी एक्ट जैसे गंभीर मामले कब से राजनीतिक होने लगे हैं: भूपेश

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार में गृह मंत्री विजय शर्मा एक बार फिर अपने करीबियों को गंभीर मामलों से बचाने को लेकर विवादों में पड़ गए हैं। प्रदेश सरकार ने भाजपा के 54 बड़े नेताओं के खिलाफ दर्ज बलवा, मारपीट, कांग्रेस कार्यालय में घुस कर तोड़ फोड़ और एट्रोसिटी एक्ट जैसे गंभीर मामलों के खात्मे के निर्देश केबिनेट की बैठक में दे दिए हैं। इन नेताओं में भाजपा के विधायक-मंत्री जैसे बड़े नेता भी शामिल हैं। वहीं साल 2019 में उप-मुखयमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा के करीबी माने जाने वाले गौ सेवा आयोग के मौजूदा अध्यक्ष विशेषर पटेल के खिलाफ होली के समय एक दलित डॉक्टर के साथ ड्यूटी के दौरान कवर्धा के अस्पताल में अपने साथियों के साथ घुस कर मारपीट और जाति सूचक गाली गलौज किए जाने पर एट्रोसिटी एक्ट की गैर जमानती धारा में अपराध दर्ज किया गया था। लेकिन गृहमंत्री के मूल जिले और करीबी माने जाने वाले आरोपी के विरुद्ध दर्ज इस गंभीर मामले को भी खत्म करने का आदेश जारी किया गया है। केबिनेट के इस आदेश पर राज्य के विपक्षीय दल कांग्रेस ने कई सवाल खड़े किए हैं। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने वर्तमान की बीजेपी सरकार के इस फैसले की कड़ी निंदा करते हुए सोशल मीडिया में एक पोस्ट किया है। बघेल ने गृह मंत्री विजय शर्मा और भारतीय जनता पार्टी पर विशेषर पटेल के प्रकरण को खत्म किए जाने के आदेश पर आपत्ति जताते हुए लिखा है की विशेषर पटेल को छत्तीसगढ़ सरकार ने गौ आयोग का अध्यक्ष घोषित किया है लेकिन उन पर साल 2019 में दर्ज मामले को विशुद्ध रूप से राजनीतिक बताते हुए वापस लिए जाने का फैसला किया है। भूपेश ने आगे लिखा है कि विशेषर पटेल पर गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज है जो की फिलहाल न्यायालय में विचाराधीन है। भूपेश बघेल ने आरोप लगाते हुए लिखा है की समझ में नहीं आता है की अनुसूचित जाति के एक डॉक्टर के साथ अस्पताल में घुसकर मारपीट करना कौनसा राजनीतिक मामला था। साथ ही भूपेश ने तंज कसते हुए सवाल किया है कि माना कि कवर्धा उप मुख्यमंत्री एवं राज्य के गृह मंत्री विजय शर्मा का गृह जिला है लेकिन वहां विशुद्ध रूप से आपराधिक मामलों को राजनीतिक मामला बताने की छूट तो नहीं है न? उन्होंने मांग कि की सरकार को जनता से माफी मांगते हुए अपने इस फैसले को तुरंत पलटना चाहिए। साथ ही विशेषर पटेल को उनके पद से हटाया जाना चाहिए।

पीड़ित ने लगाई सरकार से गुहार

वहीं इस पुरे मामले में पीड़ित डॉक्टर सूर्यकांत भारती ने राज्य सरकार के इस फैसले पर आपत्ति जताते हुए एक पत्र लिखा है जिसमे विशेषर पटेल द्वारा किए गए कृत्य को माफ न किए जाने की मांग की गई है। प्रार्थी डॉक्टर ने अपने पत्र के साथ उपरोक्त घटना का एक वीडियो भी जारी किया है जिसमे साफ देखा जा सकता है कि विशेषर पटेल होली के दिन अस्पताल में घुसकर किस तरह से डॉक्टर पर अपने साथियों के साथ मिलकर मारपीट कर रहा है।

इतने मामले हैं दर्ज

साय केबिनेट की बैठक में मंत्रिपरिषद की समिति ने प्रकरणों को खत्म करने की सिरफिश की थी जिनमे कुल 134 से ज्यादा मामले भाजपा नेताओं के खिलाफ दर्ज हैं जिनमे मंत्री, विधायक, जिला स्तरीय नेता और राज्य के बड़े नेताओं के नाम है। फिलहाल साय केबिनेट ने इनमे से 54 आपराधिक मामलों को खत्म करने के आदेश जारी कर दिए हैं।

इन नेताओं को राहत

गृह विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिन नेताओं के केस वापस लिए जाएंगे उनमे मंत्री दयालदास बघेल, विशेषर पटेल, शकुंतला पोर्ते उद्देश्वरी पैकरा, सुशांत शुक्ल, योगेश राजू सिन्हा, गजेंद्र यादव, रिकेश सेन और सौरभ सिंह जैसे सीनियर लीडर समेत प्रदेश और जिला स्तरीय के अन्य नेता शामिल हैं।

कवर्धा शहर को मिली एक और बड़ी सौगात

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयास से 10 करोड़ की लागत से बनेगा गौरव पथ

कवर्धा/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के सरकार बनने के बाद लगातार कवर्धा क्षेत्र में विकास की गाडी तेज रफ़्तार से दौड़ने लगी है . जहाँ करोडो रूपये के विकास कार्य शहर में निर्माणाधीन है वही उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयास से कवर्धा को एक और बड़ी सौगात मिली है . वार्ड वासियों के बहुप्रतीक्षित माँग को पूरा करने के लिए प्रयासरत उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा व नगरपालिका परिषद का मेहनत धरातल पर सफल होते दिखाई देने लगा है .

नगरी प्रशासन विभाग ने नगर पालिका परिषद के प्रस्ताव पर मुहर लगाते हुए नगरपालिका क्षेत्र अंतर्गत लोहारा बायपास रोड से नवीन बाजार तक गौरव पथ निर्माण कार्य हेतु अधोसंरचना मद से 1073.88 लाख लगभग 10 करोड़ रूपये की स्वीकृति प्रदान की है 7

उक्त मार्ग निर्माण से कवर्धा शहर को घोटिया रोड चौडीकरण के साथ एक और नये चौड़ी सड़क का सौगात मिलने जा रहा है यह रोड शहर के यातायात व्यवस्था के लिए मिल का पत्थर साबित होगा साथ ही नगर विकास में इसकी बड़ी भूमिका होगी . लगातार विकसित हो रहे कवर्धा के लिए इसे बड़ी उपलब्धी के रूप में देखा जा रहा है . गौरव पथ निर्माण हेतु स्वीकृति से शहर वासियों में उत्साह है मोहल्ले वासियों ने स्थानीय विधायक को सडक स्वीकृति के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है .

भारतीय जनता पार्टी के शहर मंडल के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चन्द्रवंशी ने इस बड़ी सौगात के लिए नगर वसियो की ओर से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ,उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं सांसद संतोष पाण्डेय को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा है विगत एक वर्षो में स्थानीय विधायक एवं छत्तीसगढ़ शासन में मुख्यमंत्री विजय शर्मा जी ने कवर्धा को विकास के मुख्य धारा से जोड़ने कार्य किया है कवर्धा शहर को लम्बे समय से जिन बड़े विकास कार्यो की आवश्यकता थी उनमे बहुत से कार्य विजय शर्मा जी के प्रयास से धरातल में मूर्त रूप लेने लगा है. इसी कड़ी में कवर्धा लोहारा रोड बायपास से नवीन बाजार तक गौरव पथ का निर्माण शहर विकास में मिल का पत्थर साबित होगा . बड़े लम्बे समय से पिलारी नहर रोड में रहने वाले रहवासी इस सडक की प्रतीक्षा कर रहे है आने वाले समय में यह गौरव पथ शहर का एक और मुख्य मार्ग के रूप में विकसित होगा ।.

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मिले शिवरतन शर्मा

भाटापारा/नवप्रदेश। दिल्ली प्रवास पर गए उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष,केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से उनके दिल्ली आवास में भेंट कर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी.।वही केंद्रीय शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से भी शिष्टाचार मुलाकात की तथा दोनों केंद्रीय मंत्रियों से विभिन्न जनहित के मुद्दों पर सार्थक चर्चा की.

शिवरतन शर्मा ने दूरभाष पर चर्चा में बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप डबल इंजन की भाजपा सरकार सभी को उत्तम स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। मोदी सरकार में मजबूत शिक्षा व्यवस्था का भी निर्माण हो रहा है।. सरकार द्वारा लाये गए नवीन शिक्षा नीति से स्कूल कालेज में बड़े बदलाव देखने को मिलेंगे.. केंद्र की मोदी सरकार अपने सारे विजन पर कार्य कर रही है और इस कार्य का सीधा लाभ डबल इंजन की सरकार होने से हमारे छत्तीसगढ़ प्रदेश की जनता को भी प्राप्त हो रहा है.. शिवरतन शर्मा ने नड्डा जी के विषय मे चर्चा में बताया कि जिस तरह नड्डा जी ने कड़ी मेहनत, लगन और पार्टी के प्रति जिम्मेदारियों का हर परिस्थिति में निर्वहन करते हुए राजनीति और व्यक्तिगत जीवन की ऊंचाईयां हासिल की, वो एक मिसाल है।

सांसद संतोष पांडेय के प्रयास से गौरव पथ निर्माण की मिली स्वीकृति

कवर्धा/नवप्रदेश। राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पांडेय के मांग व प्रयास से राजनांदगांव बायपास रोड से नवीन बाजार तक गौरव पथ निर्माण की स्वीकृति मिल गई है। संसद संतोष पांडेय ने 21 सितंबर 2024 को प्रदेश के उपमुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव से मुलाकात कर राजनांदगांव बायपास रोड से पिलारी नहर होते हुए नवीन बाजार तक गौरव पथ निर्माण की स्वीकृति प्रदान करने की मांग की थी। इस बाबत उन्होंने मंत्री को पत्र भी सौंपा था। उक्त मार्ग में सड़क निर्माण की मांग लंबे समय से की जा रही थी। सांसद संतोष पांडेय ने नगरवासियों को आवागमन में हो रही परेशानी को ध्यान में रखते हुए उक्त मार्ग में गौरव पथ निर्माण की स्वीकृति प्रदान करने हेतु प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री साव से मिलकर मांग की। सांसद पांडेय की मांग पर मंत्री साव ने उक्त मार्ग में गौरव पथ निर्माण हेतु 10 करोड़ 78 लाख 88 हजार राशि की स्वीकृति प्रदान की है। संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास छग के कार्यपालन अभियंता(अनुदान) ने इस बाबत पत्र जारी कर दिया है। सांसद संतोष पांडेय ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व उपमुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव का आभार व्यक्त किया है।

प्रगति के प्रतिमान को स्थापित करता सुशासन का एक वर्ष : रंजना साहू

धमतरी/नवप्रदेश। बीते वर्ष चुनाव के परिणाम ने प्रदेश में पुनः भारतीय जानता पार्टी की सरकार बनाने का मार्ग तय किया था जिसके बाद प्रदेश की कमान विष्णु देव साय को सौंपी गई जो बतौर मुख्यमंत्री निरंतर विकास कार्य और कल्याणकारी योजनाओं के नाम से जानता के बीच अपनी विशेष उपस्थिति दर्ज किए हुए हैं,वहीं धमतरी की पूर्व विधायक रंजना साहू ने इस जनादेश दिवस पर प्रदेश्वासियों को बधाई देते हुए सुशासन और समृद्धि का एक वर्ष बताया श्रीमती साहू ने आगे बताया पाँच साल तक प्रदेश में भय और आतंक की सरकार का अंत इसी दिन हुआ था और प्रदेश में पुनः विकास का सूर्योदय हुआ था और प्रदेश की जानता ने प्रचंड बहुमत से छत्तीसगढ़ में कमल खिलाकर सुशासन की सरकार बनाने के अटूट संकल्प को पूरा किया था,और इस जनादेश के बाद से मुख्यमंत्री बनते ही हमारे प्रदेश के मुखिया विष्णु देव साय ने मोदी की गारंटी पूरा करते हुए प्रदेश के विकास को आगे बढ़ाना शुरू किया और जनकल्याणकारी योजनाओं की झड़ी लगा दी और प्रदेश में अधोसंरचना विकास को प्राथमिकता दी, प्रधानमंत्री आवास को पुनः शुरू किया, किसानों से 3100 रू में 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान ख़रीदी करने का संकल्प भी हमारी सरकार पूरा करने जा रही है, महिलाओं को हर महीने एक हज़ार रूपए का आर्थिक सहयोग कर महतारी वंदन की गारंटी भी हमारी सरकार पूरा कर रही है, तो वहीं धार्मिक आस्था का ख़याल रखते हुए प्रदेश वासियों को अयोध्या रामलला का दर्शन कराने योजना संचालित कर जानता कि धार्मिक आस्थाओं का भी ख़याल रखा, वहीं प्रदेश में शांति व्यवस्था स्थापित करने माओवादियों पर ताबड़तोड़ कार्यवाही लगातार कर रही है ।

जिला स्तरीय महिला खेलकूद स्पर्धा आयोजित

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन आज 5 दिसंबर को शहर के फतेह सिंह मैदान मे आयोजित किया गया है । कार्यक्रम का उदघाटन जिपं सभापति घम्मन साहू के मुख्य आतिथ्य, नपाध्यक्ष गिरजा चंद्राकर की अध्यक्षता भागवत शरण सिंह, विकेश गुप्ता, मोनिका रजक, विनय देवांगन के विशेष आतिथ्य और समापन समारोह विधायक यशोदा वर्मा के मुख्य आतिथ्य, जनपद अध्यक्ष लीला मंडावी की अध्यक्षता, जिपं सभापति विप्लव साहू , मनराखन देवांगन, भीखमचंद छाजेड़ और आकाशदीप सिंह के विशेष आतिथ्य मे होगा ।

प्रथम पेज का शेष

देवेंद्र फडणवीस आज लेंगे महाराष्ट्र ...

फडणवीस के साथ राज्यपाल से मिलने गये नेताओं में शिव सेना के नेता एवं पूर्व निर्वतमान एकनाथ शिंदे और महायुति गठबंधन के तीसरे बड़े भागीदार एवं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता अजीत पवार तथा केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी भी शामिल थे।

इससे पहले फ्डणवीस को भाजपा के केन्द्रीय पर्यवेक्षक सीतारमण और रूपाणी की निगरानी में पार्टी विधायक दल की बैठक में सर्वसम्मति से नेता चुना गया। उसके बाद महायुति गठबंधन के सदस्यों और नेताओं की एक अलग से बैठक हुई और वहां से गठबंधन के वरिष्ठ नेता फ्डणवीस के साथ नयी सरकार के गठन का दावा करने के लिए राजभवन पहुंचे।

फ्डणवीस ने राज्यपाल को सहयोगी दलों नेताओं के समर्थन की चिट्ठी सौंपी।

राधाकृष्णन ने फ्डणवीस को गुरुवार शाम पांच बजे शपथ लेने के लिए आमंत्रित किया है। शपथग्रहण समारोह मुंबई के ऐतिहासिक आजाद मैदान में आयोजित किया जाएगा। समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उपस्थित होंगे। इस अवसर पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार वाले मुख्यमत्रियों और वरिष्ठ नेताओं के भी शामिल होने की संभावना है।

राज्यपाल से मिलने के बाद फ्डणवीस ने संवाददाताओं से कहा कि महायुति ने सरकार बनाने का दावा पेश किया है। उन्होंने शिवसेना नेता शिंदे का आभार व्यक्त किया और कहा, उन्होंने मुख्यमंत्री पद के लिए मेरे नाम का समर्थन किया है। राकांपा नेता अजीत पवार ने भी मेरे नाम की सिफारिश की। कल शाम 5.30 बजे आजाद मैदान में शपथ ग्रहण समारोह होगा।

उन्होंने सीएम, डिप्टी सीएम (मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री) की बात पर कहा, यह सिर्फ तकनीकी बातें हैं। पिछले ढाई साल में हमने साथ मिलकर काम किया है। आगे भी हम सब मिलकर अच्छी सरकार देने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि महायुति सरकार जनता से किए गए वायदों तथा राज्य को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का संकल्प पूरा करेगी।

निवेशकों के लिए छत्तीसगढ़ में खुला...

वेशकों के लिए पसंदीदा राज्य बन गया है। छत्तीसगढ़ के नवीन औद्योगिक नीति की हर तरफप्रशंसा की जा रही है। इस नीति से प्रदेश में सस्टेनेबल औद्योगिक विकास को नई दिशा मिलेगी। नई नीति में एमएसएमई उद्योगों को सशक्त बनाने का अच्छा प्रयास किया गया है। नये क्षेत्रों में निवेश के लिए इंसेन्टिव स्कीम तैयार की गई है। इस उद्योग नीति में रोजगार सृजन महत्वपूर्ण पहलू है।

मुख्यमंत्री साय ने कार्यक्रम में राज्य के 27 बड़े औद्योगिक समूहों को नवीन पूंजी निवेश के प्रस्ताव के संबंध में 32 हजार 225 करोड़ रुपए के निवेश के लिए इंटेंट टू इन्वेस्ट लेटर प्रदान किए। इनमें राज्य के कोर सेक्टर के साथ ही नये निवेश क्षेत्रों जैसे आईटी, एआई, डाटा सेंटर, एथेनॉल, इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिकल, कम्प्रेस्ड बायो गैस जैसे क्षेत्रों में निवेश किया जाएगा। इनमें शिवालिक इंजीनियरिंग, मां दुर्गा आयरन एण्ड स्टील, एबीआरईएल ग्रीन एनर्जी, आरएजी फेरो एलायज, रिलायंस बायो एनर्जी, यश फैंस एण्ड एप्लायंसेस, शांति ग्रीन्स बायोफ्यूल, रेक बैंक डाटा सेंटर आदि सम्मिलित हैं।

मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने कहा कि छत्तीसगढ़ की नवीन औद्योगिक नीति में रोजगार सृजन, निर्यात प्रोत्साहन और उद्योगों की मंजूरी और स्थापना की प्रक्रिया के सरलीकरण पर फोकस किया गया है। वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के सचिव रजत कुमार ने बताया कि नवीन औद्योगिक विकास नीति में राज्य की प्राथमिकताओं एवं राज्य में औद्योगिक विकास को गति प्रदान करने के लिये प्रावधान किये गये हैं ।

नक्सलवाद के खिलाफ लड़ी ...

नक्सलियों और नक्सल पीड़ित परिवारों के लिए 15,000 मकानों के निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि सामूहिक प्रयासों और जनभागीदारी से छत्तीसगढ़ जल्द ही नक्सलवाद मुक्त होगा। सरकार की प्राथमिकता स्थानीय समुदायों के जीवन स्तर को सुधारने और विकास की नई ऊंचाइयों को हासिल करने की है।

बैठक में उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि नक्सलवाद को समाप्त करने के लिए राज्य सरकार ठोस कार्रवाई कर रही है। उन्होंने सिविल सोसाइटी को अभियान से जोडने और नक्सलियों के आत्मसमर्पण हेतु किए जा रहे प्रयासों को तेज करने पर बल दिया। श्री शर्मा ने नक्सलियों के वित्तीय नेटवर्क को तोडने की आवश्यकता पर जोर दिया और कहा कि लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हर संभव उपाय किए जाएंगे।

बैठक में सुरक्षा ग्रिड का विस्तार, नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में नए कैंप स्थापित करना, आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों के पुनर्वास और आवास संबंधी योजनाएं और ज्वाइंट एक्शन प्लान सहित अन्य विषयों पर चर्चा की गई।

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email ID-eocghbzone1@gmail.com

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कबीर नगर कालोनी रायपुर में निर्मित दीनदयाल आवास योजना के अंतर्गत भवनों में से फ्लैट/भवन क्रमांक एल.आई.जी.-70/830 भूतल में 1. श्री विवेक सिंह ठाकुर पिता श्री ईश्वर सिंह ठाकुर 2. श्री नरेन्द्र सिंह ठाकुर पिता स्व. श्री रामभरोसा सिंह ठाकुर को स्ववित्तीय/एकमुश्त आधार पर आबंटित/नामांतरित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 16.01.2007 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी उक्त भवन/फ्लैट के विक्रय हेतु दिनांक 01.09.2024 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन/फ्लैट श्री मानस कुमार सारंगी पिता श्री विद्याधर सारंगी के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्ध शासकीय/ वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, रायपुर

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email ID-eocghbzone1@gmail.com

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कबीर नगर कालोनी रायपुर में निर्मित एम.आई.जी.काम्पलेक्स स्टैण्ड में से भवन क्र. एमडीएस-122 श्री राजीव कुमार अग्रवाल पिता श्री आर.बी. अग्रवाल को आबंटित किया गया है। मूल आबंटी द्वारा दिनांक 30.06.05 को विक्रय विलेख निष्पादित करा लिया गया है।

मूल आबंटी की मृत्यु दिनांक 19.09.18 को हो जाने के कारण श्रीमती रेखा अग्रवाल पति श्री स्व. राजीव कुमार अग्रवाल द्वारा उक्त भवन/भूखंड अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र , वारिसों (1) कौस्तुम अग्रवाल 2. शुभम अग्रवाल दोनों के पिता स्व. राजीव कुमार अग्रवाल) की सहमति पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन/भूखंड श्रीमती रेखा अग्रवाल पति श्री स्व. राजीव कुमार अग्रवाल के नाम पर नामांतरण किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्ध शासकीय/ वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर स्वतः उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी, एवं भवन का नामांतरण आदेश जारी कर दिया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, रायपुर

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय कार्यपालन अभियंता, टी.डी.पी.पी. जल संसाधन संभाग जगदलपुर,
जिला-बस्तर (छ.ग.)
शुद्धि पत्र क्रमांक -2

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित सिस्टम निविदा क्र. 161334 निविदा सूचना क्र. 12/वलेलि / 2024-25 दिनांक 20.11.2024, जिसका जी-नंबर 242503970 दिनांक 21.11.2024 है, में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है :-

स. क्र.	पूर्व में प्रकाशित	संशोधितानुसार
1	Bid Start Date and time: 27.11.2024, 17:31 Hours	Bid Start Date and time:- 29.11.2024, 17:31 Hours
2	Bid Due Date and time:- 11.12.2024, 17:30 Hours	Bid Due Date and time: 13.12.2024, 17:30 Hours
3	Bid Open Start Date and time:- 12.12.2024, 11:30 Hours	Bid Open Start Date and time:- 16.12.2024, 11:30 Hours

टीप :- निविदा की अन्य शर्तें यथावत रहेंगीं।

कार्यपालन अभियंता
टी.डी.पी.पी. जल संसाधन संभाग,
जगदलपुर जिला-बस्तर (छ0ग0)

जी- 242504308/5

छत्तीसगढ़ शासन, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग
गरियाबंद वनमंडल गरियाबंद
काष्ठागार नीलाम का संक्षिप्त विवरण

इस कार्यालय के पत्र क्र./राजस्व/6480 दिनांक 25/11/2024 नीलाम दिनांक 11/12/2024 घोष विक्रय से संबंधित विज्ञापन का प्रकाशन क्र.-242504072 समाचार पत्र में प्रकाशन दिनांक 29/11/2024 को निरस्त किया जाकर सर्व साधारण के सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि गरियाबंद वनमंडल के अंतर्गत गरियाबंद काष्ठागार में संग्रहित ईमारती काष्ठ का e-Auction द्वारा निर्वर्तन निम्नानुसार किया जावेगा। इच्छुक बोलीदारो से अनुरोध है कि वे e-Auction में भाग लेंवे। e-Auction की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय/वन काष्ठागार गरियाबंद से प्राप्त की जा सकती है।

नीलाम दिनांक - 11/12/2024
नीलाम समय - प्रातः 09 : 00 बजे
नीलाम में प्रस्तावित वनोपज की अनुमानित मात्रा

क्र.	प्रजाति	लट्ठा घ.मी.		बल्ली/डेंगरी (संख्या)	
		पुराना	योग	पुराना	योग
1	सागौन	82.610	82.610	28474	28474
2	साल	418.205	418.205	3884	3884
3	बीजा	7.771	7.771	0	0
4	शीशम	0.894	0.894	0	0
5	साजा	10.649	10.649	55	55
6	हल्दू	39.326	39.326	0	0
7	सलई	2.267	2.267	0	0
	योग :-	561.722	561.722	32413	32413

टीप :-
01 क्रेताओं को e-Auction के पूर्व एम.एस.टी.सी. ई-कामर्स पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है।
02 क्रेताओं को e-Auction के पूर्व क्रय लाटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है।
03 लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम.एस.टी.सी. ई-कामर्स पोर्टल में अपने आई.डी. से लॉगिन करके देख सकते है।
04 e-Auction में लॉट क्रय के पश्चात प्रथम क्रेता को 40 सेकेंड का समय प्राप्त होगा उसी लॉट में अन्य क्रेताओं द्वारा 40 सेकेंड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेकेंड का समय प्राप्त होगा।
05 ईमारती काष्ठ पुराना कुल 260 लॉट है।

वनमण्डलाधिकारी
गरियाबंद वन मंडल गरियाबंद

जी- 242504318/5

कार्यालय प्रमुख अभियन्ता,
लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर, अटल नगर
(केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ) ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

Main Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

स. क्र.	सिस्टम निविदा क्रमांक/दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (रुपये लाख में)
1	161963 प्रथम आमंत्रण 28.11.2024	सी.जी.आर.आई.डी.सी.एल. योजनांतर्गत् जिला सुकमा के कांजीपानी से चिपुरपाल मार्ग के कि.मी. 2/4 में गोरली नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्य का शेष कार्य ।	260.02
2	161971 प्रथम आमंत्रण 28.11.2024	सी.जी.आर.आई.डी.सी.एल. योजनांतर्गत् जिला सुकमा के बोकलाघाट से कांजीपानी मार्ग के कि.मी. 1/4 में फूल नदी पर उच्चस्तरीय सेतु निर्माण कार्य का शेष कार्य।	314.94
3	161934 चतुर्थ आमंत्रण 28.11.2024	सी.जी.आर.आई.डी.सी.एल. योजनांतर्गत् जिला बीजापुर वि.ख. बीजापुर के कुएनार व्हाया एरमनार से तोयनार मार्ग लंबाई 10.50 कि.मी. (शेष कार्य) के पुल-पुलिया सहित निर्माण कार्य।	640.13
4	161997 प्रथम आमंत्रण 28.11.2024	सी.जी.आर.आई.डी.सी. एल. योजनांतर्गत् जिला सुकमा के चिन्नापारा से जीरमपाल मार्ग के कि.मी. 3/4 पर मलगेर नदी पर उच्चस्तरीय सेतु निर्माण कार्य का शेष कार्य।	270.67
5	161990 तृतीय आमंत्रण 28.11.2024	नाबार्ड योजनांतर्गत् जिला सुकमा के केरलापाल से पोगगाभेजी मार्ग लंबाई 10.00 कि.मी. पुल-पुलिया सहित निर्माण कार्य।	1369.95
6	161992 द्वितीय आमंत्रण 28.11.2024	जिला सुकमा के गादीरास से राउतपारा मार्ग के कि.मी. 1/4 में मलगेर नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्य का शेष कार्य।	264.93
7	162051 द्वितीय आमंत्रण 29.11.2024	सी.जी.आर.आई.डी.सी. एल. के अंतर्गत जिला जांजगीर चांपा के बिर्रा हसौद डभरा मार्ग लंबाई 23.435 कि.मी. का उन्नयन एवं नवीनीकरण का शेष कार्य।	865.21

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि सं.क्र. 01 से सं.क्र. 02 एवं सं.क्र. 04 दिनांक 20.12.2024, सं.क्र. 03 एवं सं.क्र. 05 दिनांक 10.12.2024 निर्धारित है। एवं अन्य शेष निविदाओं के लिए दिनांक 16.12.2024 निर्धारित है। निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है।

मुख्य अभियंता
केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ
कार्यालय प्रमुख अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर अटल नगर

जी-242504321/7

न्यूज गैलरी

डॉ. रमन सिंह ने स्व. कन्हैया लाल तिवारी के निधन पर शोक व्यक्त किया

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिले के एक दिवसीय प्रवास पर आये छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष व स्थानीय विधायक डॉ. रमन सिंह कल अपने व्यवस्तम दौरे के बावजूद शहर के शोक संतप्त परिवारों से मिलना नहीं भूले, वे मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के भूतपूर्व अध्यक्ष व बर्फानी आश्रम सेवा समिति के व्यवस्थापक, पूर्व ख्यातिलब्ध शिक्षक कन्हैया लाल तिवारी के निधन पर शोक व्यक्त करने उनके निवास ठेठवार पारा पहुंचे तथा उन्हे शोक श्रद्धांजलि अर्पित की।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार उल्लेखनीय है कि पिछले 02 दिसंबर को कन्हैया लाल तिवारी जी का निधन हुआ था, वे शहर के जाने-माने शिक्षाविद् थे तथा जिला भाजपा की वर्तमान उपाध्यक्ष व पूर्व पार्षद आभा तिवारी के पिताश्री थे। श्री तिवारी जी के परिवार में उनके सुपुत्र अरविंद तिवारी शहर के जाने-माने अधिवक्ता है, उनकी पुत्रियां अनुपमा तिवारी महिला बाल विकास विभाग में परियोजना अधिकारी के पद पर कार्यरत है उनकी दो अन्य पुत्रियॉ अर्चना पांडेय व अचला शर्मा शिक्षिका के रूप में कार्यरत है। वरिष्ठ पत्रकार राजेश पाण्डे के वे ससुर भी है। डॉ. रमन सिंह ने स्वर्गीय तिवारी के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुये कहा कि वे शिक्षा जगत के जाने-माने हस्ती तो थे ही साथ ही वे कुशल संगठनकर्ता भी थे, उन्होंने मध्यप्रदेश व छ.ग. में शिक्षकों एक बड़ा संगठन भी खड़ा किया था। इस दौरान डॉ. सिंह के साथ श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल, वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक शर्मा, खूबचंद पारख, संतोष अग्रवाल, गौतम पारख उपस्थित थे।

उमरगांव मेला 8 को

नगरी/नवप्रदेश। विकासखण्ड नगरी से 12 किलोमीटर दूर ग्राम उमरगांव का मेला 8 दिसंबर रविवार को रखा गया है और रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए कुलभुषण चन्द्राकर की छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम मोर संगवारी भोथली कुरुद की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी ग्राम समिति अध्यक्ष कृष्ण मारकोले एवं महेश अग्रवाल ने दी।

मदराकुही, घोटिया दामरी और ठेलकाडीह में रखेंगे समर्थन मूल्य पर खरीदी के धान को

कलेक्टर ने धान संग्रहण केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्था बनाने के दिए निर्देश

खैरागढ़/नवप्रदेश । जिले मे जारी समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के तहत खरीदे गए धान को जिले के मदराकुही और घोटिया दामरी संग्रहण केन्द्रों मे रखा जाएगा । कलेक्टरचन्द्रकांत वर्मा ने धान संग्रहण केन्द्र दा मरीघोटिया, ठेलकाडीह और मदुराकुही केन्द्र का औचक निरीक्षण कर संग्रहण केन्द्रों में बुनियादी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही संग्रहण केन्द्रों में भंडराण की स्थिति सहित अन्य विषयों की जानकारी। अधिकारियों ने बताया कि धान का संग्रहण केन्द्र मदराकुही और दामरी-घोटिया में भंडारण शुरू हो गया है। दोनों केन्द्रों में 5000 क्विंटल व 12000 क्विंटल धान का भंडारण किया जा चुका है। ठेलकाडीह में धान संग्रहण करने के लिए व्यवस्था पूरी कर ली गई है। यहां भी जल्द ही धान का भंडारण करने की जानकारी दी। कलेक्टर वर्मा ने जिले के तीनों ही धान संग्रहण केन्द्रों को बेहतरी से उपयोग करने के निर्देश दिए। उन्होंने संग्रहण केन्द्रों में अधिक से अधिक धान का भंडारण सुनिश्चित करने के लिए जिला विपणन अधिकारी को दिए। वर्मा ने संग्रहण केन्द्रों में ड्रेनेज, कैपिंग, स्केटिंग, बाउंड्री का फेंसिंग, चौकीदारों की व्यवस्था सहित सभी आवश्यक तैयारियां करने कहा। कलेक्टर ने कहा कि ऐसे समितियों से धान का उठाव करें, जहां खरीदी के लिए पर्याप्त जगह नहीं बची है। ताकि उपार्जन केन्द्रों में खरीदी के दौरान किसी भी तरह की समस्या न हो। साथ ही भंडारित होने वाले धान की सुरक्षा के लिए व्यापक व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान जिला खाद्य अधिकारी भुनेश्वर चेलक, सहायक पंजीयक रघुराज ठाकुर ,जिला विपणन अधिकारी चन्द्रपाल दीवान भी उपस्थित थे।

खैरागढ़ जिले के 51 धान खरीदी केन्द्रो में अब तक 9 लाख 45 हजार 438 क्विंटल से अधिक धान की खरीदी की जा चुकी है । जिले मे पंजीकृत किसानों मे से अब तक 17556 किसानों ने अपना धान बेचा है । इसके लिए किसानों को अब तक 21800 लाख रू का भुगतान किया गया है । किसानों के कर्ज के लिए लिंकिंग मे अब तक 7887 लाख रू की वसूली की गई है । धान परिवहन नही होने से कई समितियों मे खरीदी व्यवस्था लड़खड़ाने की स्थिति आ गई थी । संग्रहण केन्द्रों मे परिवहन शुरू होने से ऐसे केन्द्रों मे खरीदी सुचारू रूप से चल सकेगी ।

अब तक साढ़े नौ लाख क्विंटल धान की खरीदी

खैरागढ़ जिले के 51 धान खरीदी केन्द्रो में अब तक 9 लाख 45 हजार 438 क्विंटल से अधिक धान की खरीदी की जा चुकी है । जिले मे पंजीकृत किसानों मे से अब तक 17556 किसानों ने अपना धान बेचा है । इसके लिए किसानों को अब तक 21800 लाख रू का भुगतान किया गया है । किसानों के कर्ज के लिए लिंकिंग मे अब तक 7887 लाख रू की वसूली की गई है । धान परिवहन नही होने से कई समितियों मे खरीदी व्यवस्था लड़खड़ाने की स्थिति आ गई थी । संग्रहण केन्द्रों मे परिवहन शुरू होने से ऐसे केन्द्रों मे खरीदी सुचारू रूप से चल सकेगी ।

प्रभारी सचिव ने विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की

शासन की योजनाओं से जनसामान्य को अधिक से अधिक लाभान्वित करने की जरूरत : अविनाश चंपावत

- शासन की विभिन्न योजनाओं का होना चाहिए प्रभावी क्रियान्वयन

राजनांदगांव/नवप्रदेश । जिले के प्रभारी सचिव अविनाश चंपावत ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सभी जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित कार्यों एवं उनके प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग विशेष रूप से उपस्थित थे। प्रभारी सचिव ने कहा कि शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन जमीनी स्तर पर होना चाहिए और उनका लाभ संबंधित जनसामान्य को मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिले में जल संरक्षण पर विशेष रूप से ध्यान देने की आवश्यकता है। जहां पर भी जल संरक्षण के कार्य हो रहे हैं, वहां पर स्वसहायता समूहों द्वारा मत्स्य पालन की भी व्यवस्था की जानी चाहिए, जिससे लोगों को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध हो सकें। उन्होंने कहा कि जिले में किसानों द्वारा व्यापक तौर पर धान की खेती की जाती है और इसके लिए अधिक मात्रा में जल का उपयोग होता है, इससे भू-जल के स्तर में गिरावट आती है। इसके लिए कृषि विभाग और उसके मैदानी अमलों द्वारा कम जल में उत्पादित होने वाले फसलें जैसे चना, अरहर, रागी, बाजरा, मक्का, तिलहनी एवं लघु धान्य फसलों की खेती करने के लिए किसानों को प्रेरित करना चाहिए। इससे जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। श्री चंपावत ने जल संसाधन विभाग के अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जहां भी जलाशयों से तालाबों को भरा जाता है, वहां नाली इत्यादि की पर्याप्त व्यवस्था की जानी चाहिए, ताकि पानी की पूर्ण उपयोगिता के साथ सिंचाई भी हो सके।

जिले के प्रभारी सचिव अविनाश चंपावत ने कहा कि श्रम विभाग संचालित योजनाओं के तहत श्रम अधिकारी अधिक से अधिक श्रमिकों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए पंजीयन के साथ प्रशिक्षण से भी जोड़े और उन्हें लाभ दिलाएं। उन्होंने मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत युवाओं को प्रशिक्षण देने और रोजगार से जोडऩे के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने बताया कि जिले में गिरते भू-जल को देखते हुए जल संरक्षण के लिए नरेगा सहित अन्य मदो से कार्य किया गया है। यहां धान की जगह अन्य कम जल उपयोगिता वाली विभिन्न फसले लेने के लिए किसानों को प्रेरित भी किया जा रहा है। इसके अलावा जल शक्ति अभियान के तहत जल संरक्षण के कार्य कराए गए हैं।

धान खरीदी केंद्र का पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने किया निरीक्षण

बेमेतरा/नवप्रदेश। पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज के द्वारा चलाए जा रहें धान खरीदी केंद्र चलो अभियान अंतर्गत बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में ग्राम हसदा तथा भिभौरी सहित कई धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया। बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के किसान धान विक्रय को लेकर परेशान हैं और पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा को अपनी परेशानियों से समय-समय पर अवगत कराते रहे हैं। एक जन प्रतिनिधि के हैसियत से किसानों की समस्याओं को जानने समझने तथा उनके निराकरण के लिए पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हसदा तथा भिभौरी धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण किया।

कलेक्टर शर्मा ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को पढ़ाया और उनका मार्गदर्शन किया

बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्टर रणबीर शर्मा आज प्रातः 9 बजे जिला मुख्यालय स्थित श्री राम एकेडमी जो कि एक निःशुल्क कोचिंग सेंटर हैं, का दौरा किया। वहां उन्होंने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहें युवाओं को पढ़ाया और उनका मार्गदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने छात्रों को महत्वपूर्ण परीक्षा तकनीकों और रणनीतियों के बारे में जानकारी दी, जिससे उन्हें अपनी तैयारी को बेहतर बनाने में सहायता मिले। उनके इस प्रेरणादायक कदम से छात्रों को आत्मविश्वास मिला और वे अपने लक्ष्य की ओर और दृढ़ता से बढ़ने के लिए प्रोत्साहित हुए।

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने श्री राम एकेडमी में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को करियर गाइडेंस की जानकारी भी दी। उन्होंने छात्रों को विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध करियर विकल्पों के बारे में बताया और यह भी समझाया कि किस प्रकार सही दिशा में मेहनत और योजना बनाकर वे अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने छात्रों को सरकारी सेवाओं, निजी क्षेत्र और अन्य क्षेत्रों में संभावनाओं के बारे में जानकारी दी, साथ ही करियर चयन करते समय रुचियों और क्षमताओं के महत्व पर जोर दिया। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने श्री राम एकेडमी में विद्यार्थियों से सवाल-जवाब का सत्र भी आयोजित किया।

कार्यालय संपदा अधिकारी
छ.ग. गृह निर्माण मण्डल
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-दुर्ग (छ.ग.)

आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कु. दीक्षा पथिक आ. श्री राजेश पथिक, निवासी-वार्ड नं.-17, नवीन भारती विद्यापीठ के पास, छोटी पनबिहरी, तह. लालबर्रा, जिला बालाघाट (म.प्र.) को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-दुर्ग अन्तर्गत भवन क्रमांक ई.डब्ल्यू.एस.-1906, विश्व बैंक कॉलोनी कुरूद भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.) में आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त भवन का विक्रय पत्रक उप पंजीयक कार्यालय, दुर्ग से दिनांक 10.04.2015 एवं फ्री-होल्ड दिनांक 20.05.2015 के अनुसार, उक्त भवन बयनामा रजिस्ट्री दिनांक 01.06.2015 को श्रीमती प्रतिभा शर्मा पति श्री संतोष शर्मा के नाम पर विक्रय कर दिया गया है। पुनः नवीन क्रेता श्रीमती प्रतिभा शर्मा द्वारा उक्त भवन बयनामा रजिस्ट्री दिनांक 17.10.2024 को श्रीमती संगीता देवी पति श्री अरूण कुमार तिवारी के नाम पर विक्रय कर दिया गया है। नवीन क्रेता श्रीमती संगीता देवी के द्वारा आवेदन एवं पंजीकृत दस्तावेज आधार पर उक्त भवन का स्वामित्व मण्डल अभिलेख में अपने नाम पर दर्ज कराने हेतु आवेदन किया गया है।

अतः नवीन क्रेता श्रीमती संगीता देवी के नाम पर हस्तान्तरण/नामांतरण किया जाता है, तो किसी भी व्यक्ति, वारिसान, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था बैंक, वित्तीय निकायों इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो, इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर लिखित में आपत्ति/दावा इस कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर प्रस्तुत करे बाद में प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं नामान्तरण की कार्यवाही करने के लिए मण्डल स्वतंत्र रहेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय के मोहर के साथ आज दिनांक 04.12.2024 को जारी किया गया।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र दुर्ग (छ.ग)

कार्यालय संपदा अधिकारी
छ.ग. गृह निर्माण मण्डल
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-दुर्ग (छ.ग.)

आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री किशन महेश्वरी आ. स्व. बालकिशन जी तेला, निवासी-ई.डब्ल्यू.एस.-2732, औद्योगिक क्षेत्र भिलाई, जिला दुर्ग (छ.ग.) को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-दुर्ग अन्तर्गत भवन क्रमांक ई.डब्ल्यू.एस.-2732 एवं ई.डब्ल्यू.एस.-2733, औद्योगिक क्षेत्र भिलाई जिला-दुर्ग (छ.ग.) में आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त भवन का विक्रय पत्रक उप पंजीयक कार्यालय, दुर्ग से दिनांक 04.11.2006 एवं फ्री-होल्ड दिनांक 18.07.2014 के अनुसार, उक्त भवन बयनामा रजिस्ट्री दिनांक 03.10.2024 को श्रीमती ममता सिंह पति श्री व्यास सिंह के नाम पर विक्रय कर दिया गया है। नवीन क्रेता श्रीमती ममता सिंह के द्वारा आवेदन एवं पंजीकृत दस्तावेज आधार पर उक्त भवन का स्वामित्व मण्डल अभिलेख में अपने नाम पर दर्ज कराने हेतु आवेदन किया गया है।

अतः नवीन क्रेता श्रीमती ममता सिंह के नाम पर हस्तान्तरण/नामांतरण किया जाता है, तो किसी भी व्यक्ति, वारिसान, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था बैंक, वित्तीय निकायों इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो, इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर लिखित में आपत्ति/दावा इस कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर प्रस्तुत करे बाद में प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं नामान्तरण की कार्यवाही करने के लिए मण्डल स्वतंत्र रहेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय के मोहर के साथ आज दिनांक 04.12.2024 को जारी किया गया।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र दुर्ग (छ.ग)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई-चरौदा, जिला- दुर्ग (छ.ग.)

क्र./519/निविदा/लो.नि.वि./2024 — भिलाई-चरौदा, दिनांक 04.12.2024

// ई-प्रोक्यूरमेन्ट निविदा सूचना //

इस कार्यालय हेतु निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	कार्य का नाम	सिस्टम टेंडर क्र.	लागत राशि (रु. लाख में)	निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि
1	वार्ड क्र. 03 अकलोरडीह में बांधा तालाब का रिजुविनेशन कार्य	162252	44.22	27.12.2024
2	वार्ड क्र. 04 जरवाय में शीतला तालाब का रिजुविनेशन कार्य	162255	43.67	27.12.2024
3	वार्ड क्र. 05 दादर-पथर्रा में शीतला तालाब का रिजुविनेशन कार्य	162256	42.97	27.12.2024
4	वार्ड क्र. 06 उमदा में तेली तालाब का रिजुविनेशन कार्य	162258	44.36	27.12.2024
5	वार्ड क्र. 37 सिरसाभाठा में ठाकुर तालाब का रिजुविनेशन कार्य	162259	42.97	27.12.2024
6	वार्ड क्र. 18 वसुन्धरा गार्डन में अटल परिसर निर्माण कार्य	162272	49.40	27.12.2024
7	गांधी नगर भिलाई 03 एवं हाउसिंग बोर्ड चरौदा में उच्चस्तरीय जलागार भरने हेतु क्लीयर वाटर राईजिंग मेन का कार्य (द्वितीय निविदा)	162273	33.82	27.12.2024

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्यूरमेंट वेबसाईट https://www.eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। निविदा शर्तो के तहत् दस्तावेज कार्यालय में प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि दिनॉक 31.12.2024 समय सायं 5.30 बजे तक निर्धारित है।

प्रकृति को क्षति न पहुंचाए, वृक्ष लगाए, पर्यावरण को शुद्ध बनाए

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम,
भिलाई-चरौदा

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, बालोद (छ.ग.)

निविदा क्र. 42 से 46/ले.शा./ज.जी.म/ का.अ. / लो.स्वा.यां. खण्ड / 2024 बालोद, दिनांकः 03-12-2

ई-प्राक्योरमेंट द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना

ऑनलाईन निविदाएं प्रपत्र-ए में प्रतिशत दर पर नीचे उल्लेखित कार्य के लिये कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बालोद द्वारा के एकीकृत पंजीयन व्यवस्था ई-रजिस्ट्रेशन कीं सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

कार्य का विवरण-बालोद जिले के वि.खं. डौण्डी, डौण्डीलोहारा तथा गुरूर के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन अंतर्गत नलकूप खनन का कार्य।

	नि.सू.क्र./ सिस्टम नं.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (लाख रूपये)
1	42/162242	विकासखंड डौण्डी के विभिन्न ग्रामों में 09 नग।	रु. 9.99 लाख
2	43/162243	विकासखंड डौण्डी के विभिन्न ग्रामों में 09 नग।	रु. 11.07 लाख
3	44/162244	विकासखंड डौण्डीलोहारा के विभिन्न ग्रामों में 10 नग।	रु. 12.30 लाख
4	45/162245	विकासखंड डौण्डीलोहारा के विभिन्न ग्रामों में 10 नग।	रु. 12.30 लाख
5	46/162246	विकासखंड डौण्डीलोहारा तथा गुरूर के विभिन्न ग्रामों में 11 नग।	रु. 12.21 लाख

1. बिड सबमिशन प्रारंभ की तिथि - 05/12/2024
2. बिड सबमिशन की अंतिम तिथि - 17/12/2024

उपरोक्त कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in दिनांक 05/12/2024 से एवं कार्यालयीन समय पर कार्यालय में देखे जा सकते है ।

जी- 242504309/3

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बालोद
जिला-बालोद (छ.ग.)

केनरा बैंक Canara Bank — A Government of India Undertaking — Syndicate

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

ई-नीलामी दिनांक : 24.12.2024

स्थायी संपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी सूचना

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित संपत्तियाँ केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार) के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके सांकेतिक/भौतिक कब्जा ले लिया गया है । निम्न वर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक 24.12.2024 को 12.30 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक केनरा बैंक सुरक्षित लेनदार के बकाया राशि को वसूल करने हेतु "जैसा है जहां है, जो है जैसा है" एवं "जो कुछ भी है" के आधार पर किया जा रहा है ।

ईएमडी जमा/संपत्ति निरीक्षण की तिथि: 23.12.2024 एवं ई-नीलामी की तिथि: 24.12.2024

ऋणी/गारंटर का नाम एवं पता	संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम	मांग सूचना दिनांक / कब्जा सूचना दिनांक / बकाया राशि	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि	शाखा सम्पर्क नं.
1. मेसर्स महक रीयलइन्फ्रा प्राइवेट लिमिटेड, पैराडाइज रिंग रोड नंबर 1, रायपुरा चौक सुंदर नगर, रायपुर-492013 2. श्रीमती स्मृति देवांगन, राजकुमार देवांगन (पार्टनर), 3. श्री राजकुमार देवांगन पिता कुंजबिहारी लाल देवांगन (पार्टनर), दोनों का पता- पैराडाइज रिंग रोड नंबर 1 के पीछे, न्यू सुपर धरम कांटा, रायपुर - 492013, 4. श्री राज्यवर्धन देवांगन सो राजकुमार देवांगन (गारंटर), पैराडाइज रिंग रोड नंबर 1, रायपुरा चौक, रायपुर- 492013	खसरा नंबर 233/7,233/8 एवं 233/9 का भाग, फ्लैट नंबर 03, बिल्डिंग "सोलस हाइट्स" की चौथी मंजिल पर ब्लॉक एमबी, कुल क्षेत्रफल 981 वर्ग फुट. डॉ. राजेंद्र प्रसाद वार्ड नं. 46, पी.सी. नं. 114, अमलीडीह, रायपुर (छ.ग.) खाता नं. 3045, क्षेत्रफल- 981 वर्गफुट। चौहद्दीः उत्तर- फ्लैट नं. एमबी-04, दक्षिण- खुला स्थान, पूर्व- गलियारा, पश्चिम- खुला स्थान ।	23.11.2023 14.02.2024 ₹ 41,23,227.15 03.12.2024 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 26,10,000/- ₹ 2,61,000/- ₹ 10,000/-	Property No. - 01 Raipur Phool Chowk Branch (Mo. 7880132368)
1. मेसर्स निम्रत बेवरेजेज, मौजा- पाहंदा, पाटन, दुर्ग- 490042. 2. श्रीमती अमनप्रीत कौर दहेले पति- गुरप्रीत सिंह दहेले, स्लाइस-1, एलआईजी- 852, सरकारी स्कूल के पास, टाटीबंध, रायपुर- 492001.	1. खसरा नंबर 2250/11 (नामांतरण के बाद) प.ह.नं. 04, ग्राम- पाहंदा, तह.- पाटन व जिला- दुर्ग (छ.ग.) में स्थित है, क्षेत्रफल- 4800 वर्गफीट में स्थित फैक्ट्री भूमि और भवन। चौहद्दीः उत्तर- विक्रेता की शेष भूमि, दक्षिण- सड़क, पूर्व- विक्रेता की शेष भूमि, पश्चिम- सड़क । 2. खसरा नंबर 2250/11 (नामांतरण के बाद) प.ह.नं. 04, ग्राम- पाहंदा, तह.- पाटन व जिला- दुर्ग (छ.ग.) में स्थित प्लांट और मशीनरी का दृष्टिबंधक ।	29.09.2023 11.12.2023 ₹ 75,84,867.35 18.01.2024 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	Property-1: ₹ 34,00,000/- ₹ 3,40,000/- ₹ 10,000/- Property-2: ₹ 8,10,000/- ₹ 81,000/- ₹ 10,000/-	Property No. - 02 Kumhari Branch (Mo. 7000201336)
1. श्रीमती रंजनी मानिकपुरी, मानिकपुरी निवास वार्ड 15, शांति नगर, भिलाई-3, भिलाई, 2. श्री रोमन दास मानिकपुरी, मानिकपुरी निवास वार्ड 15, शांति नगर, भिलाई-3.	फ्लैट नं. 46ए (पेन्ट हाउस), छठवीं मंजिल, ब्लॉक- सी1, प.ह.नं. 15/21, चौहान टाउन, जुनवानी, भिलाई । क्षेत्रफल- 969.26 वर्गफीट । चौहद्दीः उत्तर- खुला छत, दक्षिण- खुला आसमान, पूर्व- फ्लैट नं. 45ए, पश्चिम- फ्लैट नं. 47ए.	07.08.2021 02.11.2021 ₹ 31,56,643.00 02.11.2021 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 24,30,000/- ₹ 2,43,000/- ₹ 10,000/-	Property No. - 03 Smriti Nagar Bhilai (Mo. 9425503197)
मेसर्स श्री साई टी सेल्स, प्रोपराईटर- श्रीमती विदवंत कौर पति- दर्शन सिंह हंसपाल, गली नं. 4, फाफाडीह नाका, वार्ड नं. 22, प्लॉट नं. 10/2, रायपुर छत्तीसगढ़- 492009, जमानतदार- श्री सुरेन्द्रपाल सिंह हंसपाल पिता- दर्शन सिंह हंसपाल, गली नं. 4, फाफाडीह नाका, वार्ड नं. 22, प्लॉट नं. 10/2, रायपुर छत्तीसगढ़-492009.	खसरा नं. 265/3 (भाग), 10/2, प.ह.नं. 48, गली नं. 4, फाफाडीह नाका, राजीव गांधी वार्ड नं. 22, तहसील व जिला- रायपुर छ.ग. में स्थित आवासीय मकान के समस्त भाग तथा अंश । चौहद्दीः उत्तर-सड़क, गली नं. 4, दक्षिण- सिमरजीत कौर की भूमि, पूर्व- गुप्ता की भूमि, पश्चिम- सड़क ।	05.07.2019 04.11.2019 ₹ 70,43,265.15 19.09.2022 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 64,80,000/- ₹ 6,48,000/- ₹ 10,000/-	Property No. - 04 Raipur-II Branch (Mo. 7904062571)
1. मेसर्स शालीन ब्यूटी सेलून, प्रोप. शालिनी खत्री, 2. श्री चंद्रेश खत्री मार्फतः बीख चंद खत्री, दोनों का पता- 53/490, इदगाह भाटा, झुलेलाल मंदिर के पास, रायपुर-492001	खसरा नं. 415/28, ग्राम- टिकरापारा, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड, वार्ड नं. 46, प.ह.नं. 114/70, आर.आई.सी- रायपुर, तहसील व जिला- रायपुर छत्तीसगढ़, क्षेत्रफल- 1200 वर्गफीट में स्थित आवासीय मकान । चौहद्दीः उत्तर- जैन की भूमि, दक्षिण- सड़क, पूर्व- विक्रेता की बचत भूमि, पश्चिम- ठाकुर की भूमि ।	18.04.2024 12.10.2020 ₹ 21,85,298.42 18.04.2024 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 47,00,000/- ₹ 4,70,000/- ₹ 10,000/-	Property No. - 05 Raipur Sejbahar Branch (Mo. 8319528266)
श्री शेख कासीम पुत्र- शेख दाउद, रिसाई पारा, वार्ड नं. 15, हनुमान मंदिर गली, धमतरी-493773. एवं श्रीमती शमसुन निशा मुसलमान पत्नी- शेख कासीम, रिसाई पारा, वार्ड नं. 15, हनुमान मंदिर गली, धमतरी-493773.	शहर सर्वे पं. 21सी, प्लॉट नं. 166, रिसाई पारा, वार्ड नं. 15, धमतरी, क्षेत्रफल- 118.50 वर्गफीट में स्थित शामिल संपत्ति के समस्त भाग व अंश । चौहद्दीः उत्तर- मंगल प्रसाद का मकान, दक्षिण- नदीम का मकान, पूर्व- मंगल प्रसाद का मकान, पश्चिम- नगर निगम रोड.	17.02.2020 12.10.2020 ₹ 9,87,471.00 17.02.2020 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 10,00,000/- ₹ 1,00,000/- ₹ 10,000/-	Property No. - 06 Dhamtari Branch (Mo. 9589172700)
श्री जसवंत सिंह भाटी पिता- श्री सतनाम सिंह, प्लॉट नं. 21, विवेक नगर, हाउसिंग बोर्ड कालोनी, भिलाई-490023.	खसरा नं. 1442/11, 1443/11, 1444/26, प.ह.नं. 19, कैलाश नगर, ग्राम- कुरूद, तहसील व जिला- दुर्ग (छ.ग.) सम्मिलित क्षेत्रफल- 0.01 हेक्टेयर में स्थित प्लॉट नं. 08, भूमि व भवन का सम्यिक बंधक । चौहद्दीः उत्तर- रितेश पाठक का प्लॉट, दक्षिण- कपिल नागवंशी का का प्लॉट, पूर्व- 20 फीट सड़क, पश्चिम- राठौर का प्लॉट ।	26.06.2024 03.08.2024 ₹ 16,44,980.26 09.05.2024 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 20,82,000/- ₹ 2,08,200/- ₹ 10,000/-	Property No. - 07 Bhilai Main Branch (Mo. 8519063120)
1. मेसर्स भावेश मिल्क कलेक्शन सेन्टर, प्रोप. श्री बलराम विश्वकर्मा एवं 2. मेसर्स जय दुर्गे इंजीनियरिंग वर्क्स, प्रोप. श्री कन्हैया विश्वकर्मा, दोनों का पता- म.नं. 812के, शंकर नगर, दुर्ग- 491001	स्वामित्व- श्री बलराम कुमार विश्वकर्मा पिता- श्री देवी प्रसाद विश्वकर्मा, खसरा नं. 1306/69, प.ह.नं. 16/24, सरस्वती स्कूल के पास, शंकर नगर पूर्व, वार्ड नं. 11, जिला- दुर्ग, क्षेत्रफल- 1925 वर्गफीट में स्थित डबल स्टोरी में निर्मित आवासीय भवन एवं संपत्ति के समस्त भाग व अंश । चौहद्दीः उत्तर सड़क, दक्षिण- सड़क, पूर्व- अन्य का मकान, पश्चिम- सड़क ।	01.06.2021 17.09.2021 ₹ 43,69,987.47 01.06.2021 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 38,00,000/- ₹ 3,80,000/- ₹ 10,000/-	Property No. - 08 Durg Branch (Mo. 7000781900)

EMD Deposit Details : EMD amount of 10% of the Reserve Price is to be deposited in E-Wallet of M/s PSB Alliance Private Limited (baanknet) portal directly or by generating the Challan therein to deposit the EMD through RTGS/NEFT in the account details as mentioned in the said challan on or before 23/12/2024.

ई-नीलामी की शर्तेः- (1) नीलामी बैंक द्वारा अधिकृत सेवा प्रदाता की वेबसाइट www.ebkray.in के माध्यम से आन लाईन ई-नीलामी की जावेगी । (2) संपत्ति का निरीक्षण दिनांक 23.12.2024, सुबह 10.30 से सायं 4.30 बजे तक संबंधित शाखा प्रबंधक की पूर्व अनुमति से किया जा सकता है । (3) बिक्री की पुष्टि होने पर सफल खरीददार बिक्री मूल्य का 25 प्रतिशत जिसमें ईएमडी के लिए पहले भुगतान की गई रकम भी शामिल है तुरंत जमा करेंगे एवं शेष 75 प्रतिशत राशि का 15 दिन के अंदर भुगतान करेंगे । (4) अधिक जानकारी हेतु उपरोक्त संबंधित शाखा के **प्राधिकृत अधिकारी** से सम्पर्क करें अथवा सर्विस प्रदाता M/s. PSB Alliance (baanknet), Helpline: Email ID- support.baanknet@psballiance.com अथवा Website: https://baanknet.com पर संपर्क करें ।

विवाद की किसी भी स्थिति में अंग्रेजी अखबार 'सेन्ट्रल क्रोनिकल' दिनांक 05.12.2024 सम्पूर्ण छ.ग. में प्रकाशित विज्ञापन मान्य होगा ।

दिनांक : 04.12.2024 स्थानः रायपुर (छ.ग.) — प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

सरकंडा मुक्तिधाम एवं साइंस कॉलेज उपकेन्द्र से बिजली की सप्लाई शुरू

बिलासपुर शहर को 4.59 करोड़ की 2 नए उपकेन्द्रों की मिली सौगात

■ 12 हजार से अधिक विद्युत उपभोक्ताओं को होगा फायदा

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, द्वारा निर्बाध व गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नवीन उपकेन्द्रो का निर्माण सर्वोच्च प्राथमिकता से किया जा रहा है। इसी तारतम्य में सरकंड़ा मुक्तिधाम लागत 2 करोड 63 लाख एवं साइंस कॉलेज लागत 1 करोड 96 लाख में नवनिर्मित 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र का लोकार्पण मुख्य अतिथि, नगर विधायक अमर अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला एवं अध्यक्षता महापौर बिलासपुर रामशरण यादव द्वारा किया गया। अब नगर वृत्त के अंतर्गत इन उपकेन्द्रों के उर्जीकरण होने से विद्युत उपभोक्ताओं की सेवाओं में वृद्धि होगी तथा उनसे प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण भी किया जा सकेगा। विद्युत कंपनी द्वारा विद्युत विकास के लिए स्वीकृत इस कार्य से सरकंडा मुक्तिधाम उपकेन्द्र के अशोक नगर चैक, चांटीडीह, राजस्व कॉलोनी, कपिलनगर व साइंस कालेज उपकेन्द्र के विजयापुरम, सोनगंगा कालोनी, अशोक विहार फेस-1, सब्जी मंडी, अरपा रपटा, डबरी पारा, साइंस कालेज की परिधि में आने वाले उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिलेगा। बिलासपुर क्षेत्र के मुख्य अभियंता ए.के.अम्बस्ट ने बताया कि इन उपकेन्द्रों के प्रारंभ होने से शहर के लगभग 12 हजार उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता की विद्युत सेवा का लाभ मिलेगा।

इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर बिलासपुर के पार्षदगण एवं उपभोक्ता सहित नगर वृत्त के अधीक्षण अभियंता पी.आर.साहू कार्यपालन अभियंता सैय्यद मुख्तार, हेमंत चन्द्रा, अनुपम सरकार, तृप्ति जांगड़े सहायक अभियंता संजीव केशकर, पी.के.चोबे, डी.के.साहू, संतोष देवांगन, प्रीता एक्का, दीप्तेन मुखर्जी,संचारी सिंह, वर्षा सोनी, छाया जीनस तथा परियोजना, मेंटेनेंस व एस.टी.एम के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

■ न्यूज गैलरी

कार लिफ्टर क्रेन को कलेक्टर एसपी ने दिखाई हरी झंड़ी

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह द्वारा निरंतर यातायात को सुदृढ़, सुव्यवस्थित करने व पार्किंग व्यवस्था पर कार्य किया जा रहे है। इसी क्रम में शहर यातायात व्यवस्था में कार लिफ्टर क्रेन की आवश्यकता के मद्देनजर डीएमएफ मद से कार लिफ्टर क्रेन वाहन यातायात पुलिस को प्रदाय किया गया। कार लिफ्टर क्रेन वाहन को बिलासपुर कलेक्ट अवनीश शरण एवं ने पुलिस अधीक्षक बिलासपुर रजनेश सिंह में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर निगम बिलासपुर के कमिश्नर अमित कुमार, डीएसपी ट्रैफिक शिवचरण परिहार व आला अधिकारी मौजूद रहे। इस संबंध में बिलासपुर पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने बताया कि निश्चित रूप से मुख्य सड़क मार्ग पर नो पार्किंग पर खड़ी कारों पर कार्यवाही के लिए कार लिफ्टर क्रेन वाहन काफी लाभदायक होगी। मुख्य रूप से यह मुंगेली नाका से नेहरू चौक तक एवं सदर बाजार, गोल बाजार व्यवस्था के साथ, ये निरंतर अन्य मुख मार्गों पर पेट्रोलिंग कर व्यवस्था बनाने व कार्यवाही करेंगी।

व्हीव्हीआईपी व व्हीआईपी मूव्हमेंट सहित विशेष परिस्थितियों में मार्ग प्रतिबंध लागू होगा

शहर में यातायात दबाव कम करने भारी वाहनों को विशेष परिस्थिति में ही मिलेगी अनुमति

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर शहर के निरंतर विकास एवं स्मार्ट सिटी के प्रयोजन के साथ-साथ यातायात के बढ़ते दबाव को दृष्टिगत रखते हुए बिलासपुर शहर (नगर निगम सीमा क्षेत्र) में सुगम व सुरक्षित यातायात व्यवस्था हेतु शहर के विभिन्न मार्गो से प्रवेश करने वाले भारी वाहनों को समय विशेष पर ही परिवहन की अनुमति दिये जाने के साथ ही एक्सल एवं मल्टी एक्सल वाहनों (जैसे- केप्सूल, ट्रेलर, ट्राला एवं कोयला परिवहन वाहन आदि) को शहर के सीमावर्ती बाईपास मार्गो से परिवहन कराया जाना आवश्यक बताते हुए व्ही.व्ही.आई.पी. एवं व्ही.आई. पी. मूव्हमेंट सहित विशेष परिस्थितियों एवं अवसरों पर सभी प्रकार के वाहनों को कुछ निर्धारित समय एवं मार्ग हेतु प्रतिबंधित किए जाने हेतु प्रस्तावित किया है। शहर के मध्य से भारी वाहनों की आवाजाही से वातावरण प्रदूषित होता है साथ ही भारी वाहनों से दुर्घटनाओं की

सुगम व सुरक्षित यातायात के लिए नई व्यवस्था

उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ बिलासपुर के डब्ल्यूपीपीआईएल नंबर 2/2024 में 18 जनवरी 2024 को आपातकालीन एम्बूलेंस, फायर ट्रक एवं अन्य आपातकालीन वाहनों की आवागमन को सुचारू रूप से व्यवस्थित करने के निर्देश दिए गये हैं। अतः मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 115 एवं छग मोटरयान नियम, 1994 के नियम 215 के अन्तर्गत जनहित में सुरक्षा की दृष्टि से बिलासपुर शहर (नगर निगम सीमा क्षेत्र) में सुगम व सुरक्षित यातायात व्यवस्था हेतु शहर के विभिन्न मार्गो से प्रवेश करने वाले भारी वाहनों को समय विशेष पर ही परिवहन की अनुमति दिये जाने के निर्देश दिए।

आशंका भी बनी रहती है जिससे यदा कदा कानून-व्यवस्था की स्थिति निर्मित होने की भी संभावना बनी रहती है। इस संबंध में पूर्व में पुलिस अधीक्षक बिलासपुर के प्रतिवेदन के आधार पर लोक सुरक्षा एवं सुगम यातायात व्यवस्था के दृष्टिकोण से वाहनों को कार्यालयीन आदेश क्रमांक / रीडर-जिला दण्डा./341/2024 1 फरवरी 2024 के द्वारा निर्धारित क्षेत्र में समय निर्धारित करते हुए परिवहन हेतु प्रतिबंधित किया गया तथा प्रवेष हेतु छूट प्रदान की गई थी। सुगम व सुरक्षित यातायात व्यवस्था हेतु शहर के विभिन्न मार्गो से प्रवेश करने वाले भारी वाहनों को समय विशेष पर ही परिवहन की अनुमति दिये जाने के साथ ही एक्सल एवं मल्टी एक्सल वाहनों (जैसे- केप्सूल, ट्रेलर, ट्राला एवं कोयला परिवहन आदि) को शहर के सीमावर्ती बाईपास मार्गो से परिवहन कराया जाना तथा व्ही.व्ही.आई.पी. एवं व्ही.आई.पी. मूव्हमेंट सहित विशेष परिस्थितियों एवं अवसरों पर सभी प्रकार के वाहनों को कुछ निर्धारित समय एवं मार्ग हेतु प्रतिबंधित किया जाना आवश्यक बताया है।

आज भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी ने संगठन पर्व भाजपा सदस्यता अभियान 2024 के अंतर्गत भाजपा जिला बिलासपुर की जिला स्तरीय संगठन पर्व पर आयोजित कार्यशाला में सम्मिलित हुए।

पेंशनरों की समस्याओं के निराकरण के लिए भी जिला व विकासखंड स्तरीय जनदर्शन लगाने की मांग

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर जिला बिलासपुर द्वारा एक अच्छा पहल करते हुए कर्मचारी हित में जिले के कर्मचारी अधिकारी एवं पेंशनरों के समस्याओं के निराकरण के लिए प्रत्येक मंगलवार को शाम 4 से 5 बजे जन दर्शन का आयोजन किए जाने का निर्देश देते हुए स्वयं 3 दिसंबर को प्रथम जनदर्शन लगाकर इस अभियान को प्रारंभ किया है जो कि कर्मचारी जगत के लिए स्वागत है योग्य है। इसी तारतम्य में छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ द्वारा मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव एवं सचिव छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग के नाम ज्ञापन सौंप कर अनुरोध किया गया है कि प्रदेश के कर्मचारियों, अधिकारियों, पेंशनरों के समस्याओं के निराकरण के लिए प्रत्येक माह दो बार मंत्रालय से लेकर विकासखंड स्तर तक जनदर्शन लगाया जाए।

कर्मचारियों के लिए जनदर्शन कलेक्टर ने सुनी समस्याएं

■ अधीक्षक को चेतावनी देकर किया निलंबन से बहाल

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर अवनीश शरण ने अधिकारी-कर्मचारियों के लिए अलग से जनदर्शन लगाकर उनकी समस्याएं सुनी। पहली जनदर्शन में तीन दर्जन से ज्यादा लोगों ने कलेक्टर से मुलाकात कर अपनी समस्याएं बताई। कर्मचारियों ने व्यक्तिगत के अलावा सामूहिक समस्याएं भी कलेक्टर के समक्ष रखीं। कलेक्टर ने एक-एक कर सबकी समस्याएं इत्मीनान से सुनी और उनका समाधान किया। समस्याओं के निदान को लेकर कलेक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों से सीधे फोन पर चर्चा कर निराकरण के निर्देश दिए। कुछ गंभीर किस्म की समस्याओं को टीएल पंजी में दर्ज कर निदान करने के लिए अधिकारियों को समय-सीमा दी। आदिवासी विभाग के कुछ माह पूर्व निलंबित छात्रावास अधीक्षक प्रफुल्ल शर्मा को चेतावनी देकर निलंबन से बहाल करने के निर्देश दिए। लगभग 9 माह पहले छात्रावास के निरीक्षण के दौरान लापरवाही बरतने पर उन्हें निलंबित कर दिया गया था। जनदर्शन में प्रमुख रूप से आज आवास आवंटन, निलंबन से बहाली, पद के अनुरूप काम नहीं मिलना, सेवानिवृत्ति के बाद भी पेंशन एवं ग्रेज्यूटी नहीं मिलना, अधिकारियों द्वारा मानसिक प्रताड़ना, चिकित्सा प्रतिपूर्ति का भुगतान, पेंशन निर्धारण, कम्प्यूटर ऑपरेटरों की पदोन्नति चेनल निर्धारण, कम्प्यूटर दक्षता के लिए परीक्षा का आयोजन, नियमित रूप से मानदेय प्रदाय, संलग्नीकरण आदि शिकायतें प्रमुख रूप से सामने आई। कुछ कर्मचारियों ने अपने गृह जिले में सामना कर रहे मुसीबतें भी कलेक्टर को बताई। रायगढ़ जिले के खरसियां निवासी भवानी शंकर राठौर ने बताया कि नगरपालिका खरसिया द्वारा उनके खेत के सामने गोठान निर्माण किया गया है।

फेडरेशन ने दिया धन्यवाद

जनदर्शन आयोजित कर अधिकारी कर्मचारियों की समस्याएं सुनने के लिए फेडरेशन ने कलेक्टर को धन्यवाद दिया है। कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन का एक प्रतिनिधि मण्डल डॉ. बीपी सोनी के नेतृत्व में उनकसे मुलाकात कर गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप कर्मचारियों के लिए पृथक जनदर्शन आयोजित कर समस्याएं सुनने के लिए कलेक्टर को बधाई दी।

बेलतरा के वार्डों के लिए 1.90 करोड़ स्वीकृत

बिलासपुर/नवप्रदेश। बेलतरा विधानसभा के वार्डों के लिए नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा अधोसरंचना मद से 1 करोड़ 90 लाख रूपये स्वीकृत किए गए है। विधायक सुशांत शुक्ला के प्रस्ताव पर उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने स्वीकृति प्रदान करते हुए नए वार्डो को सौगात दिया है। इससे पूर्व भी विधायक श्री शुक्ला की पहल पर वार्डों और क्षेत्र के लिए करोड़ों के विकास कार्य स्वीकृत किए गए है,जिसके कार्य भी प्रारंभ हो चुकें है। बेलतरा विधानसभा के इन वार्डों में होंगे कार्य वार्ड -52 के वसंत विहार चौक में 30 लाख की लागत से वेंडिंग जोन के लिए स्वीकृत है।

वीडियो वायरल करने की धमकी देकर युवती से वसूले 15 लाख

■ पहले शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म

बिलासपुर/नवप्रदेश। सोशल मीडिया के जरिये दोस्ती कर एक युवती को धोखा देने वाला शातिर आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा है। आरोपी ने पहले शादी का झांसा देकर युवती का शोषण किया और फिर उसकी फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर 15 लाख रुपये अपने खाते में जमा कराया। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी शुभम भापकर (26 वर्ष) को पुणे (महाराष्ट्र) से गिरफ्तार किया है। यह मामला तारबाहर थाना क्षेत्र का है। पीड़िता ने थाना तारबाहर में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी सोशल मीडिया पर आरोपी शुभम भापकर (26 वर्ष), निवासी अहमदनगर (पुणे) से पहचान हुई थी। आरोपी ने पहले मोबाइल नंबर लेकर बातचीत शुरू की और फिर अपनी नजदीकियां बढ़ाया और विश्वास में लेकर पीड़िता को होटल में बुलाया। दिर शादी का झांसा देकर उसने जबरन शारीरिक संबंध बनाया. इसके बाद आरोपी ने घटना का फोटो व वीडियो बना लिया और पीड़िता को ब्लैकमेल कर लगातार शारीरिक संबंध बनाता रहा। पीड़िता के जब शादी करने के लिए कहा तो आनाकानी करने लगा और बनाए गए फोटो वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर अलग-अलग किस्तों में अपने खाता में पीड़िता से लगभग 15 लाख रुपये जमा करा लिया। पीड़िता की शिकायत पर तारबाहर पुलिस तुरंत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। इस दौरान साइबर सेल की मदद से आरोपी का लोकेशन पुणे, अहमदनगर में ट्रेस किया गया। जिस पर तत्काल एक पुलिस टीम आरोपी को गिरफ्तार करने पुणे रवाना हुई और लोकेशन के आधार पर दबिश देकर आरोपी को एक होटल से गिरफ्तार किया। इस दौरान पूछताछ में आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार किया. जिसके बाद पुलिस आरोपी शुभम भापकर को लेकर तारबाहर पहुंची और उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

नशे में धुत आरक्षक का अश्लील इशारा करते वीडियो वायरल

बिलासपुर/नवप्रदेश। चकरभाठा थाने में पदस्थ आरक्षक प्रेम उपाधाय शेरे पंजाब ढाबा मे स्थित पान दुकान बंद कर करवाने के दौरान शराब के नशे मे धुत्त था और वर्दी मे आपत्तिजनक भाषा और इशारों का इस्तेमाल कर रहा था। इस दौरान किसी ने चकरभाठा में पदस्थ आरक्षक प्रेम उपाध्याय का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया और दावा किया है इस दौरान आरक्षक नशे में धुत्त होकर पुलिस का पावर संचालक को दिखाते हुए धमकाने की कोशिश करता हुआ और अश्लील इशारे करते हुए नजर आ रहा है। जबकि चकरभाटा क्षेत्र में काली ढाबा, बालाजी ढाबा और देशी मुर्गा ढाबा सहित कई ढाबा में देर रात तक नियमों के विरुद्ध परोसने ने की शिकायत लगातार सामने आते रहती है इन शिकायतों पर पुलिस द्वारा ठोस कार्रवाई नहीं होने से आए दिन काली ढाबा सहित अन्य ढाबाओं पर मारपीट की घटनाएं सामने आती रहती हैं। उसके बाद भी पेट्रोलिंग की टीम इन पर अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रही है। इस वीडियो में दावा किय किया जा रहा है की कार्रवाई के दौरान पुलिसकर्मी के नशे में धुत्त था और अश्लील इशारे कर रहा था। इस दौरान आरक्षक ने वर्दी का रौब भी दिखाया। जबकि क्षेत्र में संचालित ढाबा में देर रात तक शराब परोसी जा रही है।

वीडियो में आरक्षक पान दुकान वाले को पीछे के रास्ते से सामान बेचने की नसीहत देते हुए नजर आ रहा है। वीडियो बनाने वाले सूत्र ने दावा किया है की आरक्षक उस समय खुद शराब के नशे में था और अनाप-शनाप बातें कर रहा था जबकि बारे में आरक्षक प्रेम उपाध्याय का कहना है की उच्च अधिकारियों के कहने पर वह शेरे पंजाब ढाबा के सामने संचालित पान दुकान को बंद करवाने गया हुआ था।

पान दुकान को बंद कराते कर रहा था गाली-गलौज

विधायक कौशिक की अनुशंसा पर बिल्हा विस के लिए 10 करोड़ स्वीकृत

बिलासपुर/नवप्रदेश। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक की अनुशंसा पर प्रदेश की साय सरकार द्वारा विधानसभा बिल्हा के ग्राम हिर्री से बिल्हा पहुंच मार्ग तक 1017.65 लाख रु से लागत से 3.80 किलोमीटर की स्वीकृति शासन अब बहुत जल्द ही हिर्री से बिल्हा पहुंच मार्ग तक सड़क निर्माण का कार्य प्रारंभ हो जाएगा। इस अवसर पर बिल्हा विधानसभा के विधायक धरमलाल कौशिक ने विष्णु सरकार एवं उपमुख्यमंत्री व लोक निर्माण मंत्री अरुण साव का आभार मानते हुए क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं दिया है। श्री कौशिक ने कहा कि सरकार बनने के बाद बिल्हा विधानसभा में विकास की नदियां बह रही है, इस सड़कों की मांग क्षेत्रवासियों द्वारा मांग की जा रही थी। इसके निर्माण होने से क्षेत्रवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में सुविधाजनक और सुरक्षित आवागमन के लिए सड़कों के निर्माण की विशेष पहल की जा रही है।

बैठक

कलेक्टर अवनीश शरण ने ली राजस्व अधिकारियों की बैठक, तेजी से मामले निपटाने के दिए निर्देश

31 मार्च तक आंगनबाड़ी के सभी डेढ़ लाख बच्चों को मिलेगा जाति प्रमाण पत्र

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर अवनीश शरण ने अधिकारियों की बैठक लेकर राजस्व प्रकरणों के निराकरण की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने जनहानि के बरसों से लंबित प्रकरणों का निराकरण कर एक सप्ताह में अंतिम स्वीकृति के लिए जिला कार्यालय भेजने के निर्देश दिए। विदित हो कि लगभग 75 मामले तहसील एवं एसडीएम ऑफिस में विभिन्न कारणों से सालों से लंबित पड़े हैं। उन्होंने बैठक में आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों के जाति सहित अन्य प्रमाण पत्रों के बनाने की कार्य-योजना पर चर्चा कर निर्देश दिए। चालू वित्तीय वर्ष 31 मार्च 2025 तक सबको 4 प्रकार के प्रमाण पत्र शतप्रतिशत उपलब्ध कराने को कहा है। लगभग डेढ़ लाख शून्य से छह साल तक के बच्चे लगभग 2 हजार आंगनबाड़ी केन्द्रों में दर्ज हैं। सबकों लेमिनेशन कराकर प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जायेगा ताकि लम्बे समय तक सुरक्षित रह सके।

कलेक्टर ने एजेन्डा के अनुरूप राजस्व से संबंधित एक-एक मामले की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने पिछले माह की तुलना में आई प्रगति पर संतोष जाहिर करते हुए वर्तमान गति को बनाए रखने के निर्देश दिए। राजस्व अधिकारियों से कहा कि जो आदेश आपके द्वारा जारी किया जाता है, उसका पालन हो, यह सुनिश्चित करना भी आपकी जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि वन पट्टाधारी किसान की मौत होने पर उनके वारिसानों के नाम पर भूमि का नामांतरण किया जा सकता है। छोट-बड़े झाड़ के जंगल के लिए राजस्व विभाग और वनभूमि में नामांतकरण का अधिकार वन विभाग को है। कलेक्टर ने बैठक में विवादित एवं अविवादिज नामांतरण एवं बटवारा, सीमांकन, डायवर्सन, त्रुटि सुधार, भूनक्शा अपडेट, डिजिटल हस्ताक्षर खसरे, स्वामित्व योजना, अधिकार अभिलेख, जिओ रिफ्रेशिंग आदि की समीक्षा की। कलेक्टर ने बैठक में धान खरीदी की सतत् निगरानी करते रहने के निर्देश दिए। एसडीएम हर दिन किसी बड़े धान खरीदी केन्द्रों का दौरा करें। खाद्य अधिकारी ने बताया कि अब तक 90 हजार मीटरिक टन धान की आवक हो चुकी है। आवक लगातार बढ़ रही है। कलेक्टर ने कोचियों और दलालों पर नजर रख और तेज कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

न्यूज गैलरी

अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर हुए कई कार्यक्रम

बलरामपुर/नवप्रदेश। अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर जनपद पंचायत राजपुर के सभाकक्ष में सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा की उपस्थिति में दिव्यांग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान दिव्यांगजनों को राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही दिव्यांग दिवस के अवसर पर विभिन्न गांव से आये 232 दिव्यांगजनों को साल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में दिव्यांगों को श्रवणयंत्र, छड़ी, ट्राईसायकल भी प्रदान किया गया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष अनिता बेक, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत सरिता जायसवाल, जनपद सदस्य मुकेश गुप्ता सहित वरिष्ट एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

पाक कला प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

मुंगेली/नवप्रदेश। रवि गैस एजेंसी द्वारा हमारी रसोई हमारी जिम्मेदारी सुरक्षा कार्यक्रम महाराणा प्रताप वार्ड पेंडाराकापा गोवर्धन बाड़ा में पाक कला प्रतियोगिता स्पर्धा का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में तीनो तेल कंपनी के जिला नोडल अधिकारी अनुप पाण्डेय की अध्यक्षता में संचालित हुआ। मुख्य अतिथि श्रीमती वंदना गोवर्धन, सहायक खाद्य निरीक्षक वशिष्ठ सिंह का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। इसमें 20 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इनके द्वारा बनाये व्यंजनों को निर्णायक प्रतिनिधियों ने तीन प्रतिभागियों का चयन कर प्रथम चमेली साहू, द्वितीय महेशिया साहू, तृतीय राजकुमारी साहू को पुरस्कृत किए। साथ में शेष प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया। कार्यक्रम में आशीष तिवारी, पार्षद मोहित बंजारा सहित नागरिक उपस्थित थे। तेल कंपनी के जिला नोडल अधिकारी अनुप पाण्डेय ने तीनों कंपनी के 15 डिलिवरी ब्वायों को भी सेप्टी चेक एवं सुरक्षा सम्बन्धी जानकारी दिये जाने पर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में 100 महिलाओं को सुरक्षित गैस का उपयोग करने की जानकरी दी गई।

कथा के चौथे दिन प्रभु की बाल लीलाओं का हुआ वर्णन

रघुनाथ जी जगत कल्याण के लिए देव रूप से मनुष्य रूप में अवतार :देवी चंद्रकला

■ आज होगा प्रभु रघुनाथ जी का विवाह उत्सव

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद के गांधी मैदान में श्री सत्संग मानस मंडली द्वारा आयोजित श्रीराम कथा के चतुर्थ दिवस कथावाचिका देवी चंद्रकला जी ने प्रभु श्रीराम जी के बाल रूप व बाल लीलाओं का वर्णन किया। भगवान को सीधे सीधे पकड़ना बहुत मुश्किल है, लेकिन जिसने भक्ति को अपने पकड़ में कर लिया तो फिर तुम्हे भगवान को ढूंढने की जरूरत नहीं है, बल्कि भगवान स्वयं अपने भक्तों ढूंढते आयेंगे, मन में दृढ़ संकल्प और विश्वास का होना जरूरी है।

मनुष्य के तन का आहार भोजन है पर मन का आहार भजन होता है÷ ये उदगार थे देवी चंद्रकला ने श्रीराम बाल लीला का वर्णन करते बता रहे कि मेरे रघुनाथ जी जगत कल्याण के लिए देव रूप से मनुष्य रूप में अवतार लिए इसीलिए ठाकुर जी ने प्रत्येक वो आचरण किए जो एक मानव को करना चाहिए। प्रातःकाल उठते ही राम जी का पहला नियम अपने माताङ्कपिता, गुरु और श्रेष्ठजनो के चरणों में मस्तक रख के प्रणाम करते थे। हम चाहे किसी भी आयु के हो हमारे श्रेष्ठजनो के चरणों में हमारा मस्तक झुकता रहे यही मानवता का शुभ लक्षण है।

चारों लल्लन के नामकरण के लिए राजा दशरथ के आग्रह पर गुरुदेव वशिष्ठ भगवान ने राजा दशरथ के चार पुत्रों में राम की ओर इशारा करते हुए कहा राजन जो आनंद के सिंधु (समुद्र) हैं, सुख के परम राशि हैं आपके इन ज्येष्ठ पुत्र का नाम मै राम रखता हूं। राम तेरा नाम सारी दुनिया से न्यारा है हमें लागे बड़ा प्यारा है , तुझको सौप दिए जीवन के नैया , बन जाओ मेरे आप खेवैया , तेरे ही कृपा से मिले भक्तों की न्यारा है , राम नाम की शरण पाकर पापी उतर गए इसे अपनाकर , जीवन के मेरे तुम रखवारे तेरा सब कुछ तेरे हवाले , मुझको तो नाथ अब तेरा ही सहारा है भजन में सब झूम उठे।

भरत के नामकरण में कहा कि प्रभु प्रेम की साक्षात प्रतिमूर्ति और संसार का भरन पोषण करने वाले इन पुत्र का नाम भरत होगा और जिनके नाम स्मरण से शत्रुओं का मर्दन होगा।

चारों लल्लन के नामकरण

चारों लल्लन के नामकरण के लिए राजा दशरथ के आग्रह पर गुरुदेव वशिष्ठ भगवान ने राजा दशरथ के चार पुत्रों में राम की ओर इशारा करते हुए कहा राजन जो आनंद के सिंधु (समुद्र) हैं, सुख के परम राशि हैं आपके इन ज्येष्ठ पुत्र का नाम मै राम रखता हूं। राम तेरा नाम सारी दुनिया से न्यारा है हमें लागे बड़ा प्यारा है , तुझको सौप दिए जीवन के नैया , बन जाओ मेरे आप खेवैया , तेरे ही कृपा से मिले भक्तों की न्यारा है , राम नाम की शरण पाकर पापी उतर गए इसे अपनाकर , जीवन के मेरे तुम रखवारे तेरा सब कुछ तेरे हवाले , मुझको तो नाथ अब तेरा ही सहारा है भजन में सब झूम उठे।

35 लाख से ज्यादा के जेवर जब्त, आईजी मिश्रा ने किया खुलासा

पुलिस के हत्थे चढ़े, गैती गैंग के 8 सदस्य, 3 सराफा कारोबारी भी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश । राज्य राजधानी सहित दुर्ग, महासमुंद, कोरबा, अंबिकापुर में घूम-घूमकर चोरी करने वाले एक नए सक्रिय चोर गिरोह का रायपुर पुलिस ने भांडा फोड़ते हुए कुल 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। क्राइम ब्रांच की टीम ने चोरी करने वाले इस गैंग से जुड़े आठ तथा चोरी के जेवर खरीदने के आरोप में तीन सराफा कारोबारियों को गिरफ्तार किया है। बदमाश चोरी करने के लिए ताला तोड़ने गैंती का उपयोग करते हैं, इसीलिए पुलिस ने इसे गैंती गैंग का नाम दिया है। गैंती गैंग का सरगना बिलासपुर का शातिर चोर सृजन शर्मा उर्फ स्वराज है। गैंती गैंग को सृजन शर्मा ऑपरेट कर रहा था। मामले का खुलासा करते हुए रेंज आईजी अमरेश मिश्रा ने बताया कि चोरी के आरोप में बिलासपुर, सरकंडा निवासी सृजन शर्मा, मुंगेली निवासी उमेश उपाध्याय तथा सफीक मोहम्मद को गिरफ्तार किया है। माल खपाने के आरोप में मुंगेली निवासी हर्ष कुमार बंजारे उर्फ गोविंदा, मोहम्मद आसिफ सिद्दीकी, बिलासपुर, कोटा निवासी मेवा लाल कश्यप, तखतपुर निवासी हेमंत कश्यप, बिलासपुर निवासी कमलजीत कश्यप उर्फ जीतू तथा चोरी का माल खरीदने के आरोप में बिलासपुर निवासी जय कुमार सोनी, तखतपुर निवासी राजेश कुमार सोनी तथा रायपुर, बिरगांव निवासी भूषण कुमार देवांगन को गिरफ्तार किया है। बदमाशों ने जिले के विधानसभा, मंदिर हसौद, मुजगहन तथा तिल्दा नेवरा में 25 चोरी की घटना को अंजाम दिया है।

पुलिस के मुताबिक आरोपियों के कब्जे से चोरी के 35 लाख रुपए से ज्यादा कीमत के सोने-चांदी के जेवर जब्त किए गए हैं। जब्त जेवर में 316 ग्राम सोने तथा तीन किलो चांदी, चोरी की दो दोपहिया तथा पांच मोबाइल जब्त किया गया है। चोरी का माल खपाने वालों ने ज्वलर्स को चोरी का माल औने-पौने दाम में बेच दिया था।

फाइनेंस कंपनी को नोटिस

पुलिस के मुताबिक चोरी के आरोपी ज्वेलर्स के पास चोरी के जेवर बेचने के साथ अलग-अलग फाइनेंस कंपनी में जेवर गिरवी रख कर पैसे लिए हैं। पुलिस ऐसी फाइनेंस कंपनियों को बगैर किसी बिल के जेवर गिरवी रखने के आरोप में नोटिस देने की बात कह रही है।

मकान किराए पर लेकर करते थे रैकी

पुलिस के अनुसार शातिर किसी शहर में चोरी करने जाते थे, वहां महफूज ठिकाना तलाश करने किराए पर मकान लेकर फेरी लगाने का काम करने के साथ अन्य छोटा-मोटा व्यवसाय कर रैकी करते थे। पुलिस के अनुसार गैंग के बदमाश किसी भी जगह चोरी करने जाते थे, वहां पूरी तरह से सावधानी बरतते थे। चोर गिरोह को मॉनिटरिंग करने का काम सृजन शर्मा करता था। सृजन तय करता था, कब किस इलाके में चोरी करना है ।

हिन्दू संस्कृति मंच ने आक्रोश रैली निकाली

मुंगेली/नवप्रदेश। हिंदू धर्म संस्कृति सुरक्षा मंच के तत्वावधान में बांग्लादेशी हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों के विरोध में मुंगेली में एक विशाल आक्रोश रैली का आयोजन किया गया। संयुक्त कलेक्टर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम ज्ञापन दिया गया। इसमें बांग्लादेश सरकार से हिंसा पर तत्काल रोक लगाने और दोषियों के खिलाफकड़ी कार्रवाई की मांग की गई।

विगत चार महीनों से बंगलादेश में रह रहे हिंदुओं पर कट्टरपंथियों द्वारा लगातार हिंसा, लूटपाट, अनाचार व आगजनी की घटनाएं कारित की जा रही हैं। जिनको लेकर सम्पूर्ण भारत में आक्रोश व्याप्त है व 3 दिसंबर को सर्व हिंदू समाज द्वारा देशव्यापी आक्रोश रैली व भारत सरकार को ज्ञापन सौंप अंतरराष्ट्रीय हिंसा के विरुद्ध दबाव बना एक नीति स्थापित करने हेतु आग्रह करना था। देश भर में जिला स्तर पर आयोजित किया गया है जिसके तहत छत्तीसगढ़ प्रांत के मुंगेली जिले में भी हिंदू धर्म संस्कृति सुरक्षा मंच के तत्वावधान में बांग्लादेशी हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों के विरोध में मुंगेली में एक विशाल आक्रोश रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का उद्देश्य भारत सरकार और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय का ध्यान इस गंभीर मुद्दे की ओर आकर्षित करना और पीड़ित समुदायों के लिए न्याय सुनिश्चित करना था। रैली की शुरुआत पडाव चौक से हुई, जो गोल बाजार, पुराने बस स्टैंड, और दाऊपारा चौक में जाकर ज्ञापन सौंपने के बाद संपन्न हुई। हजारों की संख्या में उपस्थित जनसमूह ने बांग्लादेशी हिंदुओं

विकासखंड युवा उत्सव आज बढ़ई टोला में

खैरागढ़/नवप्रदेश । जिले के युवाओं को कला एवं संस्कृति के क्षेत्र मे बेहतर अवसर प्रदान करने के उददेश्य को लेकर विकासखंड स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन आज 5 दिसंबर को बढ़ईटोला हाईस्कूल प्रांगण मे किया गया है । युवा उत्सव मे आयोजित होने वाले प्रमुख विधाओं मे सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत सामुहिक लोकनृत्य, सामूहिक लोकगीत, एकल लोक नृत्य, एकल लोकगीत, कहानी लेखन, चित्रकला, वक्तित्व कला तात्कालिक भाषण, कविता, विज्ञान मेला, युवाकृति मे हस्तशिल्प, कृषि उत्पाद सहित अन्य विधाओं मे प्रदर्शन होगा ।

वनांचल क्षेत्र के लछना में हर घर पहुंच रहा शुद्ध पेयजल

खैरागढ़/नवप्रदेश। । महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना का जिले में बेहतर क्रियान्वयन हो रहा है। गातापार जंगल इलाके में बसे ग्राम लछना में जल जीवन मिशन की सफलता से गांव के लोगों को रोजाना शुद्ध पेयजल मुहैया कराया जा रहा है । जिला मुख्यालय से 25 किमी दूर सुदुर वनांचल क्षेत्र के बीच बसे लक्षणा का प्रधानपाठ बैराज बनाए जाने के बाद गांव के डुबान क्षेत्र मे आने के चलते पूरे गांव को दूसरी जगह शिप्ट किया गया था । एक समय था जब यहां के रहवासियों को शुद्ध पेयजल एवं अन्य जरूरतों के लिए दूसरों स्तोतों पर निर्भर रहना पड़ता था। लेकिन अब जल जीवन मिशन योजना के तहत ग्रामीणों को पीने के लिए नल से स्वच्छ जल मिल रहा है। लोक स्वास्थ यांत्रिकीय विभाग द्वारा ग्राम लछना के करीब 140 घरों में निवासरत परिवारों को सिंगल विलेज स्कीम के माध्यम से पीने के लिए शुद्ध पेयजल प्रदाय करवाया जा रहा है। यहां बसाहट के सभी घरों तक पीने का शुद्ध पानी पहुंच रहा है। उन्हें पीने के लिए घर पहुंच शुद्ध पेयजल तो मिल ही रहा है, साथ ही पहले बोरिंग व अन्य माध्यमों से कतार में लगकर घंटों अपनी बारी का इंतजार करने की झंझट से भी आजादी मिल गई है। लक्षणा मे लगभग 60 लाख रू की लागत से जलजीवन मिशन योजना के तहत पानी टंकी निर्माण के साथ घर घर नल पहुँचा कर पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है ।

MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR
e-Procurement Tender Notice
Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in
(3rd Call)

NIT NO: 404 /HEALTH/NNR/2024 RAIPUR DATED: 04-12-2024

Online bids are invited for the following works up to at 14-12-2024 17:30 hours.

S. No.	System Tender No.	Name of work/Description of work	Probable amount of contract (In Lacs)	EMD Ammount	Time Period
1	162420	सेंट्रल गैंग ग्रुप बी मुख्यालय अंतर्गत सफाई कार्य हेतु प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से 50 अकुशल श्रमिक (सफाई कामगार) रखे जाने बाबत्।	रु. 20.11 लाख	रु. 15,000/-	3 माह

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from 04-12-2024, 17.30 Hours (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal NIT Details and other documents.

NOTE: -
1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. Help Desk at Toll Free No. 18004199140 or through Email ID helpdesk. eproc@cgswan.gov.in

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

HEALTH OFFICER
MUNICIPAL CORPORATION
RAIPUR (C.G.)

OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER
PUBLIC WORKS DEPARTMENT, E/M CIRCLE, RAIPUR (C.G.)
e-Procurement Tender Notice

Online tenders are invited on behalf of Governor of Chhattisgarh from contractors, C.G. P.W.D in new Registration system (unified Registration system) for the following work :-

NIT No.	Name of work	Probable amount of contract
44/SE E/M/2024 (I Call) System Tender No 162071 Registered contractor class in "D" above For Form "A" (Percentage Rate Tender)	SUPPLY AND MAINTENANCE OF ALL TYPE AIR CONDITIONERS AT VVIP MINISTER BUNGLOW SHANKAR NAGAR AND DISTRICT HOSPITAL PANDRI & SECTION UNDER PWD E/M DKS(M) SUB DIVISION RAIPUR (C.G.)	Rs 26.41 Lacs
45/SE E/M/2024 (1 Call) System Tender No 162079 Registered contractor class in "D" & above For Form "A" (Percentage Rate Tender)	SUPPLY & REPAIR OF SUBMERSIBLE, OPEN WELL AND PRESSURE PUMP FOR KASHIRAM NAGAR & VVIP MINISTER BUNGLOW UNDER DKS(M) UNDER SUBDIVISION RAIPUR (C.G.)	Rs 27.67 Lacs
46/SE E/M/2024 (I Call) System Tender No 162200 Registered contractor class in "D" & above For Form "A" (Percentage Rate Tender)	NIT SCHEDULE FOR E/F WORK FOR RESIDENTIAL AND NON RESIDENTIAL BUILDING UNDER KACHNA ,VIJETA COMPLEX SHANTI NAGAR SECTION D.K.S.(M) SUB-DIVISION, RAIPUR (C.G.)	Rs 65.00 Lacs
47/SE E/M/2024 (1 Call) System Tender No 162202 Registered contractor class in "D" & above For Form "A" (Percentage Rate Tender)	NIT SCHEDULE FOR VARIOUS ROODS TO REPAIR & MAINTENANCE OF STREET LIGHT UNDER PWD E/M SUB DIVISION D.K.S. (M) RAIPUR (C.G.)	Rs 68.00 Lacs

Note: date of bid submissionof NIT 44/45 will 13-12-2024 &46/47 16/12/2024

The tender documents can be downloaded from the web-portal http://eproc.cgstate.gov.in.Only those contractors/bidders, interested in bidding shall pay the tender document cost online.

G-242504295/3

Superintending Engineer
P.W.D., E/M Circle Raipur (C.G.)

''छत्तीसगढ़ शासन, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग''
धमतरी वनमंडल धमतरी
काष्ठागार नगरी का ई-ऑक्सन का संक्षिप्त विज्ञापन

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है, कि धमतरी वनमंडल धमतरी के अन्तर्गत नगरी काष्ठागार में संग्रहित ईमारती काष्ठ, जलाऊ एवं बल्ली का ई-ऑक्सन द्वारा निर्वर्तन निम्नानुसार किया जावेगा। इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है, कि वे ई-ऑक्सन में भाग लेवें। ई-ऑक्सन की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमंडल कार्यालय/वन काष्ठागार नगरी से प्राप्त की जा सकती है।

नीलाम दिनांक -10 दिसम्बर 2024
नीलाम समय - प्रातः 9.00 बजे से

नीलाम में प्रस्तावित वनोपज की अनुमानित मात्रा

प्रजाति	नया वनोपज	अविक्रित वनोपज		योग वनोपज	
	ईमारती (घ.मी.)	ईमारती (घ.मी.)	बल्ली डेंगरी (नग)	ईमारती (घ.मी.)	बल्ली डेंगरी (नग)
सागौन	132.000	277.874	3587	409.874	3587
साल	-	140.876	1523	140.876	1523
साजा	-	34.586	380	34.586	380
बीजा	-	6.489	-	6.489	-
तिन्सा	-	0.634	-	0.634	-
शीशम	-	1.153	-	1.153	-
हल्दू/मूंदी/खम्हार	-	31.596	-	31.596	-
धावड़ा	-	0.666	23	0.666	23
कर्रा/सेन्हा/अन्य	-	118.129	1032	118.129	1032
योग :—	**132.000**	**612.003**	**6545**	**744.003**	**6545**
समस्त प्रजाति के खूंटा	-	-	528	-	528
मिक्स जलाऊ चट्टा	-	-	27 chatta	-	7 chatta

टीप :- (1) क्रेताओं को ई-ऑक्सन के पूर्व एम.एस.टी.सी. ई- कार्मस पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य हैं।
(2) क्रेताओं को ई-ऑक्सन के पूर्व क्रय लॉटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई. एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है।
(3) लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम.एस.टी.सी. ई- कार्मस पोर्टल में अपने आईडी से लॉगइन करके देख सकते है।
(4) ई-ऑक्सन में लॉट क्रय के पश्चात् प्रथम क्रेता को 40 सेंकड का समय प्राप्त होगा उसी लॉट में अन्य क्रेताओ द्वारा 40 सेकंड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेकंड का समय प्राप्त होगा।

फोन 07722-238371
फैक्स 07722-236137
जी-242504282/4

वनमंडलाधिकारी
धमतरी वनमंडल धमतरी

कार्यालय नगर पालिक निगम, दुर्ग
Email Id :- durgmc2019@gmail.com phone :- 0788-2322148
-:: मेनुअल निविदा आमंत्रण सूचना :-

क्रमांक-654/लो.क.वि./2024-25 दुर्ग, दिनांक 02/12/2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से लो.नि.वि. में प्रचलित भवन/सड़क एस.ओ.आर. 01.01.2015 पर तथा निविदा दिनांक तक संशोधित दर पर कम/ अधिक प्रतिशत दर पर अधोसंरचना मद अंतर्गत बी.टी. रोड, डब्लू.एम.एम.सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण हेतु कुल लागत राशि रु. 339.97 लाख के 26 कार्यों के लिए पृथक- पृथक निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा तिथियों का विवरण निम्नानुसार है :-

निविदा प्रपत्र क्रय हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 06.12.2024
निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि - 12.12.2024
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - 17.12.2024 शाम 4.30 बजे
निविदा खोलने की तिथि - 17.12.2024 शाम 5.00 बजे

निविदा कार्यों का विस्तृत विवरण एवं निविदा की सामान्य शर्तें धरोहर राशि, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है अथवा विभागीय वेबसाइट www.municipalcorporationdurg.in एवं www.uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है। निविदा की किसी भी प्रकार के संशोधन होने पर इसकी सूचना समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं की जावेगी। अतः नियमित रूप से विभागीय वेबसाईट का अवलोकन करें।

कार्यपालन अभियंता

कार्यालय नगर पंचायत पिपरिया, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)
Email ID- cmopipariya@gmail.com
क्रमांक 1143/लो.नि.वि./तक./न.प./2024-25 पिपरिया, दिनांक 03.12.2024
।। मैनुअल पद्धति से निविदा आमंत्रण ।।

एतद् द्वारा नगर पंचायत पिपरिया द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 अधोसंरचना विकास मद अंतर्गत विभिन्न निर्माण/सौंदर्यीकरण कार्य कराए जाने हेतु एकीकृत पंजीयन प्रणाली में सक्षम श्रेणी में जीवित पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र 'A' में छ.ग. लोक निर्माण भवन एसओआर (दि. 01.01.15 से प्रभावशील) सामान/कम/अधिक % दर एवं सामाग्री दर पर पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से त्रि-लिफाफा पद्धति में सीलबंद निविदा इस कार्यालय में आमंत्रित किया जाता है।

निविदा प्रपत्र प्राप्ति हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 12.12.2024
निविदा प्रपत्र प्रदान करने की तिथि :- 16.12.2024
निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 23.12.2024 दोपहर 03.00 बजे तक
निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि एवं समय :- 23.12.2024 शाम 04.00 बजे से

टीप :- उपरोक्त कार्य की निविदा से संबंधित अन्य समस्त जानकारियां कार्यालय न.पं. पिपरिया के सूचना पटल पर नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में देखा जा सकता है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत पिपरिया

- नगर पंचायत के करों का भुगतान समय पर करें
** पर्यावरण संरक्षण हेतु पालीथीन का उपयोग न करें **

Office of The Superintending Engineer
Chhattisgarh Rural Road Development Agency
Project Circle Raigarh, Distt-Raigarh (C.G.)

NIT No 145 1st Call/Tender/CGRRDA/2024 Raigarh Date: 04.12.2024

-:: Press Notification ::-
NIT No 145 1st Call Date 04.12.2024 (MMGSY)

The Superintending Engineer, Chhattisgarh Rural Road Development Agency, Project Circle, Raigarh on behalf of Governor of Chhattisgarh (C.G.) invites the Online percentage rate tenders for Repair & Maintenance work of MMGSY on rate SOR of CGRRDA **(i.e. S.O.R. of Panchayat and Rural Development Department, For Construction & Maintenance of Rural Roads works issued by Chhattisgarh Rural Road Development Agency, Raipur enforced from 22.02.2018)** from approved and eligible Contractors Single Window Registration under E-In-C PWD C.G. for following works under : -

S.N	Dist	NIT No	Tender No	Work Name	Amount (Rs. in Lakhs)	Earnest Money (Rs. in Lakhs)	Districts	Time Allowed for Completion (Including Rainy Season	Category of Contractor	Rate invited	Remark/ No. of Call/SOR Applied
1	Sarangarh -Bilaigarh	145	162390	Repair & Maintenance Work Under Repair & MMGSY	50.00 (I/c GST 18%)	50,000	Sarangarh Bilaigarh	02 Month	D & Above	Percentage Rate SOR 22.02.2018 issued by CE, CGRRDA Raipur	1st Call
2	Sakti	145	162391		50.00 (I/c GST 18%)	50,000	Sakti	02 Month	D & Above		1st Call

Detailed N.I.T. and other Details can be viewed on our website https://eproc.cgstate.gov.in. on 10.12.2024, 5:00 PM

S.-42327/1

(Sunil Namdeo)
Superintending Engineer
Chhattisgarh Rural Road Development Agency
Projeet Circle, Raigarh (C.G.)

न्यूज गैलरी

सनातन संस्कृति से बड़ा कुछ नहीं : देवी चंद्रकला

गरियाबंद/नवप्रदेश। बांग्लादेश में हिंदू समाज पर इस्लामिक कट्टरपंथियों द्वारा किए जा रहे हमले, लूटपाट, आगजनी और महिलाओं-बच्चों पर अमानवीय अत्याचार के विरोध में गरियाबंद जिला मुख्यालय स्थित गांधी मैदान में मंगलवार को सर्व हिन्दू समाज द्वारा आमसभा व जनजागरण रैली आयोजित की गई थी। आमसभा में अयोध्या धाम से पधारी कथावाचिका मानस विदुषी देवी चंद्रकला शामिल हुई। आमसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार की भागीदार कहीं हम भी न बन जाए, अगर एक न हो जाए। कटेंगे तो बटेंगे अगर इस नारा को नहीं समझेंगे तो निश्चित ही हमारे ऊपर वो आंच आने में देर लगने वाली नहीं है। इसलिए उन्होंने समस्त हिन्दू समाज से एकत्र होकर संगठित रहने की अपील की है। आगे उन्होंने कहा कि जाती पाती कि करो विदाई, हम सब हिन्दू भाई-भाई। कहा कि हमारी सनातन संस्कृति से बड़ा कुछ नहीं है। गरियाबंद जिला मुख्यालय के गांधी मैदान में आयोजित आमसभा व जनजागरण रैली में जिलेभर से सर्व हिन्दू समाज के लोग बड़ी संख्या में। पहुंचे हुए थे। आमसभा के बाद सर्व हिन्दू समाज द्वारा जनजागरण रैली निकाली गई, जिसमें लोगों ने हाथ में नारा लिखी हुई तख्ती लेकर बांग्लादेश के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए नगर भ्रमण कर अनुविभागीय कार्यालय पहुंचे। जहां सर्व हिन्दू समाज द्वारा राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार मयंक अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा।

धरसीवां की सेवा के एक वर्ष

खरोरा/नवप्रदेश। 2023 में 3 दिसंबर को राज्य की

जनता ने बहुमत दिया. इस एक साल के कम समय में विधायक अनुज शर्मा ने अपने वादे के मुताबिक धरसिंवा क्षेत्र के विकास में कई महत्वपूर्ण काम करते हुए जनता का विश्वास हासिल किया है। धरसिवां क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत 1 हजार 601 करोड़ रूपए की लागत से सड़कों का निर्माण कराया जा रहा है। क्षेत्र में 3 करोड़ 93 लाख की लागत से स्कूल कॉलेज भवन के निर्माण हुए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 144 ग्राम पंचायतों में 6626 आवास स्वीकृत कराए हैं। 261 लाख की लागत से खरोरा और कुरा ग्राम पंचायत में अधोसंरचना के 31 काम स्वीकृत कराए हैं। विधानसभा क्षेत्र में 91 लाख 7 सौ 95 माताओं बहनों को एक हजार रूपए प्रति माह महतारी वंदन योजना अंतर्गत दिए जा रहे हैं। 5 पंचायतों में 146 लाख की लागत से महतारी सदन का निर्माण कराया जा रहा है। 6 पंचायतों में 115 लाख की लागत से जन सुविधा के लिए सामुदायिक भवन का निर्माण हो रहा है। 16 ग्राम पंचायतों में 2 करोड़ की लागत से सीसी रोड , भवन निर्माण, यात्री प्रतिक्षालय और अन्य कार्य कराए जा रहे हैं। विधायक एवं प्रभारी मंत्री निधि से 90 पंचायतों में शेड, सीसी रोड, रंगमंच समेत विभिन्न कार्यों पर 453 लाख के सांसद निधि से 50 लाख के कार्य कराए जा रहे हैं। क्षेत्र के 22 ग्राम पंचायतों में 200 लाख की लागत से सड़कों के निर्माण कराए जा रहे हैं। समग्र विकास योजना अंत?र्गत 1 करोड़ की लागत से सीसी रोड एवं सामुदायिक भवन निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं। मंडी बोर्ड निधि से 13 पंचायतों में 575 लाख की लागत से सीसी रोड निर्माण का कार्य कराया जा रहा है। धरसिवां विधानसभा में करोड़ो की लागत से विकास के कार्य तेजी के साथ चल रहे हैं, अवैध शराब, लॉ एन आर्डर की स्थित पर विधायक अनुज शर्मा ?जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रहे हैं। यह शुरूआत है आने वाले दिनों में क्षेत्र के विकाय कार्यों को और तेजी के साथ बढ़ाया जाएगा।

महतारी शक्ति ऋण योजना से प्रदेश की महिलाएं होंगी मजबूत : गीता घासी साहू

राजनांदगांव /नवप्रदेश । सीएम विष्णुदेव साय ने

छत्तीसगढ़ में महिलाओं के लिए एक और योजना शुरू की है। महतारी वंदन के बाद महिलाओं के हाथों को मजबूत करने महतारी शक्ति ऋण योजना की पहल की जा रही है जिसके तहत महिलाओं को स्वरोजगार के लिए 25 हजार का ऋण बिना किसी औपचारिकता के उपलब्ध कराया जाएगा। राजनांदगांव जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री साय प्रदेश की प्रत्येक महिला के प्रति प्रतिबद्ध हैं। महतारी वंदन योजना के तहत प्रत्येक माह 1000 की सहयोग राशि महिलाओं के खाते में भेजकर बड़े भाई की भूमिका निभा रहे हैं वहीं अब मातृशक्ति को स्वरोजगार देने महतारी शक्ति ऋण योजना ला रहे हैं। उन्हें बिना किसी औपचारिकता के 25 हजार रूपये का ऋण मिलेगा जिससे वे अपना स्वयं का रोजगार प्रारंभ कर सकेंगी। यह निर्णय प्रदेश की महतारियों को सशक्त बनायेगा। श्रीमती साहू ने इसके लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया है।

विधायक अंबिका मरकाम ने विभिन्न धान खरीदी केन्द्रों का किया निरीक्षण

नगरी/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस कमेटी छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशन में सिहावा विधानसभा क्षेत्र की विधायक अंबिका मरकाम ने विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत निम्न धान खरीदी केंद्र फरसापानी ,गट्टासिल्ली, आमदी (कहरैया) दुगली , का निरीक्षण किया जहा पर विधायक मोहोदया ने चल रहे धान खरीदी के क्रियाकलापो को देख कर उपस्थित किसानों से चर्चा कर समस्याओं को जना जिस पर किसानों ने बताया कि टोकन काटाने में समस्याओं का

सामना करना पड़ रहा टोकन को ऑनलाइन में माध्यम से 60त्न व ऑफ्लाइन से 40त्न कटा जा रहा और ऑनलाइन में कुछ समय के लिए एप को खोला जाता है और ऑफ्लाइन में सिर्फ 40त्न ही कटा जा रहा जिससे अधिक्तर किसानों का समय मे टोकन नही कट पा रहा साथ ही धान खरीदी केन्द्रों में खरीदी किये गए धान की तोल करने पर तोल कहि कहि जदा देखने को मिला, वही किसान असमंजस्य की स्थिति में है सरकार ने अपने घोषणा पत्र में किसानों से ?3100 प्रति कुंटल धान खरीदी कर पंचायत में एक मुस्त राशि देने का वादा किया था वही खरीदी केन्द्रों में किसानों से धान को अभी की स्थिति में 22. 20 रुपिया पतला धान और मोटा धान 23 दर से खरीदी की जा रही , और पतला को भी मोटा के रेट से काटा जा रहा है जो कि किसानो के साथ वादाखिलाफी हो रही है किसानों का यहा भी कहना है कि सरकार ने पिछले समय के बोनस देने का भी वादा किया था जिसमें अभी भी बोनस की राशि नहीं दिया गया है

साथ ही उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने अभी धान के मूल्य में 117 रुपया की बढ़ोतरी की है इस हिसाब से राज्य सरकार को 32.17 रुपए में धान की खरीदी के लिए राशि जारी करना चाहिए जिस पर विधायक अंबिका मरकाम ने धान खरीदी के संबंध में सभी प्रकरणों को विधानसभा सत्र में उठाने की बात कही साथ ही उपस्थित अधिकारियों को भी किसान के साथ सामंजस्य बिठाकर धान खरीदी करने के लिए निर्देशित किया वही निरीक्षण के दौरान भानेद्र ठाकुर, शिव कुमार, परिहार,कृति मरकाम, प्रमोद, कुंजाम, महेन्द्र पाण्डेय मयंक ध्रुव, अनवर सिद्दकी, शत्रुघन साक्षी, अनूप वट्टी, रतेवश्वर नेताम, नोहर ,नेताम, नटवर नेताम, गजेंद्र माण्डवी,राजू कवडे, गिरधर, सूरज सिंह, सुकालू निर्मकार, फ्लेन्द्र माण्डवी, मन्नू नेताम, पन्ना लाल कस्यप, रमेश्वर मरकाम, रमेश वट्टी, आदि की उपस्थिति रही।

35 करोड़ की लागत से तैयार संस्थान में दिव्यांगजनों के लिए छात्रावास की सुविधा भी

दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए छत्तीसगढ़ के सबसे उपयोगी संस्थानों में से एक सीआरसी सेंटर : डॉ. रमन सिंह

■ सीआरसी सेंटर में दिव्यांगजन के कौशल विकास, पुनर्वास और सशक्तिकरण के हो रहे कार्य

राजनांदगांव/नवप्रदेश। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम ठाकुरटोला में स्थित दिव्यांगजन कौशल विकास, पुनर्वास एवं सशक्तिकरण समेकित क्षेत्रीय केन्द्र (सीआरसी) में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण एवं सामग्री का वितरण किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि ग्राम ठाकुरटोला में स्थित सीआरसी प्रदेश स्तरीय एकमात्र केन्द्र है, जो दिव्यांगजन के कौशल विकास, पुनर्वास और सशक्तिकरण के लिए कार्य कर रहा है। यह छत्तीसगढ़ के सबसे उपयोगी संस्थानों में से एक है, जहां दिव्यांगजनों के लिए प्रशिक्षण, स्पीच थेरेपी, फिजियोथेरेपी एवं अन्य दिव्यांगजनों के लिए अन्य गतिविधियां तथा दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्रदान किया जाता है। उन्होंने कहा कि 35 करोड़ रूपए की लागत से तैयार इस संस्थान में दिव्यांगजनों के लिए छात्रावास की सुविधा भी है। संस्थान में दिव्यांगजनों के लिए डिप्लोमा, डिग्री, वोकेशनल कोर्स सहित अन्य कोर्स का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस दिव्यांगजनों को प्रोत्साहित करने का दिन है। उन्होंने विभिन्न संस्थानों के दिव्यांग बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रशंसा की और सभी समूह दलों को स्वेच्छा अनुदान मद से 11-11 हजार रूपए प्रोत्साहन राशि प्रदान करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा संस्थान में दिव्यांगजनों के लिए सभी तरह की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर दिव्यांग बच्चों में आत्मविश्वास पैदा करने, दिव्यांग बच्चों को सामान्य बच्चों के साथ रखने एवं सम्मान देने के लिए विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं गतिविधियों का आयोजन किया गया है, जिसमें अस्थिबधिर बच्चों के लिए ट्रायसाईकिल दौड़, बैसाखी दौड़ व खुर्सी दौड़, श्रवण बधिर बच्चों के लिए लंबी कूद, गोला फेक, 100 मीटर दौड़ एवं खुर्सी दौड़, दृष्टि बधिर बच्चों के लिए 25 मीटर दौड़ सहित अन्य प्रतियोगिता में लगभग 380 दिव्यांग बच्चे शामिल होंगे।

कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा संचालित सीआरसी प्रदेश का एक उत्कृष्ट संस्थान है। इस संस्थान के माध्यम से दिव्यांगजनों को लाभान्वित किया जा रहा है। संस्थान में शिक्षण, प्रशिक्षण, उपकरण सहित अन्य सुविधाओं का लाभ दिव्यांगजन ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में लगभग 1579 दिव्यांग बच्चे अध्ययनरत हैं। केन्द्र व राज्य सरकार प्रयासों से दिव्यांग बच्चों की बेहतर सुविधा के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चे विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेल सहित अन्य गतिविधियों में शामिल हो रहें हैं। कार्यक्रम में दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्यरत शिक्षकों, कर्मचारियों, बीआरपी को सम्मानित किया गया।

दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण एवं सामग्री वितरण

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं अन्य अतिथियों की उपस्थिति में दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण एवं सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर 1 लाख 80 हजार रूपए की लागत से 4 दिव्यांगजनों को मोटराईज्ड ट्रायसाइकिल, 90 हजार रूपए की लागत से 8 श्रवण बाधितों को श्रवण यंत्र, 16 हजार रूपए की लागत से 2 दिव्यांगजनों को व्हील चेयर, 3500 रूपए की लागत से 7 दिव्यांगजनों को लिफ्ट बेल्ट, 699 रूपए की लागत से 1 दिव्यांग को वाकर, 11 हजार 330 रूपए की लागत से 15 दिव्यांगजनों को नी ब्रेस, 6 हजार 144 रूपए की लागत से 8 दिव्यांजनों को ट्रिपाड, 500 रूपए की लागत से 2 दिव्यांगजनों को सर्विकल प्रदान किया गया। शिक्षा प्रोत्साहन योजना अंतर्गत 4 दिव्यांग विद्यार्थियों को 6-6 हजार रूपए के चेक वितरण किया गया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति श्री खूबचंद पारख, श्री रमेश पटेल, अध्यक्ष जनपद पंचायत श्री प्रतिक्षा भण्डारी, श्री भरत वर्मा, श्री संतोष अग्रवाल, श्री राजेश श्यामकर, पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग, सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, एसडीएम श्री खेमलाल वर्मा सहित सीआरसी सेंटर के दिव्यांग बच्चे, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम ठाकुरटोला में स्थित सीआरसी में अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जिले के विभिन्न संस्थाओं के दिव्यांग छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं पारंपरिक लोकनृत्यों का सराहनीय प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर आस्था संस्था के छात्र-छात्राओं ने पौराणिक कथा पर आधारित रक्तबीज संहार की आकर्षक प्रस्तुति दी, वही अभिलाषा के छात्र-छात्राओं द्वारा छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक लोककला गीत पर आधारित सुआ नृत्य, पंथी नृत्य, बस्तरीया नृत्य कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।

सीनियर महिला राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर के लिए मम्तेश्वरी लहरे का चयन

राजनांदगांव /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की उदीयमान हॉकी खिलाडी कु.मम्तेश्वरी लहरे का चयन सीनियर महिला राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर के लिए किया गया है। यह प्रशिक्षण शिविर दिनांक 05 से 20 दिसंबर 2024 तक साई सेन्टर बैंगलोर में आयोजित है। इस प्रशिक्षण शिविर में सीनियर महिला इंडिया टीम के सभी जाने माने खिलाड़ी भाग लेंगे जिसमे लगभग 35 खिलाड़ियों का चयन उक्त प्रशिक्षण हेतु किया गया है। छत्तीसगढ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने बताया कि कु.मम्तेश्वरी लहरे का चयन उक्त प्रशिक्षण शिविर हेतु विगत दिनो आयोजित 14वीं हॉकी इंडिया जूनियर बालिका हॉकी चैम्पियनशिप दिनांक 30 अक्टूबर से 10 नवम्बर 2024 स्थान रॉची (झारखण्ड) में उनके उत्कृष्ट खेल के प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। छत्तीसगढ हॉकी के महासचिव श्री मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि कु.मम्तेश्वरी लहरे वर्तमान में स्पोटर्स अकादमी रायपुर में प्रशिक्षणरत है। इसके पूर्व लगभग 3 वर्ष तक स्टेट एक्सलेंसी बिलासपुर में प्रशिक्षणरत थी। मम्तेश्वरी लहरे के इस उपलब्धि

पर सांसद संतोष पांडे, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव अभिषेक सिंह ,महापौर हेमा सुदेश देशमुख, नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु पूर्व राजगामी अध्यक्ष रमेश पटेल छत्तीसगढ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी, छत्तीसगढ हॉकी के महासचिव मनीष श्रीवास्तव, जिला हॉकी संघ के सचिव शिवनारायण धकेता, रमेश डाकलिया, कुतुबुद्धीन सोलंकी नरेश डाकलिया (पूर्व महापौर), भुषण सॉव, गणेश प्रसाद शर्मा, दौलत सिंह चंदेल, नीलम चंद जैन, अनिल यादव, ज्ञानचंद जैन, सुश्री ऑशा थॉमस, कुमार स्वामी, अजय झा, प्रकाश शर्मा, अनुराज श्रीवास्तव,महेन्द्र सिंग ठाकुर, विरेन्द्र सिंग भाटीया, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाडी मृणाल चौबे, गुणवंत पटेल, अब्दुल कादिर, राजू रंगारी,श्रीमति बबिता लिल्हारे, किशोर धीवर, शकिल अहमद ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

गांजा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्यवाही

कवर्धा। पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेंद्र सिंह के निर्देशानुसार अवैध मादक पदार्थ गांजा, जुआ, सट्टा एवं आबकारी से संबंधित मामलों में प्रभावी कार्यवाही के तहत, थाना पिपरिया पुलिस ने एक बड़ी सफलता प्राप्त की है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं पंकज पटेल तथा अनुविभागीय अधिकारी प्रतीक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में, थाना प्रभारी निरीक्षक कमला कांत शुक्ला के नेतृत्व में गठित टीम ने दिनांक 02.12.2024 को मुखबिर की सूचना पर ग्राम बिरकोना के बस स्टैंड स्टेडियम कॉम्प्लेक्स के पास कार्रवाई की। मौके पर आरोपी अभितेश धुर्वे पिता मुनेश धुर्वे 26 वर्ष निवासी ग्राम मथानीकला, थाना पिपरिया, जिला कबीरधाम को अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा

विक्रय करते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी ने गांजा बेचने का जुर्म स्वीकार किया। आरोपियों से 795 ग्राम गांजा , इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीनः SF-400A मॉडल, नगद राशि-3540 रु. अखबारी कागज के टुकड़ेः10 नग, कुल अनुमानित कीमत 9540 रुपए जब्त किए गए। पुलिस ने मौके से सभी वस्तुओं को विधिवत जप्त कर आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 397/2024, धारा 20(बी)(ii)(ए) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया।

देश सेवा का कार्यकाल पूर्णकर सेमरा पहुंचे

रेजीमेंट जवान भारत लाल मरकाम का गांव वालों ने किया स्वागत

नगरी/नवप्रदेश। नगरी विकास खण्ड के एक और सेना के जबाज सिपाही ग्राम पंचायत सेमरा में 2 दिसंबर दिन सोमवार को हमारे देश के वीर इंडियन आर्मी जवान भारत मरकाम यूनिट 222 मध्यवर्तीय तोपखाना रेजीमेंट में नायब सूबेदार पद पर 22 वर्ष 8 माह तक देश सेवा का कार्यकाल पूर्ण कर सेवानिवृत्त होकर अपने गृह ग्राम सेमरा पहुंचने ग्राम पंचायत सेमरा के नयापारा में स्वागत सम्मान कार्यक्रम आयोजित गांव के लोगो के द्वारा फूल माला पहनाकर जोरों से स्वागत किया गया जिसमे कार्यक्रम में भारत लाल मरकाम नायब सूबेदार को जितेंद्र कुमार देवांगन इंडियन आर्मी जवान, मेघनाथ ठाकुर सेवानिवृत छत्रक्क जवान, विनय कुमार देवांगन जिला अध्यक्ष जिला देवांगन समाज धमतरी, गोवर्धन नाग, अभय नेताम, दीनाराम देवांगन, हंडू लाल साहू, डाकेश नाग, बाबूलाल, अजय मरकाम, बसंत भक्त, जितेंद्र सेन, भोजराज नाग, सत्येंद्र कुमार साहू , यवनेश देवांगन, तुलेश नेताम, संतु नेताम ,

जनक ध्रूव, बीरबल, पुरन ध्रूव सहित पूरे ग्रामवासियों द्वारा शाल ,श्रीफ्ल, फूलमाला, प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत सम्मान किया गया एवम उनके उज्जल भविष्य की कामना की गई। जय हिंद, भारत माता की जय, वंदे मातरम् की जयकारे लगाई गई। भारत मरकाम ने कहा कि उन्होंने 13 मार्च 2002 में आर्मी में ज्वाइन किया था उनका पहला पोस्टिंग महाराष्ट्र के नासिक में हुआ था। उसके बाद उन्होंने हिंदुस्थान के सभी राज्यों में पूरी ईमानदारी के साथ लगन,मेहनत से ड्यूटी कर देश की सेवा की। कार्यक्रम में बच्चे,बुढे, जवान,महिला,पुरुष सहित ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफ्ल बनाया।

सर्व विभागीय दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी महासंघ छत्तीसगढ़ पंजीयन क्र. 489 की वार्षिक बैठक

नगरी/नवप्रदेश। सर्व विभागीय दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी महासंघ छत्तीसगढ़ पंजीयन क्र. 489 की वार्षिक बैठक नगरी, जिला धमतरी छत्तीसगढ़ में आहुत की गई थी जिसमें पूरे प्रदेश के कोने कोने से कर्मचारी आए थे आगमी नियमितिकरण को लेकर ठोस नीति तैयार किया गया कर्मचारियों को हो रही विभागीय समस्याओं पर चर्चा किया गया और आगे की रूप रेखा वर्तमान सरकार से सामंजस्य स्थापित करने की बात को स्पष्ट किया गया। इस हेतु संगठन की एकता शत प्रतिशत करने हेतु प्रयास किए जाएंगे एवं सभी 50 से अधिक विभाग के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारीयों को संगठन के साथ चलने और साथ में आगे बढ़ने आवश्यक निर्णय आज लिए गया हैं।

कलेक्टर नम्रता गांधी ने जिले के 5 दिव्यांगजनों को 'दिव्यांगता चुनौतियों से अवसर तक' नामक पुस्तक का ब्रेल संस्करण किया वितरण

धमतरी/नवप्रदेश। दिव्यांगजनों के अधिकारों और उनके सशक्तिकरण के प्रति समाज को जागरूक करने के उद्देश्य से हर साल 3 दिसंबर को विश्व दिव्यांग दिवस मनाया जाता है। इस दौरान दिव्यांगों के मुद्दों के बारे में जागरूकता और समझ बनाना तथा जीवन के हर पहलू में दिव्यांगजनों के एकत्रिकरण से प्राप्त होने वाले लाभ को बताया जाता है। इस वर्ष का विषय है ÷एक समावेशी और टिकाऊ भविष्य के लिए दिव्यांग व्यक्तियों के नेतृत्व को बढ़ावा देना।

कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर आज कलेक्टोरेट में जिले

के पांच दृष्टिबाधित दिव्यांगजनों को सुश्री के.शारदा और प्रीति शांडिल्य द्वारा मुद्रित (दिव्यांगता चुनौतियों से अवसर तक) पुस्तक के ब्रेल संस्करण को वितरित किया। इनमें बीआरपी कुरूद सुश्री बसंती साहू, सहायक शिक्षक कोलियारी श्रीमती चित्ररेखा ध्रुव, शिक्षिका एकजेक्ट फाउंडेशन श्रीमती रेवती साहू, विद्यार्थी केशनाथ ध्रुव और कु लोकेश्वरी ठाकुर शामिल है। साथ ही भंडारित होने वाले धान की सुरक्षा के लिए व्यापक व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान जिला खाद्य अधिकारी भुनेश्वर चेलक, सहायक पंजीयक रघुराज ठाकुर ,जिला विपणन अधिकारी चन्द्रपाल दीवान भी उपस्थित थे। इस मौके पर कलेक्टर सुश्री गांधी ने दिव्यांगजनों को शिक्षा से जुड़ने, उन्हें सशक्त व स्वावलंबी बनने हेतु प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया।

धान खरीदी ... धान का संग्रहण केन्द्र मदराकुही और दामरी-घोटिया में भंडारण शुरू

कलेक्टर ने धान संग्रहण केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्था बनाने के दिए निर्देश

■ मदराकुही, घोटिया दामरी और ठेलकाडीह में रखेंगें समर्थन मूल्य पर खरीदी के धान को

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिले में जारी समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के तहत खरीदे गए धान को जिले के मदराकुही और घोटिया दामरी संग्रहण केन्द्रों मे रखा जाएगा । कलेक्टरचन्द्रकांत वर्मा ने धान संग्रहण केन्द्र दा मरीघोटिया, ठेलकाडीह और मदुराकुही केन्द्र का औचक निरीक्षण कर संग्रहण केन्द्रों में बुनियादी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही संग्रहण केन्द्रों में भंडराण की स्थिति सहित अन्य विषयों की जानकारी। अधिकारियों ने बताया कि धान

का संग्रहण केन्द्र मदराकुही और दामरी-घोटिया में भंडारण शुरू हो गया है। दोनों केन्द्रों में 5000 क्विंटल व 12000 क्विंटल धान का भंडारण किया जा चुका है। ठेलकाडीह में धान संग्रहण करने के लिए व्यवस्था पूरी कर ली गई है। यहां भी जल्द ही धान का भंडारण करने की जानकारी दी। कलेक्टर वर्मा ने जिले के तीनों ही धान संग्रहण केन्द्रों को बेहतरी से उपयोग करने के निर्देश दिए। उन्होंने संग्रहण केन्द्रों में अधिक से अधिक धान का भंडारण सुनिश्चित करने के लिए जिला विपणन अधिकारी को दिए । वर्मा ने संग्रहण केन्द्रों में ड्रेनेज, कैपिंग, स्केटिंग, बाउंड्री का फेंसिंग, चौकीदारों की व्यवस्था सहित सभी आवश्यक तैयारियां करने कहा। कलेक्टर ने कहा कि ऐसे समितियों से धान का उठाव करें, जहां खरीदी के लिए पर्याप्त जगह नहीं बची है। ताकि उपार्जन केन्द्रों में खरीदी के दौरान किसी भी तरह की समस्या न हो।

अब तक साढ़े नौ लाख क्विंटल धान की खरीदी

खैरागढ़ जिले के 51 धान खरीदी केन्द्रो में अब तक 9 लाख 45 हजार 4ग8 क्विंटल से अधिक धान की खरीदी की जा चुकी है। जिले मे पंजीकृत किसानों मे से अब तक 17556 किसानों ने अपना धान बेचा है। इसके लिए किसानों को अब तक 21800 लाख रू का भुगतान किया गया है। किसानों के कर्ज के लिए लिंकिंग मे अब तक 7887 लाख रू की वसूली की गई है। धान परिवहन नही होने से कई समितियों मे खरीदी व्यवस्था लड़खड़ाने की स्थिति आ गई थी । संग्रहण केन्द्रों मे परिवहन शुरू होने से ऐसे केन्द्रों मे खरीदी सुचारू रूप से चल सकेगी । परिवहन शुरू होने के बाद अब तक केवल ग0170 क्विंटल धान का ही परिवहन हो पाया है। खरीदी केन्द्रों मे अब भी 9 लाख क्विंटल से अधिक धान का परिवहन शेष है ।

नगर पंचायत अध्यक्ष ने किया सीसी रोड के लिए भूमि पूजन

नगरी/नवप्रदेश। नगर पंचायत नगरी के मुख्य द्वार से कार्यालय तक पहुंच मार्ग में सीसी सड़क के कार्य का भूमि पूजन नगर पंचायत अध्यक्ष आराधना शुक्ला के कर कमलों से किया गया

पंचायत कार्यकाल का मुख्य द्वार जो निकेश बुक डिपो के सामने से था जिसे नवीनीकरण के लिए सीसी सड़क का निर्माण किया जा रहा है यह सड़क के बन जाने से लोगो को मुख्य द्वार से नगर पंचायत तक पहुंचने में बहुत ही आसानी होगी लगभग 7 लाख रुपया के लागत से बनने वाले सीसी रोड का भूमि पूजन के दौरान सभापति भूपेंद्र साहू पार्षद अश्वनी निषाद पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नागेंद्र शुक्ला पूर्व सभापति बलजीत छाबड़ा युवा मोर्चा से विकास सोनी सौरभ नाग यश संचेती अकाउंटेंट सोनू सैनिक योगेश निषाद भूपेंद्र कौशल ईश्वर दास मानिकपुरी उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

सेंसेक्स 81000 अंक के पार, निफ्टी में भी तेजी

मुंबई। एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया, जापान का निक्की तथा चीन का शंघाई कम्पोजिट नुकसान में रहे जबकि हांगकांग का हैंगसेंग फायदे में रहा। अमेरिकी बाजार को सकारात्मक रुख के साथ बंद हुए थे। शेयर बाजार बुधवार को हरे निशान पर खुला। सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 190.47 अंक चढ़कर 81,036.22 अंक पर पहुंच गया और निफ्टी 48.1 अंक की बढ़त के साथ 24,505.25 अंक पर पहुंचा। दरअसल, विदेशी पूंजी के प्रवाह से बुधवार को शुरुआती कारोबार में घरेलू बाजारों में तेजी आई। सेंसेक्स में सूचीबद्ध 30 कंपनियों में से एनटीपीसी, टेक महिंद्रा, आईटीसी, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इंफोसिस, लार्सन एंड टुब्रो, बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में सबसे अधिक तेजी आई। भारती एयरटेल, रिलायंस इंडस्ट्रीज, अदाणी पोर्ट्स और टाटा मोटर्स के शेयर नुकसान में रहे।

सोना 200 रुपये गिरकर 79000 रुपए प्रति 10 ग्राम

नई दिल्ली। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से ब्रिक्स देशों पर भारी टैरिफ लगाने की धमकी दिए जाने के बाद डॉलर में मजबूती आने से पिछले सत्र में सोने और चांदी की कीमतों में तेजी देखी गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को सोने की कीमत में लगातार दूसरे दिन गिरावट आई और यह 200 रुपये टूटकर 79,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई। सोमवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाली पीली धातु 79,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई। हालांकि, चांदी की कीमत 2,400 रुपये बढ़कर 92,400 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई, जबकि पिछले कारोबारी सत्र में यह 90,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। कारोबारियों के अनुसार चांदी बाजार में तेजी का रुख मुख्य रूप से औद्योगिक मांग के कारण है। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 200 रुपए घटकर 78,600 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गया। सोमवार को यह 78,800 रुपए प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था। इस बीच, मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर वायदा कारोबार में फरवरी डिलीवरी वाले सोना के अनुबंध की कीमत 146 रुपये या 0.19 प्रतिशत की तेजी के साथ 76,833 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। मार्च डिलीवरी वाले चांदी अनुबंध की कीमत 1,251 रुपये या 1.38 प्रतिशत बढ़कर 92,061 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। वैश्विक स्तर पर कॉमेक्स सोना वायदा 7.40 डॉलर प्रति औंस या 0.28 प्रतिशत बढ़कर 2,665.90 डॉलर प्रति औंस हो गया।

बड़े बैंकों के ग्राहकों पर सबसे ज्यादा खतरा, 29 प्रतिशत हमले बढ़े

मोबाइल मालवेयर हमलों में भारत शीर्ष पर

दिल्ली। जेडस्केलर थ्रेटलैब्ज-2024 मोबाइल, आईओटी एंड ओटी थ्रेट रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत मोबाइल मालवेयर हमलों का सबसे बड़ा निशाना बन गया है। जून, 2023 से मई, 2024 के बीच दुनियाभर में जितने भी मोबाइल मालवेयर हमले हुए, उनमें सर्वाधिक 28 फीसदी भारत में किए गए। भारत में दुनिया के किसी अन्य देश की तुलना में सबसे अधिक मोबाइल मालवेयर हमले हो रहे हैं। इस मामले में भारत ने अमेरिका और कनाडा को भी पीछे छोड़ दिया है। चिंताजनक बात है कि एचडीएफसी, आईसीआईसीआई और एक्सिस जैसे बड़े भारतीय बैंकों के मोबाइल ग्राहकों पर खतरा सबसे ज्यादा है। उन्हें निशाना बनाने के लिए फिशिंग के प्रयासों में बढ़ोतरी देखी गई है। जेडस्केलर थ्रेटलैब्ज-2024 मोबाइल, आईओटी एंड ओटी थ्रेट रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत मोबाइल मालवेयर हमलों का सबसे बड़ा निशाना बन गया है। जून, 2023 से मई, 2024 के बीच दुनियाभर में जितने भी मोबाइल मालवेयर हमले हुए, उनमें सर्वाधिक 28 फीसदी भारत में किए गए। इसके बाद अमेरिका में 27.3 फीसदी और कनाडा में 15.9 फीसदी हमले हुए। यह रिपोर्ट जून, 2023 से मई, 2024 के बीच खतरे वाले मोबाइल लेनदेन और साइबर हमलों वाले 20 अरब से अधिक डाटासेट के विश्लेषण के आधार पर तैयार की गई है। मालवेयर एक सॉफ्टवेयर है, जिसका इस्तेमाल मोबाइल या कंप्यूटर पर किसी की पहचान चोरी करने या गोपनीय जानकारी में सेंध लगाने के लिए किया जाता है। रिपोर्ट में बैंकिंग मालवेयर हमलों में 29 फीसदी और मोबाइल स्पाइवेयर हमलों में 111 फीसदी की चौंकाने वाली वृद्धि का खुलासा किया गया है।

आगे कहा गया है, आधे मोबाइल हमले ट्रोजन (मालवेयर जो उपयोगकर्ताओं को दुर्भावनापूर्ण सॉफ्टवेयर डाउनलोड करने और चलाने के लिए प्रेरित करता है) के कारण होते हैं। इसलिए, वित्तीय क्षेत्र विशेष रूप से असुरक्षित है।

स्पाइवेयर मालवेयर का ही एक प्रकार है। इससे किसी व्यक्ति की जानकारी के बिना उसकी निजी जानकारी चुराई जाती है। मालवेयर हमलों के मामले में पिछले साल इस सूची में तीसरे स्थान पर रहने वाला भारत अब शीर्ष पर पहुंच गया है। यह भारतीय उद्यमों के लिए मजबूत सुरक्षा उपायों को अपनाने की महत्वपूर्ण जरूरत को रेखांकित करता है। खासकर तेजी से डिजिटल बदलाव और बढ़ते साइबर खतरों के बीच। भारतीय डाक सेवा भी साइबर हमलावरों का निशाना बन गई। एसएमएस संदेशों का इस्तेमाल कर हमलावर मोबाइल उपयोगकर्ताओं को ऐसे फिशिंग साइटों पर जाने के लिए कहते हैं, जो उन्हें क्रेडिट कार्ड विवरण दर्ज करने के लिए प्रेरित करती हैं।

गूगल प्ले स्टोर पर 200 से अधिक खतरनाक एप

जेडस्केलर के सीआईएसओ-इंडिया के सुव्रत सिन्हा ने कहा, लीगेसी सिस्टम और असुरक्षित आईओटी/ओटी (इंटरनेट ऑफ थिंग्स/ऑपरेशनल टेक्नोलॉजी) परिवेश साइबर अपराधियों का प्रमुख निशाना बन रहे हैं। इन्हें लक्ष्य बनाकर हैकिंग के प्रयासों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि गूगल प्ले स्टोर पर 200 से अधिक ऐसे एप मिले, जो सुरक्षा के लिहाज से खतरनाक थे। वहीं, आईओटी मालवेयर लेनदेन में सालाना आधार पर 45 फीसदी की वृद्धि हुई है, जो आज साइबर खतरों की व्यापक प्रकृति को बताती है।

जीएसटी दर में बदलाव वाली खबरें अटकलें

जीएसटी परिषद ने अभी तक जीएसटी दर में बदलाव पर कोई चर्चा नहीं की

नई दिल्ली। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड ने ट्वीट किया कि जीएसटी परिषद ने अभी तक जीएसटी दर में किसी भी बदलाव पर चर्चा नहीं की है। परिषद को जीओएम (ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स) की सिफारिशें भी नहीं मिली हैं। जीएसटी की दरों में बदलाव को लेकर लगातार तेज हो रही अटकलों के बीच केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड का बड़ा दावा सामने आया है।

इसमें बताया गया है कि जीएसटी परिषद ने अभी तक जीएसटी दर में बदलाव पर कोई चर्चा नहीं की है। परिषद को जीओएम (ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स) की सिफारिशें भी नहीं मिली हैं। दरअसल, जीओएम को अपनी सिफारिशों को अंतिम रूप देना है और फिर वह परिषद को प्रस्तुत करेगा, जिसके बाद परिषद जीओएम की सिफारिशों पर अंतिम निर्णय लेगी। वहीं इस मामले में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी के नेतृत्व में वस्तु एवं

सेवा कर (जीएसटी) क्षतिपूर्ति उपकर पर मंत्रियों के समूह (जीओएम) ने सोमवार को रिपोर्ट सौंपने के लिए जीएसटी परिषद से छह महीने की मोहलत मांगने का फैसला किया। इस समूह में असम, छत्तीसगढ़, गुजरात, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, पंजाब, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल के मंत्री शामिल हैं। इस समूह को 31 दिसंबर तक अपनी रिपोर्ट जीएसटी परिषद को सौंपने का आदेश दिया गया था। एक अधिकारी के अनुसार, जीओएम ने यह फैसला किया है कि मुआवजा उपकर से जुड़े कई कानूनी मुद्दे हैं, जिन पर विस्तार से चर्चा करनी होगी, जिसमें समय लगेगा। इसलिए, उन्होंने परिषद को रिपोर्ट जमा करने के लिए समय बढ़ाने की मांग करने का फैसला लिया। अधिकारी के अनुसार, जीएसटी परिषद से 5-6 महीने का एक्सटेंशन मांगा जा सकता है।

इन चीजों पर टैक्स बढ़ाने का प्रस्ताव

वस्तु एवं सेवा कर व्यवस्था में अलग-अलग चीजों पर टैक्स तय करने वाले मंत्री समूह ने बैठक की। इसमें फैसला हुआ कि समाज के लिए नुकसानदेह वस्तुओं पर टैक्स को बढ़ाया जाएगा। इसी के मद्देनजर सिगरेट, तंबाकू, कोल्ड ड्रिंक्स समेत अन्य कार्बोनेटेड ड्रिंक्स और इनसे जुड़े उत्पादों पर 35 फीसदी टैक्स लगाने का फैसला किया गया है। इसके साथ ही इस मामले में बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में मंत्रियों के समूह ने कपड़ों पर टैक्स दरों के युक्तीकरण पर फैसला किया। इसके तहत 1500 रुपये तक के रेडीमेड गारमेंट्स पर 5 फीसदी टैक्स लगेगा, वहीं 1500 से 10 हजार तक के कपड़ों पर 18 फीसदी और 10,000 से ऊपर के कपड़ों पर 28 फीसदी टैक्स लगाया जाएगा।

टैरिफ लगाने की उठाई मांग

भारतीय टाइल्स निर्माताओं की बढ़ेंगी मुश्किलें?

दिल्ली। अमेरिकी सांसद ने कहा कि भारत अपने सिरेमिक टाईल्स को अमेरिका में डंप कर रहा है, जिससे अमेरिका के घरेलू सिरेमिक टाईल्स निर्माताओं की मुश्किलें बढ़ गई हैं। राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की जीत के बाद अब उनकी पार्टी रिपब्लिकन पार्टी सत्ता पर काबिज होने जा रही है। इस बीच रिपब्लिकन पार्टी के एक सांसद ने कुछ ऐसी मांग कर दी है, जिससे भारत के सिरेमिट टाईल्स निर्माताओं की रातों की नींद उड़ सकती है। दरअसल रिपब्लिकन पार्टी के सांसद ने मांग की है कि भारत से आयात होने वाली सिरेमिक टाईल्स पर भारी-भरकम टैरिफ लगाया जाए, ताकि अमेरिका के विनिर्माण उद्योग को बचाया जा सके। अमेरिकी सांसद जॉन रोस ने अमेरिका की वाणिज्य मंत्री जीना रायमोंडो को लिखे एक पत्र में कहा है कि अमेरिका के टेनेसी राज्य की विनिर्माण क्षेत्र की नौकरियां खतरे में हैं क्योंकि सिरेमिक टाईल्स के बाजार में भारत की गलत और गैर-प्रतिस्पर्धी व्यापार प्रथाओं का टेनेसी के

विनिर्माण उद्योग पर नकारात्मक असर पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत अपने सिरेमिक टाईल्स को अमेरिका में डंप कर रहा है, जिससे अमेरिका के घरेलू सिरेमिक टाईल्स निर्माताओं की मुश्किलें बढ़ गई हैं। पत्र में जॉन रोस ने लिखा कि मई में सरकार ने भारत से आने वाली सिरेमिक टाईल्स पर एंडी डंपिंग ड्यूटी लगाने की जांच करने की बात कही थी। अब जब सरकार जांच कर रही है तो हम चाहते हैं कि भारतीय सिरेमिक टाईल्स के आयात के पूरे डेटा का विश्लेषण किया जाए और घरेलू टाईल्स निर्माताओं की स्थिरता के लिए हमारे बाजार में घरेलू टाईल्स निर्माताओं का ही दबदबा होना चाहिए। पत्र के अनुसार, साल 2013 में भारत से करीब 3,44,000 वर्ग फीट सिरेमिक टाईल्स का आयात होता था।

नवंबर में भारत के सेवा क्षेत्र की वृद्धि में मामूली नरमी, रोजगार वृद्धि 2005 के बाद सबसे तेज

नई दिल्ली। नौकरी में उछाल से क्षेत्र में कारोबारी आत्मविश्वास में सुधार, नए ऑर्डरों में वृद्धि और अंतरराष्ट्रीय मांग में मजबूत वृद्धि दिखती है। साथ ही, उच्च खाद्य और श्रम लागतों ने इनपुट और आउटपुट की कीमतों को क्रमशः 15 महीनों और लगभग 12 वर्षों में सबसे तेज दरों पर पहुंचा दिया। भारत की सेवा क्षेत्र की पीएमआई नवंबर में मामूली रूप से गिरकर 58.4 पर आ गई, जबकि इस महीने रोजगार में मजबूत वृद्धि दर्ज की गई।

बुधवार को एक मासिक सर्वेक्षण में यह बात कही गई। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज बिजनेस एक्टिविटी इंडेक्स अक्टूबर में 58.5 से मामूली रूप से घटकर 58.4 पर आ गया, क्योंकि बिक्री में वृद्धि धीमी गति से हुई। पिछले महीने, देश की सेवा पीएमआई अपने 10 महीने के निचले स्तर से उबरने में सफल रही। क्रय प्रबंधक सूचकांक (परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स या पीएमआई) की भाषा में, 50 से

ऊपर का अंक विस्तार को दर्शाता है, जबकि 50 से नीचे का अंक संकुचन को दर्शाता है। एचएसबीसी के मुख्य भारत अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, भारत ने नवंबर में 58.4 सेवा पीएमआई दर्ज किया, जो पिछले महीने के 58.5 से केवल थोड़ा सा कम है। नवंबर के दौरान, सेवा क्षेत्र में रोजगार में उल्लेखनीय वृद्धि हुई, जो 2005 में इस सर्वेक्षण के शुरू होने के बाद से अब तक का सबसे तेज इजाफा है। भंडारी ने कहा, नौकरी में उछाल से क्षेत्र में कारोबारी आत्मविश्वास में सुधार, नए ऑर्डरों में वृद्धि और अंतरराष्ट्रीय मांग में मजबूत वृद्धि दिखती है। साथ ही, उच्च खाद्य और श्रम लागतों ने इनपुट और आउटपुट की कीमतों को क्रमशः 15 महीनों और लगभग 12 वर्षों में सबसे तेज दरों पर पहुंचा दिया। सर्वेक्षण के पैनलिस्टों ने अपनी सेवाओं के लिए अंतरराष्ट्रीय मांग में सुधार का संकेत देना जारी रखा, जबकि नए निर्यात ऑर्डरों में तीन महीनों में सबसे तेज वृद्धि हुई, लेकिन यह मध्य वर्ष में देखी गई वृद्धि से काफी कम है। निजी क्षेत्र की कंपनियों ने संकेत दिया कि मांग की मजबूती ने नवंबर में नए कारोबार और उत्पादन में और वृद्धि का समर्थन किया। बिक्री में जारी वृद्धि ने क्षमता दबाव को बढ़ाया, जिसके कारण कंपनियों ने 19 साल पहले तुलना योग्य आंकड़े उपलब्ध होने के बाद से सबसे तेज गति से कर्मचारियों को नियुक्त किया।

गुजरात में चार साल में जीएसटी चोरी के 12803 मामले दर्ज किए गए

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि जीएसटी चोरी के मामलों में सीजीएसटी अधिनियम, 2017 की धारा 69 के प्रावधानों के तहत 101 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। राज्यसभा में एक अलग प्रश्न के उत्तर में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने पिछले पांच वित्तीय वर्षों में जीएसटी संग्रह का ब्यौरा भी दिया। केंद्रीय कर अधिकारियों ने गुजरात में पिछले चार वित्तीय वर्षों के दौरान जीएसटी चोरी के 12,803 मामले दर्ज किए और 101 लोगों को गिरफ्तार किया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को राज्यसभा में यह जानकारी दी।

कोटक म्यूचुअल फंड ने साल 2025के लिए जारी किया मार्केट आउटलुक

मुंबई। कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड (KMAMC /कोटक म्यूचुअल फंड) ने साल 2025 के लिए अपनी मार्केट आउटलुक रिपोर्ट जारी की है। कोटक म्यूचुअल फंड ने अपनी इस रिपोर्ट में अगले साल के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था और कैपिटल मार्केट की दिशा पर मैक्रोइकोनॉमिक (व्यापक-आर्थिक) अनुमान साझा करते हुए निवेश की अलग अलग थीम के बारे में बताया है, जिन पर निवेशक नजर रख सकते हैं।

रिपोर्ट में 5 प्रमुख थीम पर प्रकाश डाला गया है जो 2025 में बाजारों की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं।

कैपेक्स साइकिल रिवाइवल: भारत पहले से ही एक महत्वपूर्ण मल्टीप-ईयर कैपिटल एक्सपेंडिचर (कैपेक्स) साइकिल में है, जिससे आर्थिक विकास (इकोनॉमिक ग्रोथ) को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। अगले साल केंद्र सरकार और लिस्टे ड कॉर्पोरेट खर्च बढ़ने का अनुमान है, जबकि राज्य का खर्च पिछड़ सकता है। कई सेक्टर में कॉर्पोरेट ऑर्डर बुक में विस्तार इस साइकिल की व्यापक प्रकृति को उजागर करता है। परियोजनाओं की संख्या पिछली बार 2017 में देखे गए स्तर पर पहुंच गई है। प्राइवेट सेक्टर की अनुमानित लागत दशक के हाई लेवल 55,122 अरब रुपये पर है।

फाइनेंशियल सर्विसेज की बढ़ती पहुंच: फाइनेंशियल सर्विसेज (वित्तीय सेवाएं) एक डाइवर्स सेक्टर है, जिसमें सब-कैटेगरीज में अलग-अलग प्रदर्शन देखने को मिलते हैं। बैंक क्रेडिट ग्रोथ और डिपॉजिट ग्रोथ के बीच अंतर कम हो रहा है, जिससे मार्जिन पर दबाव कम होने की उम्मीद है। बैंकिंग सेक्टर में हेल्दी रिटर्न रेश्योड देखने को मिल रहा है और बैंकों के पास पूंजी की उपलब्धता के स्तर में सुधार हुआ है, जिससे नई पूंजी की आवश्यकता कम हो गई है। बैंकिंग सेक्टर का वैल्यूएशन व्यापक बाजार की तुलना में उचित है और सार्वजनिक व निजी दोनों सेक्टर के बैंकों के लिए लॉन्गे टर्म एवरेज के करीब है।

रेलवे हर साल टिकटों पर 56993 करोड़ की सब्सिडी देता है

नई दिल्ली। लोकसभा में रेल यात्रियों की विभिन्न श्रेणियों को दी जाने वाली छूट बहाल करने के संबंध में पूछे गए विभिन्न प्रश्नों का उत्तर देते हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यदि टिकट की कीमत 100 रुपये है तो रेलवे इसके लिए सिर्फ 54 रुपये लेता है- यानी 46 प्रतिशत की छूट यात्री को दी जाती है। मंत्री ने आगे क्या कहा, आइए जानें। भारतीय रेलवे की ओर से सभी श्रेणी के यात्रियों को हर साल कुल 56,993 करोड़ रुपये की सब्सिडी दी जाती है, जिसमें प्रत्येक टिकट पर 46 प्रतिशत की छूट भी शामिल है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को

लोकसभा में यह जानकारी दी। लोकसभा में रेल यात्रियों की विभिन्न श्रेणियों को दी जाने वाली छूट बहाल करने के संबंध में पूछे गए विभिन्न प्रश्नों का उत्तर देते हुए वैष्णव ने कहा कि यदि टिकट की कीमत 100 रुपये है तो रेलवे इसके लिए सिर्फ 54 रुपये लेता है- यानी 46 प्रतिशत की छूट यात्री को दी जाती है। वैष्णव ने प्रश्नकाल के दौरान कहा, भारतीय रेलवे की ओर से सभी श्रेणी के यात्रियों को हर साल कुल 56,993 करोड़ रुपये की सब्सिडी दी जाती है।÷ रैपिड ट्रेन सेवा पर एक अन्य प्रश्न का उत्तर देते हुए उन्होंने कहा कि रेलवे ने भुज और अहमदाबाद के बीच पहले ही ऐसी सेवा- नमो भारत रैपिड रेल- शुरू कर दी है और इसकी उत्कृष्ट सेवा के कारण यात्रियों की संतुष्टि का स्तर बहुत ऊंचा है।

अधिकारियों के अनुसार नमो भारत रैपिड रेल ने भुज और अहमदाबाद के बीच 359 किलोमीटर की दूरी 5 घंटे 45 मिनट में तय करके, रास्ते में कई स्टेशनों पर रुकते हुए, दोनों शहरों के बीच संपर्क में सुधार किया है।

मौद्रिक नीति ... केंद्रीय बैंक ने लगातार 10वीं बार नीतिगत रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर बनाए रखा

बढ़ती महंगाई और घटती जीडीपी की चुनौतियों के बीच एमपीसी बैठक

नई दिल्ली। देश में नीतिगत दर निर्धारित करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक आज मुंबई में शुरू हुई। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता में तीन दिवसीय बैठक 6 दिसंबर तक चलेगी।

एमपीसी की यह बैठक घटती जीडीपी वृद्धि, अत्यधिक महंगाई और उत्पादन में गिरावट जैसी महत्वपूर्ण आर्थिक चुनौतियों के बीच हो रही है, ऐसे में इस बार आम लोगों के साथ-साथ बाजार की नजर टिकी हुई है। देश में नीतिगत दर निर्धारित करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक आज मुंबई में शुरू हुई। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता में तीन दिवसीय बैठक 4 दिसंबर से 6 दिसंबर तक चलेगी। आरबीआई गवर्नर 6 दिसंबर (शुक्रवार) को नीतिगत निर्णयों की घोषणा करेंगे। एमपीसी की यह बैठक महत्वपूर्ण आर्थिक चुनौतियों के बीच हो रही है, जिसमें अपेक्षा से कम जीडीपी वृद्धि, उच्च मुद्रास्फीति और उत्पादन स्तर में गिरावट शामिल है। इन हालातों में आम लोगों के साथ-साथ बाजार की भी चिंता बढ़ी हुई है। भारतीय कृषि अर्थशास्त्री और भारतीय अंतर्राष्ट्रीय



आर्थिक संबंध अनुसंधान परिषद के प्रोफेसर अशोक गुलाटी ने कहा कि सब्जियों की मुद्रास्फीति केंद्रीय बैंक के नियंत्रण से बाहर है। उन्होंने यह भी कहा कि दूसरी तिमाही के जीडीपी विकास के आंकड़े संकेत देते हैं कि आरबीआई अपनी नीतियों को समायोजित करने यानी रेपो रेट को कम करने जैसे फैसलों में देरी कर सकता है। हालांकि, अर्थशास्त्री ने जोर देकर कहा कि आरबीआई के लिए सुधारात्मक कार्रवाई करने का फैसला लेने में अभी बहुत देर नहीं हुई है।

गुलाटी ने एएनआई से कहा, टमाटर की कीमतों में वृद्धि ने आरबीआई को चिंता में डाला है। सब्जियों की कीमतों में वृद्धि को आरबीआई नियंत्रित नहीं कर सकता। रेपो दर में कमी करने की बात करें तो, दूसरी तिमाही के जीडीपी आंकड़े बताते हैं कि आरबीआई अभी रेपो रेट घटाने की स्थिति में नहीं है। अक्टूबर में आयोजित पिछली एमपीसी बैठक में, केंद्रीय बैंक ने लगातार 10वीं बार नीतिगत रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर बनाए रखा। स्थायी जमा सुविधा (एसडीएफ) दर को 6.25 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखा गया, जबकि सीमांत स्थायी सुविधा (एमएसएफ) दर और बैंक दर 6.75 प्रतिशत पर स्थिर रही। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर में खुदरा मुद्रास्फीति बढ़कर 6.21 प्रतिशत हो गई, जो आरबीआई की 6 प्रतिशत की ऊपरी सहनीय सीमा को पार कर गई।

अमेरिकी प्रतिबंध के जवाब में चीन का बड़ा फैसला, चिप बनाने वाली निर्यात रोका

नई दिल्ली। अमेरिकी वाणिज्य मंत्रालय ने दो दर्जन सेमीकंडक्टर बनाने वाले उपकरणों की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने और कई चीनी कंपनियों पर अमेरिकी प्रौद्योगिकी तक पहुंच पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की थी। अब चीन ने भी इसका करारा जवाब देते हुए सेमीकंडक्टर निर्माण में इस्तेमाल होने वाली कई प्रमुख खनिजों का अमेरिका को निर्यात रोकने का फैसला किया है। इससे दोनों देशों के बीच कारोबार से जुड़ा तनाव एक नए स्तर पर पहुंच गया है। चीन ने अमेरिका को गैलियम, जर्मेनियम और एंटीमनी जैसे खनिजों से संबंधित वस्तुओं के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया है। चीन ने इन उत्पादों के सैन्य उपयोग आशंका जताते हुए यह कार्रवाई की है। मंगलवार को चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। चीनी सरकार ने अमेरिका की ओर से अमेरिका में निर्मित सेमीकंडक्टरों पर नए निर्यात नियंत्रण लगाने की भी आलोचना की है। अमेरिकी वाणिज्य मंत्रालय ने दो दर्जन सेमीकंडक्टर बनाने वाले उपकरणों की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने और कई चीनी कंपनियों पर अमेरिकी प्रौद्योगिकी तक पहुंच पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की थी।

न्यूज़ गैलरी

अवैध धान परिवहन पर कार्रवाई जारी

महासमुंद/नवप्रदेश। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देश पर जिले में अवैध धान की तस्करी पर प्रभावी कार्रवाई सतत जारी है। कलेक्टर श्री लंगेह के निर्देशानुसार अवैध धान का परिवहन व भण्डारण करने वालों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा और ऐसे मामलों में संबंधित वाहन, धान और तस्करी में शामिल व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इसके अलावा, धान के अवैध कारोबार में शामिल व्यापारियों पर भी जुर्माना लगाया जा रहा है। निर्देशानुसार बिना उचित दस्तावेजों और अनुमति के धान परिवहन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है और ऐसे परिवहन को तुरंत जब्त किया जा रहा है। इसी क्रम में 3 दिसम्बर को स्टॉक से अधिक अवैध भण्डारण एवं अंतर्राष्ट्रीय 4 प्रकरणों पर कार्रवाई की गई। जिसमें कुल 181 बोरा (72.4 क्विंटल) धान जप्त किया गया। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि राजस्व, मंडी, खाद्य विभाग द्वारा जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में अवैध धान परिवहन के विरुद्ध 9 नवम्बर से सतत कार्रवाई जारी है। 3 दिसंबर तक कुल 76 प्रकरणों पर कार्रवाई की गई हैं। जिसमें 03 प्रकरण अंतर्राज्यीय तथा 73 प्रकरण राज्यीय है। कार्रवाई में 14168 बोरा धान (5653.60 क्विंटल) जप्त किया गया है। इस दौरान अवैध धान परिवहन में संलिप्त 06 वाहनों को भी जप्त किया गया है।

शराब पीकर वाहन चलाते 13 पर कार्यवाही

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा ऑपरेशन विश्वास के तहत जिले में सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम हेतु शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों की चेकिंग कर लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। इसी क्रम मे दिनांक 03.12.2024 को जिले में शराब पीकर वाहन चलाने वाले, वाहन चालकों के विरुद्ध पुलिस द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया है। इस दौरान संपूर्ण अभियान में पुलिस की अलग-अलग टीमों द्वारा एक साथ भारी वाहन, चारपहिया वाहन एवं दोपहिया वाहन चालकों की चेकिंग की गई। पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान में ब्रेथ एनलाइजर के माध्यम से परीक्षण कर 13 वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया है, जिनके विरुद्ध कार्यवाही कर उनके वाहन जप्त किया गया है। उक्त जप्त सभी 13 वाहनों को विधिवत कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों के ऊपर सख्ती से लगातार कार्यवाही की जा रही हैं। पुलिस आम नागरिकों से अपील करती हैं कि आप सभी यातायात के नियमो का पालन करें किसी भी स्थिति में शराब पीकर वाहन न चलावे।

सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 6 को

महासमुंद/नवप्रदेश। जिला पंचायत महासमुंद के सामान्य प्रशासन समिति की बैठक की शुक्रवार 6 दिसंबर 2024 को जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिला पंचायत अध्यक्ष उषा पटेल की अध्यक्षता में आयोजित की गई है। सामान्य प्रशासन समिति की बैठक दोपहर 11:00 बजे से होगी। बैठक में शिक्षा विभाग, जल संसाधन विभाग, पी.डब्ल्यू.डी, वन विभाग सहित अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी। सर्व संबंधितों को बैठक में जानकारी के साथ उपस्थित होने को कहा गया है।

बिलासपुर एयरपोर्ट के लिए 2.96 करोड़ मंजूर

रायपुर/नवप्रदेश। वित्त विभाग ने बिलासपुर एयरपोर्ट के एप्रन विस्तार और लाइटिंग उन्नयन के लिए 2 करोड़ 96 लाख रुपए से अधिक की मंजूरी दी है। छत्तीसगढ़ सरकार एयर कनेक्टिविटी को मजबूत करने और हवाई अड्डों के उन्नयन पर तेजी से काम कर रही है। एप्रन विस्तार के तहत रनवे के आसपास के क्षेत्र को बढ़ाया जाएगा, जिससे विमानों की पार्किंग और संचालन अधिक सुगम होगा। लाइटिंग सिस्टम का उन्नयन किया जाएगा, जिससे रात के समय विमान संचालन सुरक्षित और प्रभावी बनेगा। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने जानकारी दी कि नाइट लैंडिंग के लिए जरूरी तकनीकी उपकरण, जैसे डीवीओआर, दक्षिण कोरिया से मंगाए जा रहे हैं। इनमें से एक मशीन एयरपोर्ट पर पहुंच चुकी है और असेंबलिंग का काम जारी है।

8 परिवारों को 32 लाख रूपए की आर्थिक सहायता

जगदलपुर /नवप्रदेश। कलेक्टर श्री हरिस एस. द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत् प्राकृतिक आपदा पीड़ित 8 परिवारों को 32 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके तहत् तहसील बकावंड ग्राम छिनारी निवासी धनात्री बघेल मृत्यु गड्डे के पानी में डूबने से पिता लम्बूधर को, तहसील लोहाण्डीगुड़ा ग्राम तारागाव निवासी गुड्डू की मृत्यु तलाब के पानी मे डुबने से पत्नि दसरी को, तहसील बकावण्ड ग्राम मोंगरापाल निवासी मनीराम बघेल की मृत्यु रायकेरा नाला के पानी में डूबने से पत्नि आरावती को, तहसील जगदलपुर ग्राम सुलियागुड़ा पारा कुरंदी निवासी प्रीति बघेल की मृत्यु साप काटने से पिता श्री शंखनाथ बघेल को, तहसील नानगुर ग्राम हाटपदमूर निवासी तुलसा बघेल की मृत्यु तलाब के पानी मे डुबने से पति श्री बुधराम बघेल को, तहसील बस्तर ग्राम खोटलापाल निवासी सुदूराम की मृत्यु साप काटने से पत्नि श्रीमती फुलोबाई को, तहसील बास्तानार ग्राम कापानार निवासी कोयड़े की मृत्यु साप काटने से पति आयतू को, तहसील भानपुरी ग्राम बोडन्नपाल-2 निवासी सामूराम की मृत्यु साप काटने से पत्नि कनक कश्यप को सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है।

अवैध धान रोकने निगरानी दल गठित

कोरबा/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन अवधि के दौरान जिले के उपार्जन केंद्रों में अवैध धान के आवक पर नियंत्रण हेतु एवं कोचियों/बिचैलियों से अवैध धान खरीदी पर सतत् निगरानी रखने के लिए जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में चेकपोस्ट का गठन कर प्रभारी अधिकारी एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। निर्मित चेकपोस्ट में संबंधित तहसील के तहसीलदार को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। कुल 09 चेकपोस्ट बनाए गए हैं, जिसमेंकुदमुरा चेकपोस्ट में कर्मचारी के रूप में जतेन्द्र सिंह कंवर पटवारीकुदमुरा, राजेश कुमार बैरागी, सचिव अमित सारथी रोजगार सहायक एवं रामदास महंत कोटवार कुदमुरा षामिल हैं। लबेद चेकपोस्ट में कर्मचारी सचिव लबेद गंगाप्रसाद साहू, सचिव सुपातरई दशरथ मार्को, रोजगार सहायक लबेद राजूराम पटेल, कोटवार लबेद अश्वनी चौहान शामिल हैं। कनकी चेकपोस्ट में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी उरगा रामलाल कंवर, सचिवकनकी एल.एन.सिंह राजपूत, सचिव गुमिया खिलेष कुमार, कोटवार कनकी विनोद कुमार सारथी षामिल हैं।

हर घर नल, हर घर जल: जल जीवन मिशन ने बदली ग्रामीणों की जिंदगी

कोरिया के 13 गांवों में पहुंचा साफ पानी, हजारों परिवारों को मिली राहत

कोरिया /नवप्रदेश। पानी, जो जीवन का आधार है, उसकी कमी से जूझते ग्रामीण अब राहत की सांस ले रहे हैं। राज्य सरकार की जल जीवन मिशन योजना ने कोरिया जिले के सैकड़ों घरों में स्वच्छ पेयजल पहुंचाकर न केवल जीवन को सरल बनाया है, बल्कि ग्रामीणों की दिनचर्या में बड़ा बदलाव भी लाया है।

सुंदरी की मुस्कान में छलकी खुशी

सोनहत विकासखंड के पोड़ी ग्राम पंचायत के सुंदरी के लिए यह योजना किसी वरदान से कम नहीं। पहले उन्हें दूरदराज के कुओं और तालाबों से पानी लाना पड़ता था, जिससे न केवल समय, बल्कि मेहनत भी बहुत लगती थी। लेकिन अब घर में लगे नल से साफ पानी मिलने से उनकी जिंदगी आसान हो गई है। वे कहती हैं, 'अब मुझे बच्चे को छोड़कर पानी लाने की चिंता नहीं करनी पड़ती। यह सरकार का बड़ा उपहार है।'

किचकिच से मुक्तिः मानसिंह का बदला जीवन

ग्राम कछवाखोह के मानसिंह बताते हैं कि उनके लिए घर में नल लगने का सपना कभी हकीकत नहीं लग रहा था। पानी की किल्लत और आपसी झगड़ों ने उनके जीवन को कठिन बना रखा था। लेकिन जल जीवन मिशन के तहत उनके घर तक नल कनेक्शन पहुंचा, और अब पानी की किचकिच से छुटकारा मिल गया है। मानसिंह भावुक होकर कहते हैं, यह हमारे लिए किसी चमत्कार से कम नहीं।

आंकड़ों में उपलब्धि -

कोरिया जिले के 13 गांवों में 1477 घरों तक नल कनेक्शन पहुंच चुका है और हजारों ग्रामीणों को स्वच्छ और सुरक्षित पानी की सुविधा मिल रही है।

कलेक्टर द्वारा लगातार इसकी मॉनिटरिंग की जा रही है जहाँ खामियां है, उसे दूर किया जा रहा है और जिले के अन्य गांवों व घरों में भी शीघ्र नल कनेक्शन व पानी मिले इस पर कार्य किया जा रहा है। जल जीवन मिशन के माध्यम से ग्रामीण इलाकों में न केवल पानी की समस्या का समाधान किया है, बल्कि उनके जीवन स्तर को भी ऊंचा उठाया है। इस पहल के लिए कोरिया जिले के ग्रामीण प्रशासन और अधिकारियों को जनता की ओर से धन्यवाद मिल रहा है।

जल जीवन मिशन का असर

यह योजना न केवल जल संकट से राहत दिला रही है, बल्कि स्वास्थ्य, स्वच्छता और समय की बचत जैसे कई आयामों में ग्रामीणों की जिंदगी को बेहतर बना रही है। इन गांवों के लोग अब गर्व से कह सकते हैं, 'हर घर नल, हर घर जल।

4 डिग्री तक लुढ़केगा पारा; बस्तर संभाग में 3 दिन बरसात

फेंगल का असर खत्म, अगले चार दिनों में बढ़ेगी ठंड

रायपुर/नवप्रदेश। फेंगल तूफान का असर खत्म होने के बाद छत्तीसगढ़ में मौसम साफ होने लगा है। इससे अब रात में ठंड बढ़ेगी। मौसम विभाग का कहना है कि अगले तीन-चार दिनों तक रात के तापमान में लगातार गिरावट का दौर रहेगा। इससे राज्य के कई इलाकों में कड़ाके की ठंड पड़ सकती है।

वहीं, बस्तर में अगले तीन दिन हल्के बादल रहने और गरज-चमक के साथ बौछारें पडऩे की संभावना है। तूफान और उसका असर खत्म होने के बाद समुद्र में बने सिस्टम से प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में पिछले दो-तीन दिनों से बारिश और बादल रहे, जिससे दिन और रात का पारा सामान्य से ज्यादा बना हुआ है।

सरगुजा में रात का तापमान : सरगुजा संभाग सबसे ठंडा है यहां न्यूनतम तापमान 10 से 15 डिग्री के बीच बना हुआ है। मंगलवार को बलरामपुर में रात का तापमान 10.9 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। वहीं सरगुजा में रात का तापमान 15.6 डिग्री रहा। सूरजपुर में 13.9 डिग्री, कोरिया में 13.9 डिग्री टेंपरेचर रहा।

दिसंबर के दूसरे हफ्ते से फिर ठंड : मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक अगले चार दिनों तक रात के तापमान में गिरावट का दौर जारी रहेगा। दिसंबर के दूसरे सप्ताह से रायपुर समेत पूरे प्रदेश में एक बार फिर ठंड पड़ेगी।

रायपुर में ऐसा रहा मौसम

आज बादल छाए रहने की संभावना है। दिन का तापमान 30 डिग्री के आसपास ही रहेगा। लेकिन रात के तापमान में थोड़ी गिरावट आ सकती है। मंगलवार को दिन का तापमान 30 डिग्री पहुंच गया, जो नॉर्मल से 1.5 डिग्री अधिक था।

बिलासपुर संभाग में जीपीएम सबसे ठंडा

गौरेला पेंड्रा मरवाही में न्यूनतम तापमान 13.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। कोरबा में रात का तापमान 19 डिग्री रहा। मुंगेली में 21.2 डिग्री । बिलासपुर में रात का तापमान 20.6 डिग्री रहा जो सामान्य से 6.6 डिग्री अधिक था।

धान खरीदी केंद्रो में आधार अपडेशन के लिए शिविरों का आयोजन

जिला प्रशासन की अपीलः लाभार्थी बड़ी संख्या में पहुंच कर लाभ उठाएं

कोरिया/नवप्रदेश। जिले में 'वन नेशन, वन राशनकार्ड' योजना के तहत ई-केवाईसी प्रक्रिया को शत-प्रतिशत पूर्ण करने के उद्देश्य से आधार अपडेशन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर छिन्दडांड़, पटना, सरभोका, कटगोड़ी, सोनहत, बंजारीडांड और जिल्दा के धान उपार्जन केंद्रों पर आयोजित किया जा रहा है।

शिविर में क्या होगा?- इस शिविर का उद्देश्य उन राशनकार्ड धारकों के आधार अपडेशन को पूरा करना है, जिनकी प्रक्रिया अभी लंबित है। जिला खाद्य विभाग ने सभी लाभार्थियों से अपील की है कि वे अपने और परिवार के सभी सदस्यों के आधार कार्ड के साथ शिविर में पहुंचें। बुजुर्ग और दिव्यांगजनों के लिए भी यहां विशेष सहायता उपलब्ध होगी।

शिविर का महत्व- शिविर में आधार अपडेशन प्रक्रिया पूरी करने के बाद लाभार्थी सार्वजनिक वितरण प्रणाली (च्वक्) के तहत राशन की निर्बाध सुविधा प्राप्त कर सकेंगे। यह कदम राशन वितरण में पारदर्शिता और सुविधा सुनिश्चित करने की दिशा में अहम है।

जिला प्रशासन की अपील- जिला प्रशासन ने सभी लाभार्थियों से आग्रह किया है कि वे इस विशेष शिविर का लाभ उठाएं और समय पर अपनी जानकारी अपडेट कराएं। इससे उन्हें भविष्य में राशन प्राप्त करने में किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा।

वन नेशन, वन राशनकार्ड योजना- यह योजना लाभार्थियों को देशभर में किसी भी राज्य में सार्वजनिक वितरण प्रणाली से राशन प्राप्त करने की सुविधा देती है। ई-केवाईसी प्रक्रिया को पूरा करना इस योजना का एक अनिवार्य हिस्सा है।

छत्तीसगढ़वासियों को लग रहा बिजली का जोरदार झटका

महंगी बिजली से उपभोक्ताओं के जेब हो रही खाली

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेशभर के बिजली उपभोक्ताओं को लगातार चौथे माह भी महंगी बिजली का झटका लगा है। अब अक्टूबर की बिजली तीन फीसदी महंगी हो गई है। जून से लगातार कीमत में इजाफा होने के कारण बीते चार माह में बिजली की कीमत करीब 17 फीसदी बढ़ी है। प्रदेश में अब तक बिजली उपभोक्ताओं से वीसीए के स्थान पर उत्पादन लागत के अंतर की राशि को उपभोक्ताओं से वसूलने के लिए नया फार्मूला फ्यूल पॉवर परचेज एडजस्टमेंट सरचार्ज (एफपीपीएएस) लागू है। सबसे पहले पिछले साल अप्रैल में पहली बार नया फार्मूला लागू होने पर शुल्क 5.30 प्रतिशत लिया गया। इसके बाद मई में 10.29 प्रतिशत, जून में 14.23, जुलाई में 11.43, अगस्त में शुल्क 10.31 प्रतिशत रहा। सितंबर और अक्टूबर में विधानसभा चुनाव की आचार संहिता के कारण अगस्त का शुल्क लिया गया। बाद में सितंबर और अक्टूबर की कीमत तय होने पर इसका समायोजन किया गया। नवंबर में शुल्क कम होकर 7.04 प्रतिशत हो गया। दिसंबर में यह शुल्क 6.30 प्रतिशत था। नए साल के पहले माह जनवरी में यह शुल्क 6.70 प्रतिशत, फरवरी में 10.12, मार्च में 7.20 फीसदी, अप्रैल में 9.22 और मई में यह घटकर 9.10 फीसदी हो गया। इसके बाद जून में यह सबसे कम 0.69 फीसदी हो गया था। लेकिन इसके बाद जुलाई से लगातार इसमें इजाफा हो रहा है। जुलाई में यह 4.72 फीसदी हुआ। यानी जुलाई में बिजली चार फीसदी महंगी हुई। इसके बाद अगस्त में बड़ा झटका और यह 11.95 फीसदी हो गया। यानी अगस्त में बिजली की कीमत में 7.23 फीसदी का इजाफा हुआ। सितंबर में ऊर्जा प्रभार पर शुल्क 14.23 होने के कारण इस माह 2.28 फीसदी बिजली की कीमत बढ़ी और अब अक्टूबर में ऊर्जा प्रभार पर शुल्क 17.31 प्रतिशत होने के कारण कीमत में 3.08 फीसदी का इजाफा हो गया है।

उम्मीद की किरण बनी सीएम विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना

योजना का लाभ लेकर जॉयना ने दी ब्रेस्ट कैंसर को मात

कोरबा/नवप्रदेश। आज से करीब 14 माह पहले जब मुझे पता चला कि मुझे असाध्य बीमारी कैंसरहै, तो ऐसा लगा कि मानो मेरे पैरों के नीचे से जमीन ही खिसक गई हो। फिर कैंसर से जिंदगी की जद्दोजहद शुरू हो गई। इस बड़ी बीमारी से लडऩे के लिए साहस तो मेरे पास था, लेकिन पैसों की कमी मेरे इलाज की राह में रोड़ा बन रहा था। ऐसी विकट परिस्थिति में मुख्यमंत्री विषेष स्वास्थ्य सहायता योजना से मिला लाभ मेरे और मेरे परिवार के लिए अंधेरे में उम्मीद की किरण बन कर आई है। इससे मेरा बेहतर इलाज हो पाया और आज मैं पूरी तरह स्वस्थ जीवन व्यतीत कर रही हूं। यह कहना है ब्रेस्ट कैंसर जैसे गंभीर बीमारी को मात देने वाली 46 वर्षीय श्रीमती जॉयना मसीह का।

कोरबा शहर के पोड़ीबहार निवासी जॉयना मसीह को एक दिन अचानक महसूस हुआ कि उनके सीने में दाईं तरफ एक गांठ हैं। उन्होंने गांठ की जांच कराई तो पता चला उन्हें ब्रेस्ट कैंसर है। जॉयना के पास पैसों की कमी थी और कैंसर का इलाज महंगा था। उनके रिश्तेदार ने बताया कि मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना से कैंसर रोग के इलाज के लिए आर्थिक रूप से मदद मिल सकती है।

कृषक उन्नति योजना : किसान हितैषी विष्णुदेव सरकार का दिल से किया धन्यवाद

धान की बोनस राशि ने बेटी की शादी में लगाए चार चांद

धमतरी /नवप्रदेश। बेटी की शादी करना एक पिता के लिए बहुत बड़ी जिम्मेदारी और चुनौति होती है। वह भी एक किसान परिवार में जन्मी बेटी की शादी में किसी तरह की कोई कसर ना रह जाए, इसकी चिंता बेटी की डोली घर से उठते तक पिता को सताती है। पर अब प्रदेश के मुखिया विष्णु देव साय ने ऐसे बेटियों के पिता की चिंता को दूर कर दिया।

दरअसल जिले के ग्राम भटगांव के किसान लोकेश राम साहू की बिटिया की शादी के ठीक पहले उन्हें कृषक उन्नति योजना के तहत बोनस राशि मिली। वे बताते हैं कि कृषक उन्नति योजना ने उनकी बेटी की शादी में चार चांद लगा दिया है। उन्होंने कहा कि उनकी एक एकड़ 30 डिस्मिल जमीन है, जिस पर उपजाए लगभग 26 क्विंटल 80 किलोग्राम धान का विक्रय समर्थन मूल्य पर किया। उन्हें कृषक उन्नति योजना के तहत लगभग 25 हजार रूपये बोनस राशि मिली, वह भी तब जब उनकी बिटिया की शादी होने वाली थी। किसान लोकेश राम साहू खुश होकर प्रदेश के मुखिया श्री विष्णु देव साय का धन्यवाद करते हुए कहते हैं कि किसान के हित में हमारे मुख्यमंत्री इतना अच्छा फैसला लिए हैं, जिससे उनकी बिटिया की शादी में चार चांद लग गए। कृषक उन्नति योजना के माध्यम से राज्य के किसानों से समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान में 19 हजार 257 रूपए प्रति एकड़ आदान सहायता राशि दी जा रही है। किसानों को धान के प्रति क्विंटल के मान से भुगतान की जा रही यह राशि देश में सर्वाधिक है। कृषि के क्षेत्र में सम्पन्नता से ही छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी और विकसित राज्य बनाने का सपना साकार होगा। इस बात को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने किसान हितैषी कृषक उन्नति योजना आरंभ किया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर प्रथम तल, अग्रदूत बिल्डिंग, रजबंधा मैदान, रायपुर से प्रकाशित, फोन : 0771-3526755, 6262188999